आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:58 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 2 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 318, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आर्थिक युद्ध का कृत्य था पहलगाम हमला 14

मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर 13

## हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ प्राथमिकी

शिमला, एजेंसी



- एनएचएआई अधिकारियों पर हमला करने का मामला

हिमाचल प्रदेश के मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर एनएचएआई के दो अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में मंगलवार को मामला दर्ज किया गया।

मंत्री के खिलाफ एनएचएआई के दो अधिकारियों पर उस स्थान का निरीक्षण करने के दौरान हमला करने का आरोप है, जहां पांच मंजिला एक इमारत ढह गई थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्मचारी अचल जिंदल की शिकायत पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अचल जिंदल फोर-लेन परियोजना के प्रबंधक हैं। जिंदल ने आरोप लगाया है कि सिंह ने उन्हें और उनके साइट इंजीनियर योगेश को एक कमरे में बुलाया और उनके साथ मारपीट की। एनएचएआई के दोनों कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए मंत्री से संपर्क नहीं हो सका।

# स्वस्थ और विकसित भारत से ही हम बनेंगे विश्व गुरु : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने गोरखपुर में किया प्रदेश के पहले आयुष विवि का लोकार्पण, पारंपरिक जीवनशैली अपनाने की सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज हर क्षेत्र में भारत का विश्व में डंका बज रहा है। स्वास्थ्य को संपदा बताते हुए इसे ठीक रखने पर जोर दिया। कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, इसके लिए आज से ही हमें प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व विकसित भारत से ही हम विश्व गुरु बन सकते हैं। शिक्षा, चिकित्सा समेत अन्य क्षेत्र और संस्थान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश में खेतों व जंगलों में आज भी जड़ी-बूटियों का खजाना मौजूद है। अरिष्ट व आसव औषधियों की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होती। 100 वर्ष से अधिक आयु तक सभी इंद्रियों को समर्थ बनाए रखने के लिए प्राचीन विधियां प्रमाणित करती हैं कि पारंपरिक जीवनशैली बहुत अच्छी थी। हमें उसका अनुसरण करना पड़ेगा।



आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के बाद चित्र प्रदर्शनी देखतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

राष्ट्रपति मंगलवार को गोरखपुर में 52 एकड़ में 268 करोड़ की लागत से बने देश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण समारोह आयुष पद्धतियों के पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण उत्सव है। आयुष में समाहित आयुर्वेद, योग और सिद्ध पद्धतियां विश्व समुदाय को भारत की अनमोल सौगात है। भगवान धन्वंतरि, चरक, सुश्रुत के योगदान की चर्चा करते कहा कि इन पद्धतियों की वैज्ञानिक स्वीकार्यता को बढ़ाने में भी ऐसे विश्वविद्यालय का योगदान रहेगा। राष्ट्रपति ने भाषण की शुरूआत में महायोगी गुरु गोरखनाथ की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली महापुरुष भारत में दोबारा नहीं हुआ। उन्होंने इस योग भूमि और नाथ पंथ के संतों-मनीषियों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि तपस्या, साधना और अध्यात्म की यह धरती आत्मगौरव व राष्ट्रप्रेम की आधार भूमि भी है।

### हर जिले में बनेगा आयुष वेलनेस सेंटर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश को पहले आयुष विश्वविद्यालय का उपहार देने के बाद सरकार जन आरोग्यता के लिए हर जिले में 100 बेड का आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाएगी। यहां पंचकर्म, क्षारसूत्र जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने प्रदेश के उन छह मंडलों में मंडल मुख्यालय स्तर पर एक-एक आयुष महाविद्यालय बनाने का निर्णय लिया है जो अब तक ऐसे महाविद्यालय की सुविधा से वंचित थे।

# रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी, नई खेल नीति पर भी मुहर

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने विकास से जुड़ी कई योजनाओं को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- रोजगार प्रोत्साहन योजना पर खर्च किए जाएंगे 1.07 लाख करोड़ रुपये

मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंगलवार को मंजूरी दे दी। यह योजना खासतौर पर निर्माण क्षेत्र पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, निर्माण क्षेत्र को मजबूती और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई खेल नीति पर भी मुहर लगा दी है।

अनुसंधान और विकास में निजी निवेश बढाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है। इनके अलावा कैबिनेट ने कई अन्य विकासपरक योजनाओं को हरी झंडी दिखाई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने



बताया कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) का मकसद सेवानिवृत्ति निधि निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से अगले दो वर्ष में 3.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य दो साल में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहन देना है। इसके अलावा यह योजना पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन देगी। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पर रखे गए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपये तक) मिलेगा।

वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए लाभ को और दो साल के लिए बढ़ा दिया जाएगा। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल एवं अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी। इसका कुल बजट परिव्यय दो लाख करोड़ रुपये था। इस योजना का लाभ एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा।

### भारत को शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने की दिशा में पहल

**नई दिल्ली।** विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खेलो भारत नीति को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य देश को 2036 ओलंपिक के लिए मजबूत दावेदार बनाने के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ कोचिंग और खिलाड़ियों के समर्थन के मामले में 'विश्व स्तरीय प्रणाली' तैयार करना है। पहले इसे राष्ट्रीय खेल नीति कहा जाता था और 1984 में पहली बार पेश किया गया था। खेलो भारत नीति 2025 अब 2001 की नीति का स्थान लेगी। यह देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए योजनाओं को तैयार करने के लिए एक 'मार्गदर्शक दस्तावेज' है।

### अनुसंधान, विकास में निजी निवेश बढ़ाने की योजना को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अनुसंधान में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना को भी मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य उभरते क्षेत्रों तथा आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य व आत्मनिर्भरता के लिए प्रासंगिक अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अनुसंधान, विकास और नवाचार में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर लंबी अवधि के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण देना है।

# जीएसटी ऐतिहासिक सुधार, आर्थिक परिदृश्य को दिया नया आकार : मोदी

## जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री

- कहा-छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था एक ऐतिहासिक सुधार है जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है। उन्होंने जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने के मौके पर 'एक्स' पर लिखा कि अनुपालन बोझ को कम करके, इसने खासकर छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया है। जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।

सरकार ने कहा कि 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को बताती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि माल एवं सेवा कर के लागू होने के बाद से सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है। यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

### सकल जीएसटी संग्रह जून में 1.84 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पिछले महीने 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा। सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व जून में 34,558 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी राजस्व करीब 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा।

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी दर में 58.5 रुपये की कटौती

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में मंगलवार को 7.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई जबकि वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 58.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 58.5 रुपये की कटौती की है। अब दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत प्रति सिलेंडर 1,665 रुपये और मुंबई में 1,616.50 रुपये होगी। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 853 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। अप्रैल में घरेलू रसोई गैस की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के अपने कर्मचारियों की सीधी नियुक्ति और पदोन्नति के लिए एक औपचारिक आरक्षण नीति पेश की है। इस निर्णय की सूचना 24 जून को जारी एक परिपत्र में उच्चतम न्यायालय के सभी कर्मचारियों को दी गई। परिपत्र कहा गया है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर को सुपनेट पर अपलोड कर दिया गया है तथा इसे 23 जून से प्रभावी कर दिया गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे इसकी सूचना रजिस्ट्रार (भर्ती) को दे सकते हैं। प्रभावी मॉडल रोस्टर के अनुसार, एससी श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में 15 प्रतिशत और एसटी को 7.5 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। आरक्षण का लाभ रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायकों, सहायक लाइब्रेरियन, कनिष्ठ अदालत सहायकों और चैंबर अटेंडेंट को मिलेगा।

# रेल यात्रियों को अब एक ही जगह सभी सुविधाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया मोबाइल एप रेलवन

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रेलवन मोबाइल एप्लीकेशन की शुरुआत की जिससे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना बनाने, रेल सहायता सेवाएं और भोजन बुकिंग जैसी कई सेवाओं तक आसान पहुंच में मदद मिलेगी। वैष्णव ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) के 40वें स्थापना दिवस समारोह में इस एप की शुरुआत की। यह एप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस एप स्टोर, दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

एप के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए मंत्रालय ने कहा कि यह उपयोगकर्ताओं को सरल और



स्पष्ट यूजर इंटरफेस के माध्यम से बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। इसमें न केवल सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं, बल्कि सेवाओं के बीच एकीकृत कनेक्टिविटी भी है, जिससे उपयोगकर्ता को भारतीय रेलवे सेवाओं का समग्र पैकेज मिलता है। एप सिंगल साइन-ऑन है, जिससे उपयोगकर्ताओं को कई पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता नहीं रहती। रेलवन एप डाउनलोड करने के बाद, कोई भी व्यक्ति रेल कनेक्ट या यूटीएसऑनमोबाइल एप की मौजूदा आईडी से लॉग इन कर सकता है। इससे अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग एप रखने की आवश्यकता नहीं रहती, जिससे डिवाइस स्टोरेज की बचत होती है। आर-वॉलेट (रेलवे ई-वॉलेट) सुविधा भी एप में जोड़ी गई है। संख्यात्मक एमपिन व बायोमेट्रिक लॉगिन जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं।

### टिकट बुकिंग से लेकर ढेरों सुविधाएं मिलेंगी

रेल मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि रेलवन एप पर यात्रियों की सभी जरूरतों का समाधान उपलब्ध होगा। इस एप से यात्रियों को आरक्षित, अनारक्षित टिकटिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल सहायता सेवाएं, ट्रेन में भोजन की बुकिंग के साथ माल ढुलाई से संबंधित पूछताछ की सुविधा भी उपलब्ध है।

### केवल पूछताछ करने के लिए अतिथि लॉगिन

नए उपयोगकर्ताओं के लिए न्यूनतम जानकारी देकर पंजीकरण करने का प्रावधान है, जिससे पंजीकरण प्रक्रिया आसान और तेज हो जाती है। जो उपयोगकर्ता केवल पूछताछ करना चाहते हैं, वे अपने मोबाइल नंबर और ओटीपी के साथ अतिथि लॉगिन के माध्यम से भी लॉग इन कर सकते हैं।


### फिर स्कूल पहुंचे हम...



गर्मी की छुट्टियों के बाद मंगलवार एक जुलाई से सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल खुल गए। विद्यालय पहुंचे बच्चों का रोली-चंदन लगाकर स्वागत किया गया। कुछ ऐसा ही नजारा लखनऊ में गोमती नगर के एक स्कूल में भी देखने को मिला, जहां बच्चों का शिक्षकों ने चंदन रोली लगाकर स्वागत किया। ● अमृत विचार

# दिल्ली में पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी




- पेट्रोल पंपों पर रीडर कैमरे लगाए गए, तैनात किए गए जांच दल

दिल्ली में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध की शुरुआत हुई। दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में करीब 350 पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे (एएनपीआर) लगाए हैं।

परिवहन विभाग ने अपने संगठन, दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक विस्तृत तैनाती योजना तैयार की है। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की कई टीमों को दक्षिण दिल्ली के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर तैनात किया गया है। यह अभियान मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुआ, जिसमें 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल चालित वाहनों और 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों को ईंधन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# किसी से आई लव यू कहना यौन इच्छा प्रकट करना नहीं

## बंबई उच्च न्यायालय ने कहा- यह केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति, आरोपी व्यक्ति की सजा रद्द की

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी 35 वर्षीय व्यक्ति को बरी करते हुए कहा कि आई लव यू कहना केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति है, न कि यौन इच्छा प्रकट करना।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के की पीठ ने सोमवार को पारित अपने आदेश में कहा कि किसी भी यौन कृत्य में अनुचित स्पर्श, जबरन कपड़े उतारना, अभद्र इशारे या महिला की गरिमा को ठेस



पहुंचाने के इरादे से की गई टिप्पणी शामिल है।

शिकायत के अनुसार, आरोपी नागपुर में 17 वर्षीय लड़की के पास गया, उसका हाथ पकड़ा और आई लव यू कहा। नागपुर की एक सत्र अदालत ने 2017 में आरोपी को भारतीय दंड संहिता और बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया था और तीन साल के कारावास की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द करते हुए कहा कि ऐसी कोई परिस्थिति नहीं पाई गई जिससे यह संकेत मिले कि उसका वास्तविक इरादा पीड़िता के साथ यौन संपर्क स्थापित करना था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जब लड़की स्कूल से घर लौट रही थी, तो उस व्यक्ति ने उसका हाथ पकड़ लिया, उसका नाम पूछा और आई लव यू कहा।

लड़की वहां से भाग निकलने में सफल रही और घर जाकर अपने पिता को घटना के इसके बारे में बताया, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह मामला छेड़छाड़ या यौन उत्पीड़न के दायरे में नहीं आता।

### यौन उद्देश्य साबित करने को ठोस आधार जरूरी

उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू जैसे शब्द अपने आप में यौन इच्छा (प्रकटीकरण) के बराबर नहीं होंगे, जैसा कि विधायिका द्वारा परिकल्पित है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू कहने के पीछे यदि यौन उद्देश्य था, तो उसे साबित करने के लिए कुछ ठोस और अतिरिक्त संकेत होने चाहिए, केवल इतना कहना पर्याप्त नहीं है। अदालती आदेश में कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति यह कहता है कि वह किसी से प्रेम करता है या अपनी भावनाएं व्यक्त करता है, तो केवल इतना भर कह देने से इसे किसी प्रकार के यौन इरादे के रूप में नहीं देखा जा सकता।

## एक नजर

### रेल किराए में वृद्धि जनविरोधी : महानगर अध्यक्ष

अयोध्या, अमृत विचार : कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने केंद्र सरकार से रेल किराए में वृद्धि की निंदा की है। कहा कि यह फैसला महंगाई की मार झेल रही आम जनता के लिए जनविरोधी है। मोदी सरकार से लगातार पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य पदार्थों और अब रेल यात्रा को भी महंगा कर देने की नीति यह दर्शाती है कि सरकार आम जनता के हितों के बजाय केवल मुनाफाखोरी और निजीकरण को बढ़ावा दे रही है।

### कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक चार को

अयोध्या, अमृत विचार : जिला एवं महानगर कांग्रेस पार्टी के सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर चार जुलाई को सुबह 11 बजे होगी। कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया नवनियुक्त पदाधिकारियों को बैठक में नियुक्ति पत्र देकर शपथ दिलाई जाएगी।

# भाजपा के 11 साल के शासन का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-चुनाव की तैयारी में जनसंपर्क और जनसंवाद को प्राथमिकता

अयोध्या कार्यालय



रामलला का दर्शन-पूजन कर परिवार के साथ वापस आते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के 11 साल के शासन का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा गया है। आम लोग खुश है। अब आगामी चुनाव की तैयारी में जनसंपर्क और जन संवाद को प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यकर्ता घर-घर संवाद स्थापित कर रहे हैं। वह मंगलवार को सपरिवार अयोध्या पहुंचे। हनुमानगढ़ी और रामलला का आशीर्वाद लिया।

दर्शन के बाद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि भारत अपनी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के आधार पर आगे बढ़े। बताया कि संगठन के अंतिम चरण के गठन के तहत कई ज़िलों में अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है, जल्द ही प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी चुनाव होंगे।

**सपरिवार अयोध्या पहुंचे, रामलला का लिया आशीर्वाद**

इससे पूर्व उनके यहां पहुंचने पर सरयू अतिथि गृह में भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। जन्मदिन पर जिला पंचायत अध्यक्ष को उन्होंने शुभकामनाएं दी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव और जिलाध्यक्ष संजीव सिंह से संगठन के चल रहे अभियानों और पूर्ण हो चुके अभियानों के बारे में जानकारी ली। पार्टी से चलाए जा रहे कार्यक्रमों में जनता से संपर्क व योजनाओं पर चर्चा का निर्देश दिया। महापौर के आवास पहुंचे और कार्यकर्ता से मुलाकात की। इस मौके पर अवधेश पांडेय बादल, शैलेन्द्र कोरी, सुनील तिवारी शास्त्री, डॉ. अवधेश वर्मा, अमल गुप्ता, अभय सिंह सहित अन्य लोग थे।

## मोदी के सत्ता में आने के बाद बढ़ा भारत का सम्मानः सुरेश



**वित्त मंत्री ने कहा-8 साल में 204 करोड़ पौधे रोपित इसमें 70 फीसदी जीवित**

हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करते वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग के मंत्री सुरेश खन्ना।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मंगलवार को कहा कि जब से पीएम मोदी सत्ता में आए भात का सम्माव बढ़ा है। वह हनुमानगढ़ी और राममंदिर में दर्शन पूजन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राम लला और उनके अनन्य भक्त हनुमान जी का दर्शन करने के लिए अयोध्या आया हूं। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति में हम जापान को पीछे करके चौथे नंबर पर पहुंच गए। बहुत जल्दी अर्थव्यवस्था को लेकर हम तीसरे नंबर पर पहुंचेंगे। यह हमारे राजनीतिक नेतृत्व का कमाल है। 2027 के चुनाव को लेकर बोले बीजेपी में एक चुनाव समाप्त होने के बाद दूसरे की तैयारी शुरू हो जाती है। राम मंदिर निर्माण को लेकर उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया आह्लादित है। मोदी और योगी को दुनिया प्रणाम करती है। बोले कि एक हजार साल के बाद हिंदुस्तान का गौरव वापस आया है। पौधरोपण अबियान को लेकर उन्होंने कहा कि जब से योगी सरकार आई है इन आठ वर्षों में 204 करोड़ पौधे रोपित किए गए। इसमें से 70 फासदी से ज्यादा पेड़ जीवित है। वातावरण शुद्ध रहे और एयर क्वालिटी इंडेक्स ठीक रहे। इसके लिए पौधरोपण किया जाता है। पेड़ों से हमको छाया और फल मिलता है।

# पॉवर कॉर्पोरेशन में कुंडली मार कर बैठा है बाबुओं का कॉकस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पॉवर कॉर्पोरेशन में बाबुओं का कॉकस कुंडली मारे बैठा हुआ है। स्थान्तरण नीति को धता बताते हुए कोई 10 तो कोई 15 साल से डटा है। यही नहीं अभी तक कई अभियंता रिलीव तक नहीं किए गए हैं।

विभाग के सूत्रों के अनुसार वर्षों से विभिन्न मलाईदार पटलों पर जमे बाबुओं को आज तक इधर से उधर तक नहीं किया गया तबादला तो दूर की बात है। अयोध्या जोन में पांच बाबू ऐसे हैं जो 15 साल से एक ही सीट पर जमे हुए हैं। वह भी एक कार्यालय में, जबकि इसी कार्यालय के दो दिव्यांग और एक विधवा कर्मी का तबादला गैर जनपद कर दिया गया है। विद्युत वितरण खंड अयोध्या धाम में तो एक बाबू की पोस्टिंग अम्बेडकरनगर जिले में है, लेकिन वह आज तक यहीं जमे हुए हैं। उनका तबादला वर्ष 2019 में ही किया जा चुका है। छह साल हो गए आज तक तैनाती स्थल पर रिलीव नहीं किए गए। इसके अलावा जोन के अन्य छह कार्यालयों में भी यही स्थिति है। यहां भी कुल

**10 तो कोई 15 साल से एक ही कार्यालय में है डटा, तबादले के बाद भी कई अवर अभियन्ता नहीं किए गए रिलीव**

> सभी तबादले शासन की नीति के अनुसार किए गए हैं। किस विभाग में कौन कितने साल से है इसे पुन: दिखवा लिया जाएगा। कार्य की अधिकता के कारण कुछ अवर अभियंता रिलीव नहीं किए गए हैं। -अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियंता।

21 बाबू ऐसे हैं जिनका स्थान्तररण 15 वर्ष बाद भी नहीं हुआ। मुख्य अभियंता ने हाल ही में जिन छह अवर अभियंताओं और 200 कर्मियों के तबादले किए थे उनमें अभी भी कई अवर अभियन्ता रिलीव नहीं किए गए हैं। नाका जेई प्रवीण कुमार को सुल्तानपुर भेजा गया था लेकिन अभी रिलीव नहीं हुए। इसी तरह दर्शननगर 220 केवीए ट्रांसमिशन में तैनात अवर अभियन्ता हेंमत यादव को बाराबंकी भेजा गया लेकिन अभी काम कर रहे हैं। रूदौली के गोड़वा उपकेंद्र के अवर अभियन्ता अम्बेडकरनगर तबादला होने के बाद भी रिलीव नहीं किए गए हैं।

## 60 वर्ष तक की आयु के चिकित्सकों को भी करना होगा पोस्टमार्टम

**अयोध्या, अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इसके तहत चिकित्सकों की आयु सीमा को 55 से बढ़ाकर 60 वर्ष कर दिया है। इस संबंध में सीएमओ ने जिले के सभी अस्पतालों से 60 वर्ष तक की आयु वाले चिकित्सकों की सूची मांगी है। इस कदम का उद्देश्य पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को और सुगम बनाना है, क्योंकि कई बार विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण देरी हो जाती है। सीएमओ कार्यालय के अनुसार पहले केवल 55 वर्ष तक के चिकित्सक ही पोस्टमार्टम के लिए पात्र माने जाते थे, लेकिन अब अनुभवी चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए यह निर्णय लिया गया। इस बदलाव से जिले में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया तेज होगी और फोरेंसिक जांच में गुणवत्ता भी बनी रहेगी। नोडल डॉ. वीपी त्रिपाठी ने बताया कि इस बदलाव से न केवल कार्यकुशलता बढ़ेगी, बल्कि अनुभवी चिकित्सकों का उपयोग भी बेहतर ढंग से हो सकेगा। मेडिको-लीगल मामलों में तेजी आने की उम्मीद है। इससे फोरेंसिक जांच की गुणवत्ता बनी रहेगी और मेडिको-लीगल मामलों में तेजी आएगी। प्रशासन ने सभी अस्पतालों को निर्देश दिए हैं कि पात्र चिकित्सकों की सूची जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रक्रिया को शीघ्र लागू किया जा सके। स्थानीय चिकित्सकों ने इस फैसले का स्वागत किया है, लेकिन कुछ ने प्रशिक्षण और संसाधनों की कमी पर चिंता जताई है।

# घरों में न होने दें जलजमाव, आसपास रखें सफाई

अयोध्या कार्यालय



संचारी रोग नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाते महापौर गिरीशपति त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर को संचारी रोगों से मुक्त बनाने के लिए एक माह तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिला फाइलेरिया नियंत्रण इकाई के सहयोग से नगर निगम फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराएगा। इसके साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क कर लोगों में जल जनित एवं मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए जागरुकता पैदा की जाएगी। अयोध्या तुलसी उद्यान के सामने मंगलवार को शपथ दिलाकर जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुशील कुमार बानियान के साथ महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली अयोध्या भ्रमण करते हुए नगर निगम तक आई। महापौर ने अधिकारियों संग कुछ दूर चलकर रैली में शामिल कर्मियों की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि

**संचारी रोग नियंत्रण के लिए निकाली जनजागरूकता रैली**

नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए मुस्तैद रहें। लोगों को जागरुक करें कि घरों में कूलर, खाली बर्तन आदि में पानी न जमा होने पाए, क्योंकि इससे डेंगू फैलने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से घरों के अंदर और आसपास सफाई रखने का आह्वान किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बानियान ने कहा कि संचारी रोगों के नियंत्रण में स्वच्छता की अहम भूमिका है। उन्होंने लोगों से पूरी आस्तीन के सूती कपड़े पहनने के साथ ही अपने आसपास सफाई रखने का आह्वान किया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल ने बताया कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, डायरिया जैसी बीमारियों पर नियन्त्रण के लिए एक माह तक अभियान चला कर नालियों तथा लोगों के घरों के आसपास जमा गंदगी हटाई जाएगी। नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा। जगह-जगह फॉगिंग कराई जाएगी। शहर में चिह्नित 60 अति संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर वीबीडी नोडल डॉ. राममणि शुक्ला, जिला मलेरिया अधिकारी मंजुला आनंद, नोडल अर्बन डॉ. वीपी त्रिपाठी, नोडल अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीपी सिंह, एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव, फाइलेरिया कंट्रोल ऑफिसर डीके श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



अवध विवि में स्मार्ट फोन के साथ बीपीईएस और बीपीएड के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### 90 छात्र-छात्राओं को मिला स्मार्ट फोन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय में बीपीईएस व बीपीएड में अध्यनरत सत्र 2022 -23 के 90 छात्राओं को मंगलवार को स्मार्टफोन वितरित किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि डीजी शक्ति पोर्टल स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन दिये गये। इससे उनको डिजिटल युग के वर्तमान परिवेश से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर डॉ. शैलेन वर्मा, कुमार मंगलम सिंह, आशुतोष सिंह, पल्लव पांडेय, स्वतंत्र त्रिपाठी, नेहा सिंह दीपमणि मिश्रा मौजूद रहे।

### आम हड़ताल नौ को, बनाई रणनीति

**अयोध्या, अमृत विचारः** निजीकरण, न्यूनतम वेतन, संविदा, स्कीम वर्कर्स एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित किए जाने, सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में नौ जुलाई को आम हड़ताल होगी। इसको तैयारी को लेकर विभिन्न संगठनों की बैठक मंगलवार को एटक कार्यालय पर हुई। इसमें अन्य मजदूर संगठनों से वार्ता कर हड़ताल में शामिल होने की अपील किए जाने का निर्णय लिया गया। किसी भी संगठन के शामिल होने से हम एक साथ अपनी बात रख सकेंगे। अध्यक्षता किसान सभा के प्रदेश सचिव अशोक कुमार तिवारी और संचालन खेत मजदूर संगठन के महामंत्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक मया राम वर्मा, माकपा जिला सचिव अशोक यादव, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, किसान नेता मयाराम वर्मा, विनोद सिंह आदि थे।

# उधुई में दबंगों ने ट्रैक्टर से घर की दीवार ढहाई

कुमारगंज, अयोध्या



घटनास्थल पर टूटी दीवार एवं बिखरा सामान। अमृत विचार

**अमृत विचारः** दबंगो ने सोमवार रात उधुई गांव में जमकर तांडव मचाया। ट्रैक्टर से घर की दीवार ढहा दी। गृहस्थी का सामान तोड़ डाला। घर की महिलाओं और बच्चों को बर्बरतापूर्वक पिटाई की। घंटों बाद पहुंची कुमारगंज पुलिस न घायलों को सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज भिजवाया।

उधुई गांव के रहने वाले श्याम नारायण मौर्य गांव के बाहर आबादी की भूमि पर मकान बनाकर रह रहे हैं। वह अपने मकान की बाउंड्री का निर्माण कर रहे थे। दीवार सात फीट ऊंची बन गई थी। पीड़ित का आरोप है कि 30 जून की रात करीब आठ बजे गांव के ही प्रेम कुमार पांडेय. राम बहादुर पांडेय अपने कई लोगों के साथ उनके दरवाजे पर ट्रैक्टर लेकर पहुंच गए। पहले नवनिर्मित दीवार को ट्रैक्टर से गिराया। घर के बाहर रखे तख्त, चारपाई, साइकिल, ठेला पर ट्रैक्टर चढ़ा तोड़ दिया।

**गृहस्थी का सामान तोड़ा, महिलाओं का पीटा, रिपोर्ट दर्ज**

विरोध पर घर की महिलाओ को मारा। किसी ने कुमारगंज पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी ओमप्रकाश भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस पहुंचने से पहले ही हमलावर भाग गए।

क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण कर कार्रवाई का निर्देश कुमारगंज पुलिस को दिया। उधर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजीत मौर्य एवं जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी सहित आसपास के कई ग्राम प्रधान एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिलाध्यक्ष अजीत मौर्य ने घटना में शामिल आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने की मांग की। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। प्रकरण की जांच की जा रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# वित्तीय समावेशन संतृप्तीकरण अभियान का शुभारंभ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** वित्त मंत्रालय भारत सरकार से एक जुलाई से 30 सितम्बर तक वित्तीय समावेशन संतृप्तीकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत बैंक ऑफ बडौदा के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मंगलवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में संपर्ण उत्तर प्रदेश के लिए अभियान के

**एक जुलाई से 25 सितंबर तक चलेगा अभियान**

शुभारंभ कार्यक्रम का अयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचित और ग्रामीण समुदायों तक बैंकिंग सुविधाओं की पहुँच और जनसुरक्षा योजनाओं में अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करना है।

अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के अभियानों को ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का लाभ लेकर स्व-रोजगार के लिए प्रेरित किया। साथ ही साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपाय सुझाए। अंचल प्रमुख शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा वित्तीय समावेशन को एक सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में देखता है और अंतिम छोर तक वित्तीय सेवाएं पहुँचाने के लिए सतत प्रयासरत है। ऋण योजनाओं के बारें में जानकारी दी। साइबर फ्राड के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक निधि कुमार,, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी महेंद्र देव, क्षेत्रीय प्रमुख भारतीय स्टेट बैंक मुरली मनोहर , क्षेत्रीय प्रमुख बैंक ऑफ बडौदा शशांक, क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश पलोड सहित अन्य लोग थे।

# अखिलेश यादव प्रदेश व देश के भविष्य : सांसद

**सपा प्रमुख अखिलेश के जन्मदिन पर कई जगहों पर हुये कार्यक्रम**

अयोध्या कार्यालय



सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर हवन-पूजन करते सांसद अवधेश प्रसाद व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार



सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर कृष्णापुर रसूलाबाद में छात्राओं को साइकिल प्रदान करते पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय।

**अमृत विचार :** रामनगरी में मंगलवार को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जिले की प्रत्येक विधानसभा में अनेक स्थानों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कार्यकर्ताओं के साथ गुप्तारघाट पर सपा सुप्रीमों की लंबी उम्र व सुखी जीवन के लिए हवन-पूजन कर सरयू मां की आरती उतारी। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि अखिलेश यादव देश- प्रदेश के भविष्य हैं।

सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता कुंवर बहादुर सिंह,राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रिंस चौधरी, शशांक शुक्ला आदि मौजूद रहे। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने मेडिकल कॉलेज दर्शननगर में मरीजों को 151 किलो फल वितरित किये। पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर केक काटा गया और पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ललित यादव, रामकरण यादव, राकेश चौरसिया, सीताराम यादव आदि मौजूद रहे। पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव की अगुवाई में पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों ने नगर पालिका रुदौली में केक काटकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना की। रुदौली नगर पालिका अध्यक्ष जब्बार अली, प्रदीप यादव,मो. हनीफ अंसारी आदि मौजूद रहे। वरिष्ठ सपा नेता राम सागर वर्मा की अगुवाई में सपाइयों ने गोसाईगंज की वनराजा बस्ती में बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों के बीच में केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया। रामसागर वर्मा ने गरीब असहाय लोगों की आर्थिक मदद भी की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद वैस अंसारी, विधानसभा गोसाईगंज कमेटी के अध्यक्ष सियाराम निषाद, भानु यादव, सियाराम यादव आदि मौजूद रहे। वरिष्ठ सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह (अनूप) ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों को फल एवं पठन-पाठन सामग्री वितरित की। पीपल का पौधा लगाकर पार्टी प्रमुख के दीर्घायु होने कामना की। इस अवसर राकेश वर्मा, बाबा रामदीन यादव, रानू सिंह, दीपेंद्र सिंह आदि रहे। सोहावल में सपा नेता हाजी फिरोज़ खान उर्फ गब्बर द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेंअखिलेश यादव के नेतृत्व में उप्र. में समाजवादी विचारधारा के पुनर्स्थापन और 2027 के लक्ष्य को लेकर संकल्प लिया गया। केक काटा गया। क्षेत्रीय गरीबों में फल व मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा व संचालन जय सिंह यादव ने किया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, ज़िला महासचिव बख़्तियार खान, ज़िला उपाध्यक्ष एवं बीकापुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी एजाज़ अहमद, भरतकुंड भदरसा चेयरमैन मोहम्मद राशिद समेत बड़ी संख्या पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने अपने आवास कृष्णापुर रसूलाबाद में 101 बच्चियों को साइकिल और स्कूली बैग देकर सम्मानित किया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को दीर्घायु होने की कामना की। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष रक्षा राम यादव समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मर्जर व सरप्लस सूची से भड़का प्राथमिक शिक्षक संघ

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मर्जर को लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की वर्चुअल मीटिंग हुई। प्रांतीय ऑडिटर एवं जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा सरकार तानाशाही रवैया अपना कर नौनिहालों की शिक्षा से खिलवाड़ कर रही है। उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के पद समाप्त कर प्रधानाध्यापक को सरप्लस किए जाने तथा विद्यालयों के मर्जर से बेसिक शिक्षा के पटरी से उतरने की आशंका है। हजारों रसोइयों की सेवा समाप्त हो जाएगी। जिला मंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि प्रधानाध्यापक विहीन विद्यालय बिना इंजन की रेलगाड़ी के समान हो जाएंगे। जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद शर्मा के निर्देश पर चरणबद्ध आंदोलन होगा। शिक्षक, अभिभावक, ग्राम प्रधान व रसोइयों के साथ स्थानीय विधायक व सांसद को 3 व 4 जुलाई को ज्ञापन दिया जाएगा। 6 जुलाई को इसके विरुद्ध ट्विटर पर अभियान चलाया जाएगा। 8 जुलाई को बीएसए कार्यालय परिसर में धरना देकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**आज का मौसम**

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने व हल्की वर्षा की संभावना है।

37.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान



**आज के कार्यक्रम**

- जीआईसी में सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल अंडर- 14 व अंडर-17 बालक वर्ग की प्रतियोगिता सुबह 08 :00 बजे से।
- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे से।
- अवध विश्वविद्यालय में यूजीसी कांफ्रेंस को लेकर कौटिल्य प्रशासनिक भवन में बैठक सुबह 10 :30 बजे से।
- जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक दोपहर 12 :00 बजे से।

## बीकॉम छठे सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा बीकॉम छठे सेमेस्टर सत्र 2024- 25 का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rmlau.ac.in पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि 90 प्रतिशत छात्र - छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं।



# 280 करोड़ रुपये की लागत से हाईवे की बदल रही तस्वीर

### बन रहे अंडरपास, ओवरब्रिज, चौड़ी सर्विसलेन, लग रहीं नई स्ट्रीट लाइटें

### अयोध्या में अब सर्विस लेन पर भी चलना होगा आसान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** अयोध्या बाईपास का लुक बदल रहा है। अब रात में यह बड़े शहरों जैसा दिखेगा। 280 करोड़ की लागत से बाई पास पर नए ओवरब्रिज अंडरपास, चौड़ी सर्विसलेन के साथ स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही है। जैसे-जैसे निर्माण पूरे हो रहे हैं। यातायात खोल दिया जा रहा है। सौंदर्यीकरण का काम पहले ही किया जा चुका है।

अयोध्या के लिहाज से सहादतगंज से नया घाट तक बाई पास सबसे महत्वपूर्ण है। मेलों और कुंभ के दौरान इस पर यातायात बढ़ जाता है। गैर जनपदों को आने जाने वालों के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ से जाम की स्थिति बन जाती है। भव्य और दिव्य अयोध्या के मद्देनजर इसको सजाने संवारने के लिए कार्रवाई प्राण प्रतिष्ठा के दो साल पहले शुरू हुई थी। तत्कालीन सांसद लल्लू सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को सौंदर्यीकरण के साथ हाईवे पर नए ओवरब्रिज, अंडरपास, चौड़े सर्विसलेन के साथ जगमग स्ट्रीट लाइटों को प्रस्ताव दिया था। सौंदर्यीकरण का काम तो प्राण प्रतिष्ठा के पहले किया गया। फूल, पत्ती और स्टेच्यू लगाए गए। इसके बाद हाईवे पर काम शुरू कराया गया। सहादतगंज पॉलीटेक्निक से गोंडा बाई पास तक लगभग 22 किमी. में निर्माण के काम के लिए लगभग 280 करोड़ रूपये खर्च किए जा रहे हैं। निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से कराया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के साथ सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास है।



अयोध्या धाम बस स्टेशन के पास हाईवे पर निर्माणाधीन अंडर पास में लगी मशीने।



लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर बूथ नंबर चार पर बनाया गया ओवरब्रिज।

### चौड़ी सर्विसलेन के साथ स्ट्रीट लाइटें

बाईपास को जगमग करने और यात्रियों की सुविधा के लिए हाईवे के दोनों ओर लगभग सात-सात मीटर की सर्विसलेन बनाई जा रही है। जिससे शहर के साथ दूसरे लोगों को हाईवे से जाने की जरूरत न पड़े। वह बगैर अवरोध अपने गंतव्य तक जा सके। सहादतगंज, नाका, जनौरा अंडर पास, देवकाली, बूथ नंबर चार के साथ अन्य स्थानों पर इनका निर्माण पूरा हो गया है। पूरे बाइस पर नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं। इंजीनियर पंकज ने बतायाकि सरयू पुल पर बीच में लगी लाइट से प्रकाश की व्यवस्था पूरी नही हो रही थी इसलिए दोनों ओर अच्छी स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। जो हाइवे के साथ सर्विसलेन को रोशन कर सके। अन्य स्थानों पर भी स्ट्रीट लाइटे लगाने का काम पूरा हो रहा है। इनका ट्रायल करा दिया गया है।

### तीन माह में बन जाएगा अयोध्या धाम बस स्टेशन के करीब अंडर पास

आम लोगों की सुविधा के लिए हाईवे पर पॉलीटेक्निक के पास ओवर ब्रिज का निर्माण पूरा हो गया। सहादतगंज पर बने ओवरब्रिज के दक्षिणी लेन को उपरिगामी कर दिया गया। अब इन दोनों से यातायात बहाल कर दिया गया। अयोध्या की ओर बढ़ने पर बूथ नंबर चार ओवर ब्रिज का निर्माण भी पूरा हो गया। इसे भी यातायात के लिए खोल दिया गया। इसके साथ बूथ नंबर चार पर ही अंडर पास का निर्माण पूरा कर लिया गया। अब सरयू पुल के करीब अयोध्या धाम बस स्टेशन के करीब अंडर पास का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कराने वाली कंपनी के इंजीनियर पंकज कुमार बताते हैं कि ढाई से तीन महीने में यह काम पूरा हो जाएगा।



लोगों की सुविधा और अयोध्या की भव्यता के लिए अयोध्या बाईपास के सौंदर्यीकरण और हाईवे पर नए ओवरब्रिज और अंडरपास के निर्माण की का प्रस्ताव केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को दिया गया था। स्वीकृति के बाद काम हो रहा है। इसकी लागत लगभग 280 करोड़ रूपये हैं। इसकी निगरानी करवाई जा रही है। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात में उन्होंने अयोध्या की अन्य परियोजनाओं पर गंभारती पूर्व विचार की बात कही है।
**-लल्लू सिंह, पूर्व सांसद, अयोध्या।**

## अनियंत्रित होकर पलटी कार, दो लोगों की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना कैंट क्षेत्र के सहादतगंज टीवी टॉवर के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तीनों युवक सहादतगंज की तरफ जा रहे थे। हादसा बीती देर हुआ। मृतकों में रवि पाठक पुत्र मनोज पाठक नियावां, तुषार गुप्ता पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता रिकाबगंज शामिल हैं, जबकि घायल युवक विशाल कुमार का दर्शन नगर ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। उनके पिता पुलिस विभाग में फालोअर हैं। वह परिवार के साथ पुलिस लाइंस में रहते हैं।




# 8.2 मिमी बारिश, कई इलाके जलमग्न

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** जिले में दिनभर कभी धूप और कभी बारिश के बीच मंगलवार को 8.2 मि.मी. बारिश हुई। कई इलाके जलमग्न हो गए। घुटनों तक पानी भर गया। निर्माणाधीन मार्गों पर मिट्टी फैल जाने से फिसलन रही। आने-जाने में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अभी भी उमस की स्थिति बरकरार है।

जिल में मंगलवार सुबह से बादल घुमड़ रहे थे। कभी बदरी हो रही थी तो कभी चिलचिलाती धूप लोगों को परेशान कर रही थी। दोपहर में करीब सवा 12 बजे के करीब मौसम एकाएक फिर से बादल गया। अंधेरा छा गया। इसके बाद जोरदार बारिश हुई। वजीरगंज, नेवातीपुरा और नवीन सब्जी मंडी के बगल वाली सड़क पर जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। दोपहर बार तीन बजे नाका की तरफ फिर से जोरदार बारिश शुरू हुई। इसके बाद मकबरा से नाका व देवकाली पर लंबा जाम लग गया। नालियों की सफाई होने के बावजूद पानी सड़कों पर जमा हो गया, जिससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव की समस्या झेल रहे आलोक, रंजन दूबे व रोहित ने बताया कि हर साल बारिश के मौसम में यही स्थिति बनती है। अपर नगर आयुक्त नागेंद्र नाथ ने बताया कि बारिश के कारण जहां भी जलभराव होता है। वहां हमारी नगर निगम की टीम पंप लगाकर पानी हटा रही है।



नेवातीपुरा मोहल्ले में जलभराव के बीच से होकर जाती महिला। अमृत विचार

# राममंदिर में अर्चक के लिए 500 अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचारः** राम मंदिर में अर्चक प्रशिक्षण की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। 26 से 30 जून के बीच 500 से अधिक अभ्यर्थियों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया है। जिसमें धार्मिक समिति के माध्यम से आवेदकों के प्रपत्रों की जांच कर नियमानुसार बनाए गए शर्त को पूरा करने वाले प्रशिक्षार्थियों का चयन किया जाएगा।

राममंदिर परिसर में प्रथम तल पर राम दरबार की भी प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। परकोटा में छह देवी देवताओं को प्रतिष्ठित कराया गया है। इसके अलावा कुबेर टीला, शेषावतार मंदिर और ऋषि-मुनियों की मूर्तियों को भी स्थापित कर दिया गया है। अलग-अलग स्थान पर पूजन अर्चन और अन्य परंपराओं को पूरा करके ट्रस्ट ने अर्चकों को भर्ती करने के लिए छह माह का प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ किया है।

धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव ने मंगलवार को बताया कि अर्चक प्रशिक्षण के लिए 30 जून तक आवेदन मांगे गए थे। जिसमें अयोध्या, काशी, बस्ती, प्रयागराज समेत अवध क्षेत्र के लोगों ने आवेदन किया है। पत्रावलियों की जांच कर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। छह माह तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## चेकिंग अभियान में दो स्कूली वाहन सीज

**अयोध्या, अमृत विचारः** ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल खुलते ही मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान में दो स्कूली वाहन सीज किए गए। छह वाहनों का चालान किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. आरपी सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के पहले दिन स्कूली वाहनों का फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण आदि की जांच की गई। एआरटीओ डॉ. सिंह ने स्कूल प्रबंधकों से अपील की है कि बिना फिटनेस व बना परमिट के स्कूली वाहन का संचालन न करें अन्यथा नियमानुसार कायर्वाई की जाएगी। 15 जुलाई तक चलने वाले अभियान में सभी स्कूली वाहनों की विशेष चेकिंग की जाएगी।

# साक्ष्य के लिए चिकित्सकों को नहीं लगाने पड़ेंगे कोर्ट के चक्कर

**▶▶ दर्शननगर स्थित सीएमओ कार्यालय के सभागार में ऑनलाइन हो सकेंगे पेश**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों के एक अच्छी खबर है। अब उन्हें साक्ष्य पेश करने या किसी मरीज के मामलों को लेकर अब कोर्ट के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। चिकित्सकों को इससे बचाने के लिए सरकार ने जिले के स्वास्थ्य विभाग में ही इसकी व्यवस्था कर दी है। यहां सीएमओ ऑफिस के सभागार में ही चिकित्सक कोर्ट के सामने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साक्ष्य रख सकेंगे।

जिले के सरकारी अस्पतालों में मेडिकल बनाने की व्यवस्था की गई है। इसमें मारपीट व अन्य घटनाओं का चिकित्सक मेडिकल बनाते हैं। मामला कानूनी कार्रवाई से जुड़ा होता है। ऐसे में कोर्ट मेडिकल को लेकर कभी भी चिकित्सकों को साक्ष्य के साथ तलब कर लेता है। अमूमन जिले की अदालतों में तो चिकित्सक चले जाते थे, लेकिन बाहर के जिलों में जाने के बाद अस्पताल में मरीजों के इलाज की व्यवस्था प्रभावित होती थी। इसे देखते हुए हाल ही में मंडल के सभी जिलों के सीएमओ कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम बनाने का एडी हेल्थ ने निर्देश दिया था।

नोडल अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि हमारे यहां के सभागार में एक बड़ी एलईडी व कैमरा लगवाया गया है। साउंड व माइक की भी व्यवस्था है। साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कोई भी चिकित्सक आ सकता है। हालांकि इसके लिए कोर्ट से लिंक आना बेहद जरूरी रहता है।

## सार-संक्षेप

### हैरिंग्टनगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ. रविंद्र ने संभाला पदभार

**मिल्कीपुर, अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक रहे आनंद कुमार सिन्हा का स्थानांतरण सीएचसी मिल्कीपुर के लिए कर दिया गया। उनके स्थान पर रुदौली से डॉ. रविंद्र कुमार शुक्ला को भेजा गया है। नए अधीक्षक डॉ. शुक्ला ने पदभार ग्रहण करते हुए अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। कहा कि क्षेत्र के लोगों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना उनका मुख्य लक्ष्य है। सीएचसी में आने वाले मरीजों की सभी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान यहीं उपलब्ध कराया जाएगा।

### साकेत में मुख्य नियन्ता व छात्र-कल्याण अधिकारी नियुक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दान पति तिवारी ने महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग के असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ. बीके सिंह को पुनः मुख्य नियन्ता का दायित्व सौंपा हैं। वहीं राजनीति शास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कुमुद रंजन को छात्र-कल्याण अधिकारी का दायित्व सौंपा है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि शिक्षण कार्य के साथ ही दोनों प्रोफेसर अपना अतिरिक्त दायित्व जिम्मेदारी के साथ बखूबी निभाएंगे।

### नपं कुमारगंज में 1139 करोड़ से बनेगा कल्याण मंडपम



विकास सिंह
नपं अध्यक्ष

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत कुमारगंज में वैश्विक नगर उदय योजना के तहत पिठला में कल्याण मंडपम के निर्माण के लिए 1.39 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि इस परियोजना के तहत शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इससे क्षेत्र के लगभग पांच हजार लोग लाभान्वित होंगे। कल्याण मंडपम के निर्माण का टेंडर हो गया है। कहा कि मंडपम न केवल वैवाहिक समारोहों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक आदर्श स्थान होगा बल्कि सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए एक किफायती और सुविधाजनक विकल्प भी प्रदान करेगा।

### छह वार्ड आया को किया इधर से उधर

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने मंगलवार को छह वार्ड आया को इधर-उधर किया है। कंचन देवी, वंदना, स्वेता सिंह को मसौधा से सोहावल सीएचसी भेजा गया है। पूनम को मसौधा से मिल्कीपुर, रेशमपति को मसौधा से बीकापुर व रीता यादव को मवई से रुदौली सीएचसी भेजा गया है।

### मुख्य अभियंता को कार्यालय में ही घेरेंगे निविदा कर्मी



मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरना देते निविदा संविदा कर्मचारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** विभिन्न उप केन्द्रों से निविदा संविदा कर्मियों के निष्कासन के विरोध में 70 दिनों से धरना दे रहे कर्मियों ने अब अपनी रणनीति बदल दी है। विद्युत मजदूर पंचायत की आम सभा की बैठक में निर्णय लिया गया है कि तीन जुलाई से मुख्य अभियंता को उनके कार्यालय में ही घेर कर रखा जाएगा। इसे लेकर पंचायत ने जिला प्रशासन को भी सूचित किया है। किसी भी अप्रिय घटना के लिए मुख्य अभियंता को जिम्मेदार बताया है। मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय परिसर में धरना स्थल पर हुई सभा को सम्बोधित करते हुए जोनल अध्यक्ष के एन सिंह ने कहा कि तीन जुलाई को मुख्य अभियंता को यहां आने के बाद घर नहीं जाने दिया जाएगा। जब तक मांगों का समाधान नहीं होता कर्मी उनके कक्ष के दरवाजे पर डटे रहेंगे। धरने में संदीप तिवारी, अमरीश शुक्ला, विनय मौर्य, रवि शंकर, उमेश चंद, आफताब बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### केशवपुर व शाहनेवाजपुर की आपत्तियों का कराएं निस्तारण

**अयोध्या, अमृत विचार :** आवास विकास परिषद की आवासीय योजना को लेकर डीएम निखिल टी. फुंडे ने मंगलवार को समीक्षा बैठक की। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि कुढ़ा केशवपुर व शाहनेवाजपुर में प्राप्त आपत्तियों का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। लंबित भुगतान में तेजी लाएं। परिषद की समीक्षा के साथ अयोध्या में बन रहे चार स्वागत द्वार की भी समीक्षा की। कहा कि जमीनों की खरीद किसानों की सहमति के आधार पर की जाए। किसी भी किसान को परेशान न किया जाए। राजकीय निर्माण निगम से गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय पर कार्य को पूर्ण किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी एल/ओ, उपजिलाधिकारी सदर सहित कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राममंदिर से शुरू हुआ 100 करोड़ लोगों को श्रद्धा केन्द्रों तक लाने का अभियान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** महाराष्ट्र की मन्दिर सेतु नाम की संस्था ने विजयदशमी तक 100 करोड़ लोगों को मठ, मन्दिर और अन्य श्रद्धा केन्द्रों तक पहुंचाने और प्रार्थनाएं आयोजित करने के अभियान का मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर से इसका श्रीगणेश किया।

मन्दिर सेतु के अमित कुमार, पराग शेंदे, नितिन काले आदि ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय से भेंट की और वृहद अभियान के लिए समर्थन मांगा। महामंत्री ने उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मन्दिर सेतु के लोगों ने श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में दर्शन-पूजन कर अभियान शुरू किया। अमित ने बताया कि वे दुर्गा पुजा व श्रीराम लीला आयोजन समितियों को भी इस अभियान से जोड़ेंगे। मुख्यमंत्रियों, सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखों से भी इस सम्बन्ध में बात चल रही है। सभी से सहमति पत्र लेकर वे देश के कोने-कोने में संदेश पहुंचाएंगे। हिन्दू परिवारों से निकटतम श्रद्धा केन्द्रों पर विजयदशमी तक 100 करोड़ प्रार्थनाएं करने का लक्ष्य पूरा करेंगे।




अयोध्या में राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मुलाकात करते समिति के लोग।

# 23 साल पुराने रिश्वत मामले में लेखपाल दोषमुक्त

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचारः** एससी/एसटी एक्ट की विशेष न्यायाधीश शिवानी जायसवाल की अदालत ने 23 साल पुराने रिश्वत प्रकरण में सेवानिवृत्त लेखपाल राधेश्याम तिवारी को साक्ष्य के अभाव में मंगलवार को दोषमुक्त कर दिया है। तिवारी सेनानी परिवार से हैं। फैसले के साथ ही लंबे समय से मानसिक, सामाजिक व आर्थिक पीड़ा झेल रहे राधेश्याम तिवारी को राहत मिली है। फैसले के बाद क्षेत्र में न्याय की जीत को लेकर प्रसन्नता जाहिर की गई।

मामला साल 2002 का है। जब बीकापुर तहसील क्षेत्र के अमावा गांव के कुछ लोगों ने आरोप लगाया था कि भूमि आवंटन के एवज में लेखपाल राधेश्याम तिवारी ने रिश्वत मांगी। शिकायत करने वालों ने एक अक्टूबर 2002 को बीकापुर एसडीएम के समक्ष बयान देकर कह था कि 31 हजार रूपये की राशि लेखपाल को दी भी जा चुकी थी, लेकिन फिर भी भूमि आवंटन नहीं किया गया। तिवारी ने स्थानांतरण कराया। सभी शिकायतकर्ता अनुसूचित जाति से संबंधित बताए गए थे। तहसीलदार बीकापुर ने जांच में लेखपाल को दोषी माना। तिवारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम व एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई। जेल भी जाना पड़ा था। पैरवी कर रहे अधिवक्ता राम यज्ञ तिवारी ने बताया कि पूरे मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष पुख्ता साक्ष्य नहीं प्रस्तुत कर सका। न्यायालय ने भी इसी आधार पर राधेश्याम तिवारी को दोषमुक्त कर दिया। लगभग पांच साल पहले राजस्व निरीक्षक पद से रिटायर हुए। क्षेत्र के प्रभाकर पांडेय, उमा शंकर शुक्ल, भोला सिंह, संतोष सिंह, बीरेंद्र दूबे, रामसुंदर सरोज, राकेश यादव, चंद्रेश सिंह आदि ने कहा कि यह न्याय की जीत है। निर्दोष व्यक्ति को आखिरकार न्याय मिला।

**चुप्पी** डोनर के न आने से जिला अस्पताल की जांच कमेटी ने प्रस्तुत कर दी आख्या

# जिला अस्पताल की कमेटी ने जांच चैप्टर किया क्लोज

**▶▶ महिला अस्पताल की सीएमएस करा रही हैं सत्यापन की कार्रवाई**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** जिले के बहुचर्चित खून के काले धंधे के मामले में अभी तक किसी भी जांच टीम को कामयाबी हासिल नहीं हुई है। इसी बीच डोनर आकाश को बार-बार बुलाए जाने के बाद भी न आने पर थकहार कर जिला अस्पताल की जांच कमेटी ने मामले में आख्या देकर सरेंडर कर दिया है। वहीं मंगलवार को कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि पुलिस की जांच अभी चल रही है। बकौल कोतवाल मुख्य आरोपी संदीप के दूसरे की जगह काम किए जाने के मामले में महिला अस्पताल की सीएमएस द्वारा सत्यापन कराने की कार्रवाई की जा रही है।




जिला अस्पताल का ब्लड बैंक।

खून के काले धंधे के मामले में एक जांच जिला अस्पताल प्रशासन ने व दूसरी पुलिस ने शुरू गई थी। अब तक जो तथ्य उभरकर सामने आए हैं। उसके मुताबिक इनमें से एक टीम भी खून के काले धंधे के रैकेट तक नहीं पहुंच सकी है। यह अलग बात है कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में बीते दिनों खून के लेनदेने के मामले में पैसे लेने वाले संदीप कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद पुलिस आगे की क्या जांच कर रही है। अभी इस बारे में अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। कोतवाल ने मंगलवार को यह जरूर कहा कि पुलिस द्वारा अभी भी मामले की जांच की जा रही है। पूरे मामले में सबसे गंभीर पहलू यह है कि जिला महिला अस्पताल में जिस व्यक्ति के नाम पर संदीप नौकरी कर रहा था उसे लेकर अभी तक कोई कवायद नहीं की गई है। दावा जरूर किया जा रहा है कि अंदरूनी तौर पर इसकी जांच हो रही है। इस पूरे मामले का असली सूत्रधार कौन है और संदीप कैसे किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर नौकरी कर रहा था। इसे लेकर न पुलिस और न ही महिला अस्पताल प्रशासन मुंह खोलने को तैयार है। सूत्र बताते हैं कि यदि संदीप को रिमांड पर लेकर पुलिस और पूछताछ करे तो शायद कुछ और नए तथ्य उभरकर सामने आ सकते हैं। वह बता सकता है कि उसे किसने दूसरे के स्थान पर महिला अस्पताल में काम दिलवाया।




जिला अस्पताल में बनी जांच कमेटी के सदस्य डॉ. अजय चौधरी ने मंगलवार को अमृत विचार को बताया कि लगातार बुलाने पर डोनर आकाश के न आने के कारण 15 दिन बाद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को समिति द्वारा आख्या रिपोर्ट सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि आख्या में दिया गया है कि डोनर के न आने से जांच आगे नहीं बढ़ पा रही है।

इस मामले में एक को गिरफ्तार पहले ही जेल भेज दिया गया है। पूरे मामले का सूत्रधार प्रमाणित हुआ है। इसके बाद भी पुलिस द्वारा अभी मामले की जांच की जा रही है। मुख्य आरोपी संदीप के दूसरे के स्थान पर नौकरी करने के मामले में महिला अस्पताल प्रशासन द्वारा सत्यापन कराया जा रहा है। जैसे ही तथ्य सामने आएंगे अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
**-अश्विनी पांडेय, नगर कोतवाल।**

## सार-संक्षेप

### प्रतिकर भुगतान में तेजी लाएं : डीएम

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के भुगतान आदि को लेकर डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने मंगलवार को समीक्षा बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने प्रतिकर भुगतान में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि सभी अपर जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी नियमित समीक्षा करें, 15 दिन के अंदर भुगतान कराना सुनिश्चित करें। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी एल/ओ सहित सभी उपजिलाधिकारी और कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 2 जुलाई को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे। राजधानी समेत प्रदेश भर में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर विरोध सभा होगी, जबकि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 9 जुलाई को सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में प्रदेश में एक लाख बिजली कर्मी सड़क पर उतरेंगे। निजीकरण का टेंडर होने पर जेल भरो आंदोलन को धार देने के लिए मंगलवार को संघर्ष समिति व जूनियर इंजीनियर्स संगठन के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कानपुर, केस्को और पनकी ताप बिजलीघर में आम सभा की।

### 131 पेड़ों की अवैध कटान, 7 लाख रुपये में हुआ सौदा

**संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** असंद्रा कोतवाली क्षेत्र में बारह साल पूर्व मनरेगा योजना के तहत लगे हरे भरे 131 पेड़ों को मत्स्य पालक ने अपने भाई के साथ मिलकर काट डाला। यही नहीं सात लाख रुपये में इनका सौदा भी कर दिया। लेखपाल के निरीक्षण में मामला सामने आया, पुलिस में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पलौली में राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज जमीन पर मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2012-13 में लगभग 300 पौधे लगवाए गए थे। इस गाटा पर शिवकुमार पुत्र मैकू निवासी महुआगढ़ मजरा भेड़िया को मत्स्य पालन के लिए आवंटन मिला था। आरोप है कि शिवकुमार व उसके भाई रामकरन ने सोमवार की सुबह जमीन पर लगे आम, यूकेलिप्टस और शिवबबूल के कुल 131 पेड़ों को काट डाला। बताया जा रहा है कि इन पेड़ों को ठेकेदार रामसेवक निवासी कमलडीहा को 7 लाख रुपये में बेच दिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल रामनरेश व चकबंदी लेखपाल वीरेन्द्र कुमार ने जांच कर कटे हुए पेड़ों को ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दिया।

### रंजिश में परिवार पर जानलेवा हमला

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार।** सोमवार की देर शाम कोतवाली अंतर्गत एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार पर दर्जन भर लोगों ने हमला कर दिया। घटना में महिला सहित तीन अन्य घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक कोतवाली अंतर्गत ग्राम फतेहगंज निवासी रफीक ने कोतवाली में शिकायत पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही घर के सामने रहने वाले इरसाद अली ने अपने भाई पुत्रों, भतीजे व बहू के साथ मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज देते हुए उसके पिता नजर अली, माता शायरा बानो, भाई शफीक परिवार के ही वाहिद अली को लाठी डंडे से पिटाई कर दी। चारों घायलों को सीएचसी बनीकोडर इलाज के लिये लाया गया। कोतवाल अंकित त्रिपाठी ने बताया कि एक दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### शातिर चोर गिरफ्तार, 4 ट्रांसफार्मर बरामद

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार।** थाना देवा पुलिस ने 2 चोरों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 4 ट्रान्सफार्मर, 3 कुन्तल 10 किलोग्राम तांबे का तार, प्लास्टिक की कटी हुई केबिल व घटना में प्रयोग की गई पिकअप बरामद की है। पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शिवकमल पुत्र रामलखन निवासी ग्राम अड़ौरा थाना देवा व कृष्ण गोपाल पुत्र अरुण कुमार निवासी ग्राम पकडी शुक्ल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को कुर्सी रोड नहर पुल कस्बा देवा से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक पिकप वाहन, 4 ट्रांसफार्मर, 3 कुन्तल 10 किलोग्राम तांबे का तार, प्लास्टिक की कटी हुई केबिल बरामद हुआ। पूछताछ से पता चला कि कृष्ण गोपाल ट्रांसपोर्टर का काम करता है, जिसका ऑफिस चिनहट लखनऊ में है। पुलिस टीम इनके आपराधिक इतिहास एवं अन्य घटनाओं की जानकारी कर रही है।

# 42 दिन बाद खुले विद्यालय, टीका लगाकर बच्चों का स्वागत

## स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों के नामांकन पर रहेगा जोर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** इस बार 42 दिनों के ग्रीष्मावकाश के बाद 01 जुलाई मंगलवार को परिषदीय विद्यालय खुल गये। अध्यापकों ने रोली-चंदन का टीका लगाकर बच्चों का स्वागत किया। कुछ विद्यालयों में बच्चों का स्वागत फूल-मालाओं से भी किया गया। पहले दिन मिड-डे मील में हलुआ और खीर मिली। मर्जर के बाद कुल 1792 में से मंगलवार को 1707 परिषदीय विद्यालयों के आंगन गुलजार हुए।

शासन द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार 20 मई से 15 जून के लिए विद्यालय बंद किए गए थे और 16 जून से विद्यालय खुलने थे। गर्मी की अधिकता के कारण शासन ने 30 जून तक अवकाश घोषित कर दिया था। प्रशासनिक कार्य निपटाने के लिए अध्यापकों को 16 जून से विद्यालय खोल दिए गए थे।

शिक्षा क्षेत्र हैरिंग्टनगंज के प्राथमिक विद्यालय रनापुर में शिक्षकों ने मंगलवार को बच्चों को फूल, माला पहनाकर, चन्दन का टीका लगाया। मिष्ठान्न वितरण के साथ बच्चों का स्वागत किया। सरकार द्वारा प्राप्त पुस्तकों का वितरण किया गया। यहां पहले


प्राथमिक विद्यालय अहिरौली में बच्चों का स्वागत करतीं इंचार्ज प्रधानाध्यापिका दीपमाला।


प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमपुर में बच्चों का स्वागत करते प्रधानाध्यापक डॉ. विवेक सिंह।

**पहले दिन छात्र-छात्राओं को मिला हलुआ और खीर**

दिन 21 छात्र-छात्राएँ उपस्थिति हुए। प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार, सहायक अध्यापक नेहा सिंह, संतोष शर्मा, धर्म पाल यादव, एकता सिंह सहित अभिभावक मौजूद रहे। प्राथमिक विद्यालय अहिरौली में पहले दिन 18 बच्चे आए। प्रधानाध्यापिका दीपमाला निगम, सहायक अध्यापक अनूप द्विवेदी द्वारा बच्चों का रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों को हलुआ भी मिला। बता दें कि कुल 1792 परिषदीय विद्यालयों में से 85 स्कूलों को दूसरे विद्यालयों में समायोजित करने के बाद अब कुल 1707 स्कूल रह गए हैं।


पीवीएस इंटर कॉलेज कादीपुर में पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों ने कुछ यूं जताई अपनी खुशी।

> मर्जर के बाद जिले के सभी 1707 परिषदीय विद्यालयों में आज मंगलवार से पठन-पाठन शुरू करा दिया गया है। मर्ज किए गए स्कूलों के बच्चों को समायोजित वाले विद्यालयों में भेजा जा रहा है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। विभाग शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों की सुरक्षा को लेकर कृत संकल्पित है। -अवनीश कुमार पाण्डेय, प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी।

### पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों में छलका उल्लास

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पीवीएस इंटर कॉलेज कादीपुर में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार को विद्यालय खुलने पर उत्साह के साथ बच्चों की उपस्थित हुई। पीवीएस इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के जिला महासचिव सुरेंद्र उपाध्याय ने सभी बच्चों का टीका लगाकर स्वागत अभिनंदन किया।

## मर्जर के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश स्तरीय आह्वान पर जिले के सभी विकासखंडों के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने मंगलवार को पहले दिन काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। बीकापुर, मया, तारुन, मिल्कीपुर, सोहावल, मसौधा, रूदौली सहित अन्य विकासखंडों में शिक्षकों ने पूर्ण अनुशासन के साथ काली पट्टी पहनकर बच्चों को पढ़ाया और विरोध दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने कहा शिक्षक किसी भी व्यवस्था के आधार स्तंभ हैं। उनका सम्मान और हित सर्वोपरि होना चाहिए। आन्दोलन सात जुलाई तक चलेगा।जिला मंत्री प्रेम वर्मा ने आह्वान किया कि 7 जुलाई तक प्रत्येक शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेगा और सरकार तक अपनी आवाज शांतिपूर्ण तरीके से पहुंचाएगा।


मर्जर के खिलाफ में काली पट्टी बांधकर विरोध जतातीं मसौधा के कंपोजिट स्कूल फिरोजपुर की शिक्षिकाएं।

## स्कूल गेट पर अचेत 7वीं के छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मंगलवार को स्कूल आया सातवीं कक्षा का छात्र अचानक अचेत होकर गिर गया। स्कूल स्टाफ व अन्य उसे लेकर लखनऊ गए जहां छात्र की मौत हो गई।

देवा कोतवाली क्षेत्र के घेरी बिशुनपुर का रहने वाला अखिल प्रताप सिंह जिला मुख्यालय स्थित सेंट एंथोनी में सातवीं कक्षा का छात्र है। वह मंगलवार को कार पर सवार अन्य साथी छात्रों के साथ स्कूल आया था। कार से उतर कर वह जैसे ही स्कूल गेट पर पहुंचा कि अचेत होकर गिर गया। किसी को कुछ समझ में नही आया। यह देख स्कूल के स्टाफ व अन्य लोग उसे लेकर लखन्ऊ के अवध अस्पताल गए। वहां से रेफर करने पर उसे चंदन अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया।

## कक्षा नौ से 12 तक के बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी शुरू

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से मिले निर्देश के बाद पहली बार जिले के सभी 447 माध्यमिक विद्यालयों में मंगलवार एक जुलाई से कक्षा नौ से 12 के छात्र- छात्राओं की ऑनलाइन हाजिरी शुरू हो गई है। बोर्ड द्वारा इसकी सीधी निगरानी की जा रही है। किसी भी माध्यमिक विद्यालय

**447 माध्यमिक विद्यालयों में लागू हुई व्यवस्था, बोर्ड से सीधी निगरानी**

की ऑनलाइन उपस्थिति न होने पर संबधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। पहले दिन 01 जुलाई को कितने माध्यमिक विद्यालयों के छात्र छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज हुई यह रिपोर्ट बुधवार तक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय आयेगी।

> माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर ऑनलाइन उपस्थिति आज से प्रारंभ हो गई है। यदि कोई निर्देश का पालन नहीं करता तो उचित कार्रवाई की जाएगी। -डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस।

बोर्ड की ओर से जारी आदेश के कहा गया है कि माध्यमिक विद्यालयों के छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों की दैनिक उपस्थिति प्रक्रिया को पारदर्शी, सुसंगठित एवं तकनीकी रूप से सुदृढ बनाए जाने के लिए ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू की जा रही है। इस उद्दे श्य से एक विशेष पोर्टल विकसित किया गया है। विद्यालयों की सुविधा के लिये एक मोबाइल एप्लिकेशन भी तैयार की गई है। जिसके माध्यम से विद्यालय में कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत प्रत्येक छात्र/छात्राओं एवं कार्यरत शिक्षकों की प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज की जाएगी।

# सरयू का बढ़ता जलस्तर बढ़ा रहा खतरा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से रामसनेहीघाट और सिरौलीगौसपुर तहसीलों के तटीय गांवों में खतरा बढ़ गया है। नेपाल से छोड़े गए पानी और क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे कई गांवों में दहशत का माहौल है। मंगलवा को तहसील के अफसर तराई गए और ग्रामीणों से बात की।

रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार मंगलवार को तहसील क्षेत्र में सरयू नदी का बहाव बांध से करीब दो से तीन किलोमीटर दूर तक पहुंच चुका है। तराई के गांव बेलहरी, जमका फाजिलपुर, पूरनपुर, कोडरी, बलईपुर, मदरहा, चौधरीपुरवा, माधवपुरवा, बाबा का पुरवा, बतनेरा, ललपुरवा, सुरसंडा, सुंदरनगर और


सनावा में बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण कर ग्रामीणों से बात करतीं एसडीएम।

**नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद बदले हालात**

पेशकार पुरवा जैसे गांवों की ओर पानी का स्तर धीमी गति से बढ़ रहा है। अधिशाषी अभियंता शशिकांत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में आठ किलोमीटर लंबा बंधा बना हुआ है। वहीं, एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि स्थिति पर हर पल नजर रखी जा रही है। सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के सनावा, टेपरा, कहारन पुरवा, और तेलवारी जैसे नदी के किनारे बसे गांवों के निवासियों के अनुसार सोमवार रात से पानी का स्तर तेजी से बढ़ा है। बाढ़ खंड के अवर अभियंता प्रदीप वर्मा ने कहा कि कटान रोकने के प्रयास लगातार जारी हैं। वहीं, एसडीएम प्रीति सिंह ने मंगलवार शाम को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। तहसीलदार महिमा मिश्रा भी उनके साथ थीं। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार तराई के गांवों में दहशत है। सरयू नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है हालांकि फिलहाल खतरे जैसी कोई स्थिति नहीं है। तहसील प्रशासन बाढ़ की संभावित स्थिति को लेकर अलर्ट मोड पर है।

# प्याज आपूर्ति के नाम पर 3.20 लाख ठगे

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा निवासी एक व्यापारी प्याज खरीदने के नाम पर साइबर ठगी का शिकार हो गया। खुद को नासिक में एटीएस ट्रेडर्स का मालिक बताकर एक व्यक्ति ने व्यापारी से कुल 3.20 लाख रुपये ऐंठ लिए और फरार हो गया।

कस्बा निवासी फरीद अहमद ने प्याज का थोक व्यापार करने के उद्देश्य से ऑनलाइन एक व्यापारी से संपर्क किया, जिसने खुद को एटीएस ट्रेडर्स राजगुरु नगर पिंपलगांव महाराष्ट्र का मालिक बताया। फरीद अहमद को एक मोबाइल नंबर से कॉल आया, और प्याज की सप्लाई की बात तय हुई। विश्वास में लेकर उक्त व्यक्ति ने अलग-अलग तिथियों में फरीद से कुल 3,20,000 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। आरोपी ने ट्रक चालक का मोबाइल नंबर और माल भेजने के फर्जी दस्तावेज भी व्हाट्सएप पर भेजे लेकिन तय समय पर प्याज की आपूर्ति न होने पर जब फरीद ने दोनों मोबाइल नंबरों पर संपर्क करना चाहा, तो दोनों नंबर बंद मिले। ठगी की आशंका पर पीड़ित व्यापारी स्वयं नासिक जाकर एटीएस ट्रेडर्स का पता लगाने पहुँचा, लेकिन वहाँ ऐसी किसी फर्म का अस्तित्व नहीं मिला। जांच में भेजे गए सभी दस्तावेज फर्जी निकले।


लखनऊ में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत करते सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।

### सूचना निदेशालय में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह ने मंगलवार को पं. दीनदयाल सूचना परिसर के मीटिंग हॉल में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत की। यहां उन्होंने कहा कि इस नई पहल से न केवल प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी बल्कि समय की भी बचत होगी तथा विभागीय कार्यों में दक्षता और गति आएगी। इस मौके पर विभाग के वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी संजय कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 16 लाख बकाया होने पर पेपर्स फैक्ट्री सील

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कुर्सी थानाक्षेत्र स्थित यूपीएसआईडीसी प्लाट नंबर 103 पर स्थित मेसर्स रामपलट पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड को प्रशासन ने सील कर दिया है। यह कार्रवाई 16 लाख रुपये का अर्थदंड न चुकाने के कारण की गई है। मामला मेसर्स सुग्रीव इंटरप्राइजेज बनाम मेसर्स रामपलट पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड का है। लखनऊ के अतिरिक्त न्यायालय कक्ष संख्या-11 ने परिवाद संख्या 8261/2019 में एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत कार्रवाही की।

न्यायालय ने 2 अगस्त 2024 को अभियुक्त दिनेश त्रिपाठी को 16 लाख रुपये का अर्थदंड भरने का आदेश दिया। आरोपी द्वारा अर्थदंड की राशि जमा नहीं की गई। इस पर अतिरिक्त न्यायालय लखनऊ ने 4 अप्रैल 2025 को जिलाधिकारी बाराबंकी को बकाया धनराशि वसूली का पत्र भेजा। उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार अभिनव सिंह राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने बंद पड़ी फैक्ट्री को सीलबंद कर सरकार के पक्ष में कुर्क कर लिया। फैक्ट्री को कुर्सी थाने की पुलिस अभिरक्षा में दे दिया गया है।

# दिव्यांगों को नगर निकायों की दुकानों में मिलेगा आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने नगर निगमों और नगर पंचायतों में बनने वाली दुकानों और कीयोस्क में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण लागू करने का फैसला लिया है। इस पहल के तहत नगर निगम और सूडा (राज्य शहरी विकास प्राधिकरण) को निर्देश दिए गए हैं कि वे पुनर्वास योजना के तहत दुकानों का आवंटन प्राथमिकता से दिव्यांगजनों को करें।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा में अपने कार्यालय में नगर निगम और सूडा के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस योजना को जमीन पर उतारने के दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानों और कीयोस्क का आवंटन निर्धारित आरक्षण नीति के तहत किया जाए और इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र दिव्यांगजनों तक जानकारी पहुंचाई जाए।

- **पुनर्वास योजना के तहत दिव्यांगजनों को मिलेगा दुकान संचालन का मौका**

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बैठक में जोर देकर कहा कि नगर निगम और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग संयुक्त रूप से एक नई योजना का प्रस्ताव तैयार करें, जिसके तहत शहरों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से दुकानें बनाई जाएं और उन्हें संचालन का अवसर प्रदान किया जाए। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दुकान निर्माण एवं संचालन योजना के तहत 1318 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 199 दिव्यांगजनों को 19.90 लाख रुपये व्यय कर लाभान्वित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, जिलास्तर पर 766 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी समीक्षा कर शीघ्र ही आवंटन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक का शव घर के अन्दर फंदे से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हुआ मिला। रानीमऊ निवासी हसमत अली अपने पुत्र व पत्नी के साथ धान की रोपाई करने गये थे जबकि इनका बडा पुत्र चांद बाबू घर पर अकेला था। मंगलवार की दोपहर चांदबाबू की मां नाजरीन वापस घर पहुंची तो वहां का नजारा देख दंग रह गयी। चांदबाबू घर के कमरे में रस्सी के सहारे फंदे से लटका हुआ था। चीख पुकार सुनकर आस पडोस के लोग एकत्रित हो गये और युवक को फंदे से उतारकर उपचार के लिए सीएचसी पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## टिनशेड पर बिजली गिरी, पांच घायल

**मसौली, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुरवा निवासी ललित कुमार पुत्र गौरीशंकर बीती रात अपनी मां ज्ञानवती, पत्नी उमा वर्मा, पुत्री माही, पुत्री आकांक्षा के साथ टिनशेड नुमा मकान के नीचे सो रहे थे। मंगलवार की भोर करीब 3 बजे बारिश के दौरान आकाशीय बिजली पिलर पर गिर गई। हादसे में पूरा टिनशेड भरभरा कर गिरने से पांचो लोग घायल हो गये ग्रामीणों के सहयोग से सभी को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया। सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार हसनापुर मजरे हजरतपुर निवासी पशुपालक सरवन ने बताया कि मंगलवार की दोपहर बिजली गिरी जिससे उसकी भैंस की मौत हो गयी।

**वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय, ज्योरी बाराबंकी**

में स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है–

परास्नातक स्तर कला संकाय के अंतर्गत (एम.ए.) पाठ्यक्रम में प्राचीन इतिहास, भूगोल, गृह विज्ञान, हिन्दी एवं समाज समाजशास्त्र तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (एम. एससी.) पाठ्यक्रम हेतु – जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्रत्येक विषयों में 02–02 पद प्रवक्ताओं की।

**योग्यता एवं वेतनमान:–** यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसों के अन्दर समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क स्थापित करे।

**प्रबंधक**
मो0नं0–9454787301

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
पहले मेरा नाम : PRABHAT KUMAR KHARE था से बदलकर PRABHAT KHARE रख लिया है। अब मुझे PRABHAT KIARE के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O - SUDHIR KHARE FLAT NO-303 BCC GRAVITY APARTMENT TIKAIT GANJ MOHAN ROAD LUCKNOW - 226017

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHD USUF से बदलकर MOHD YUSUF रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। C/0-MOHD SALEH SIDDIQUI ADD-45K, KHINNI TALLA, KAHARO KA ADDA, PO-RARBARELI-229001(U.P)

**सूचना**
मैने अपने पुत्र का नाम Aryan Singh से बदलकर Vedant Singh कर दिया है। उसे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये Varun Singh S/o Rakesh Singh, R/o Plot No. 8-9, Chak Malhauri, Malhaur Station Road, Chinhut, Lucknow, 226028.

**सूचना**
मैं **पिंटू पुत्र मनोहरलाल निवासी ग्राम गोठवा पोस्ट गाजू तहसील संडीला जनपद हरदोई** का हूं। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम जगदीश अंकित है और आज के बाद से मैं पिंटू के नाम जाना जाउगा और सभी तरह के कार्य पिंटू नाम से करूगा।

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र राहुल उर्फ भोले व उसकी पत्नी सलोचना के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगें– **अरविंद कुमार अवस्थी पुत्र कृपाशंकर व राधा देवी पत्नी अरविंद कुमार – निवासीगण –साहूपुर –तहसील– बिधूना– जिला –औरैया।**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **सियाराम पुत्र रामयज्ञ ग्राम व पो0 धूरीटीकर, परगना पश्चिम राठ थाना–तारून तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या**, मेरी पत्नी का नाम मीना तथा उपनाम सुशीला है। दोनों नाम मेरी पत्नी का ही है। अतः उसे मीना उर्फ सुशीला नाम से पढा और जाना जाय।

**सूचना**
मैं प्रेम **सागर यादव पुत्र स्व. अमर सिंह यादव निवासी 353/21, लाइन खेड़ा, बी–ब्लॉक, राजाजीपुरम**, लखनऊ सूचित करता हूं कि मैं व मेरा परिवार अपने पुत्र राहुल यादव को उसके अशोभनीय व्यवहार एवं कृत्य से क्षुब्ध होकर अपनी चल अचल से बेदखल करते हुए सभी सम्बन्ध समाप्त करता हूं भविष्य में उसके किसी भी कृत्य एवं लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
सर्वविदित हो कि मैं अपने बड़े पुत्र राकेश कुमार के चाल– चलन से तंग आकर अपनी समस्त चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। इसके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **आत्माराम गौतम पुत्र आशाराम नि0– ग्राम चाकूजोत, थाना – रानीपुर तह0– जनपद– बहराइच**

**सूचना**
मैं **चन्द्रपाल पुत्र गंधर्व नि0 ग्रा0 जूड़ानिवादा, खण्ड बरिंगौं, नौहानौगाँव, रसूलाबाद, ज0 कानपुर (दे0)**, मेरें खातें में मेरा नाम त्रुटिवश शम्भूदास यादव दर्ज हो गया है जबकि सभी सरकारी कागज व आधार कार्ड, पहचान पत्र व खतौनी सभी में चन्द्रपाल पुत्र गंधर्व है यह दोनों नाम मेरें ही हैं मैं दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ।

**सूचना**
मेरा पुत्र शानू व उसकी पत्नी सायरा का चाल चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। यह दोनो अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार है। दोनो के गलत आचरण को देखते हुए समस्त संबंध विच्छेद कर लिया है। साथ ही चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर रहा हूं। **शाबिर अली पुत्र हनीफ अली वार्ड न. 10, रामनगर शिवली तहसील मैथा, जिला – कानपुर देहात**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मनीष तिवारी पुत्र शिवाकान्त तिवारी ग्राम व पोस्ट सलेथू, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मैंने भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 236438013 अपनी पुत्री कु. शिवी तिवारी पुत्री मनीष तिवारी के नाम ली थी। आधार कार्ड में नाम बदलकर दर्शिका तिवारी पुत्री मनीष तिवारी कर लिया। अतः पालिसी में कु. शिवी तिवारी की जगह दर्शिका तिवारी अंकित किया जाये।और भविष्य में इसी नाम से जानी व पहचानी जायेगी।

**सूचना**
सूचित है कि मेरे डी.एल. का लाइसेंस नंबर UP 4020180005698 में नाम PUSHKAR KUMAR दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में PUKSHKAR KUMAR अंकित है। आधार कार्ड के अनुसार डीएल में सही नाम PUKSHKAR KUMAR अंकित किया जाए।
**पुष्कर कुमार पुत्र भागीरथी निवासी घुमनाभारू पोस्ट ककरहा तहसील मोतीपुर, जिला बहराइच।**

# बैंक पात्र लाभार्थियों को वितरित करें ऋण : डीएम

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत जनपद को निर्धारित 1900 लक्ष्य के विरुद्ध 2777 आवेदन प्राप्त हुए



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व साथ में मौजूद अन्य।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने योजनाओं की प्रगति की बैंकवार समीक्षा करते हुए कहा कि प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति और ऋण वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में निर्धारित 171 लाभार्थियों के सापेक्ष 126 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जिनमें से 49 स्वीकृत और 40 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जा चुका है।

**बैठक**

- 2624 आवेदन संबंधित बैंकों को भेजे गए
- बैंकर्स द्वारा 673 आवेदनों की स्वीकृति व 538 लाभार्थियों को वितरित किया गया ऋण

एक जनपद एक उत्पाद योजना में 64 के लक्ष्य के सापेक्ष 63 आवेदन भेजे गए, जिनमें से 16 को स्वीकृति और 10 को ऋण मिला। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में निर्धारित 1900 के लक्ष्य के विरुद्ध 2777 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2624 आवेदन बैंकों को भेजे गए हैं। इनमें से 673 स्वीकृत और 538 को ऋण वितरित हुआ। डीएम द्वारा प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष ऋण वितरण और स्वीकृत आवेदनों की संख्या में कमी पर असंतोष व्यक्त किया तथा बैंकों को योजना को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी बैंकों को प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति और ऋण वितरण का कार्य त्वरित गति से करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को अधिक से अधिक आवेदनों को स्वीकृत कर उन्हें सरकार के मंशानुसार ऋण वितरित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन आवेदनों में कमियां हैं उनसे संबंधित आवेदकों से समन्वय स्थापित कर उनकी कमियों को दूर करते हुए नियमानुसार सभी को शीघ्र अति शीघ्र ऋण वितरित किया जाए, उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

### निवेशकों की समस्याओं को गंभीरता से लें जिम्मेदार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने जनपद के निवेशकों के समस्याओं को भी एक-एक करके गंभीरता के साथ सुना गया और उनके निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर बीना सिंह द्वारा सभी व्यापार एवं उद्योग बंधुओं से अपील की गई कि सभी दुकानदार अपने दुकान के अंदर ही सामानों को रखें। किसी भी सामान को सडक पर व फुटपाथ पर न रखें। इससे आम नागरिकों और ग्राहकों को आवागमन में जाम एवं असुविधा का सामना करना पड़ता है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, उपयुक्त उद्योग, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर सहित व्यापार, उद्योग बंधु के उद्यमी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

**बैठक 4 को, मौजूद रहे संबंधित ब्रांच मैनेजर**

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने आगामी 4 जुलाई को महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में अपराह्न 4 बजे सभी बैंकर्स को लंबित और अस्वीकृत आवेदनों से संबंधित ब्रांच मैनेजरों को लंबित और अस्वीकृत आवेदनों के फाइलों, संपूर्ण विवरण के साथ बैठक बुलाने के निर्देश दिए। साथ ही उपयुक्त उद्योग को लंबित और स्वीकृत आवेदनों से संबंधित इच्छुक सभी आवेदकों और संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी उक्त बैठक में बुलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं का लाभ इच्छुक एवं पात्र लाभार्थियों को सुगमता से उपलब्ध कराना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं है।

### भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : डीएम

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर,अमृत विचार :** डीएम अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कर्नल बीके शुक्ला संयोजक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक बंधु बैठक का आयोजन हुआ। इसमें, एडीएम (न्यायिक), स्टेशन हेडक्वार्टर अयोध्या से कर्नल सुनील त्रिपाठी तथा यूपी सिडको अयोध्या मण्डल अयोध्या के रूपेश, जेई और लगभग 65 भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उपस्थित रहे। सबसे पहले केंद्रीय सैनिक बोर्ड, राज्य सैनिक बोर्ड और अन्य उच्च मुख्यालय से आए हुए पत्रों की विस्तृत जानकारी दी तथा पिछली बैठक में प्राप्त आवेदन पत्रों के प्रोग्रेस के बारे उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों को अवगत कराया। जनपद में एनसीसी बटालियन की स्थापना के बारे में 41 विद्यालयों और इण्टर कालेजों से प्रार्थना पत्र मिले हैं। डीएम ने निर्देश दिया की चेक लिस्ट मंगा लें और जो भी कार्यवाही है उसको सम्पूर्ण किया जाय। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद में डिग्री कालेज की सूची प्राप्त नहीं हुयी है जिस पर जिलाधिकारी ने डीआईओएस से वार्ता करके आगे की कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को और अन्य अधिकारी को निर्देश दिया गया कि अगली बैठक 26 जुलाई तक मामलों का निस्तरण किया जाय तथा भूतपूर्व सैनिकों से कार्यवाही की सन्तुष्टि प्रमाण पत्र लें। उन्होंने जनपद में 03 शहीद द्वार को बनाने के लिये मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला से वार्ता करें। डीएम ने एडीएम न्यायिक को जिला सैनिक कार्यालय का निरीक्षण करके दक्षिण की तरफ रास्ता के बारे में कार्यवाही करके सूचित करें।

# बाढ़ राहत शिविर में देरी होने पर डीएम नाराज

## जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र माझा कम्हरिया व अन्य क्षेत्रों का किया निरीक्षण, जिम्मेदार अधिकारियों को दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने सरयू नदी के जलस्तर के बढने के कारण संभावित कटान के दृष्टिगत संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र माझा कम्हरिया और अन्य क्षेत्रों का भौतिक निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकादरी हासिल की। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी आलापुर सुभाष सिंह को संभावित बाढ़ के दृष्टिगत संबंधित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने और बाढ़ से संबंधित समस्त तैयारी को पूर्व मे ही पूर्ण रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अराजी देवारा में निर्माणाधीन बाढ़ राहत शिविर का भौतिक निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य के धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की एवं कार्यदाई संस्था को निर्धारित समयावधि में समस्त कार्यों को गुणवत्तापूर्णढंग से पूर्ण करने और राहत शिविर परिसर में इंटरलॉकिंग, बेंच लगवाने तथा बाउंड्रीवॉल बनवाने और बाढ़ राहत शिविर बोर्ड भी लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शिविर के संपर्क मार्ग बनाए जाने के लिए पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया। उन्होंने वर्षा काल को दृष्टिगत रखते हुए निर्माणाधीन बाढ़ राहत शिविर में किचन, शौचालय के साथ-साथ विद्युत और पेयजल जैसी आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता पर पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे बाढ़ आने पर बाढ़ प्रभावितों को राहत शिविर में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। इस दौरान मौके पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी आलापुर, तहसीलदार आलापुर और संबंधित थाना के थानाध्यक्ष मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर में व्यापारियों व नागरिकों से बात करते डीएम अनुपम शुक्ला व साथ में एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता।

### इंटरलॉकिंग की गुणवत्ता की जांच कर भेजे रिपोर्ट

**अमृत विचार :** वोल्जेट की समस्या का जिलाधिकारी ने नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर जन सामान्य और व्यापारियों की समस्याओं को जाना। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत आलापुर को इंडस्ट्रीज क्षेत्र सहित संपूर्ण नगर पंचायत में रोस्टर के अनुसार निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और अन्य लोगों के साथ बैठक कर लो वोल्टेज की समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को मार्गों के किनारे इंटरलॉकिंग के गुणवत्ता की जांच कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पंचायत कार्यालय के संपर्क मार्ग को मंडी समिति से समन्वय नियमानुसार नगर पंचायत में दर्ज कर नियमानुसार रोड को बनाने की कार्रवाई पूर्ण करते हुए शीघ्र रोड को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को नगर पंचायत क्षेत्र में संपत्ति रजिस्टर तैयार कर उसे ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश दिए। चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए आठ-आठ घंटे की शिफ्टवार कार्मिकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। कल्याण मंडपम के बेहतर संचालन लिए नियमानुसार की टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से आउटसोर्सिंग से संचालित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए ।

### मुख्य मार्गों और चौराहों से हटाया जाए अतिक्रमण

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि तहसीलदार से समन्वय कर मुख्य मार्ग को चौराहा एवं आदि स्थानों पर अतिक्रमण को हटावाये। उन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स ध्दुकानों के पास डस्टबिन रखवानेए उसका उपयोग सुनिश्चित कराने तथा रात्रि सफाई का अभियान चला कर बेहतर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन अमृतसर के बंद कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यकारी संस्थाध्ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व, एसडीएम आलापुर, तहसीलदार आलापुर, अध्यक्ष नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कॉलेपुर में जुलूसे अजा 7 जुलाई को

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार :** अकबरपुर से सटे ग्राम कॉलेपुर और टांडा तहसील क्षेत्र के मौजा पकरी खास में कर्बलाग के महान बलिदानियों की स्मृति में जुलूसे अजा का सालाना कार्यक्रम आगामी 11 मोहर्रम तदानुसार 7 जुलाई सोमवार को दिन में 10 बजे से आयोजित होगा। आयोजक दिलावर हुसैन व ऐलिया रिजवी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम दिन में 10 बजे से आरम्भ होगा। जिसमें अंजुमन अलमदारिया खनवाई जौनपुर, मासूमिया बाजिदपुर, इमामिया नगपुर-जलालपुर और अंजुमन हुसैनिया जाफराबाद-जलालपुर सम्मिलित होगी।

### नौहा मातम कर कर्बला के शहीदों की याद किया ताजा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** कर्बला के 72 शहीदों की याद में मनाया जाने वाला माह मुहर्रम की 5वीं तारीख को मजलिसों का सिलसिला तेज हो गया है। शिया बहुल इलाकों में नौहा मातम की सदाओं से माहौल गमगीन हो गया है। जाफराबाद स्थित शहादत हुसैन, मास्टर उर्फी, याकूब अली कर्बलाई, कल्बे हसन, इब्ने हसन बड़े बाबू, फैयाज हुसैन के आवास पर आयोजित मजलिसों में अजादारों का हुजूम उमड़ा। छोटे इमाम बाड़ा में इंतजार हुसैन ने कर्बला की दास्तान गमगीन माहौल में पढ़ी। अंजुमन जाफरिया ने नौहा ख्वानी पेश किया। देर रात बड़े इमाम बाड़े में मौलाना असगर एजाज कायमी ने मजलिस को खिताब किया।

### चोरी के मामले में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार :** बीते रविवार को मुंबई गए परिवार के घर को सुनसान पाकर हजारों की नगदी और लाखों के जेवरात चोरी करने के मामले में पीडित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है । मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर बाकर गंज का है। बता दें कि पीडित निसार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरा परिवार मुंबई गया हुआ था, रविवार की रात में मेरे घर में 40 हजार रुपए नगद तथा 16 से 17 लाख रुपए के जेवरात चोर घर में घुसकर उठा ले गए थे।

# डीएम व सीएमओ ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी



संचारी व दस्तक अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम अनुपम शुक्ला।

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार:** डीएम अनुपम शुक्ला ने सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल, एसीएमओ डॉ. सालिकराम, डॉ. संजय वर्मा तथा अन्य चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ संचारी रोग अभियान 1 से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक के लिए शपथ दिलाई गई। डीएम ने सीएमओ की उपस्थिति में आशा, आंगबाड़ी कार्यकर्तीयों की रैली और सभी विभागों की गाडियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। संचारी रोग अभियान की यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर पटेल नगर तिराहा तक निकाली गई। जिला मलेरिया अधिकारी, एसएमओ, डीएमसी, केंद्र अधीक्षक अकबरपुर, सीवीओ,महिला-बाल विकास, नगरपालिका अकबरपुर आदि उपस्थित रहे।

# पारिवारिक कलह में तीन की मौत

संवाददाता,आजमगढ़

**वारदात**

- युवक ने मां, दो बच्चों व खुद को मारी गोली,तीन की मौत, बेटी की हालत गंभीर
- बेटी शुभी को पेट में गोली लगी है, लेकिन उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है

**अमृत विचार :** जिले के जहानगंज थाना क्षेत्र के चकिया मुस्तफाबाद गांव में मंगलवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां पारिवारिक कलह से क्षुब्ध एक युवक ने अपनी मां, दो मासूम बच्चों को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार ली। इस घटना में मां, युवक और उसके चार साल के बेटे की मौत हो गई, जबकि सात वर्षीय बेटी का इलाज जारी है।

चकिया मुस्तफाबाद गांव निवासी नीरज पांडेय (32) वाराणसी में पेट्रोल पंप पर काम करता था और वहीं अपने परिवार के साथ रहता था। एक सप्ताह पहले उसकी पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ गांव आई थी। सोमवार की शाम नीरज भी गांव पहुंचा था। बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर किसी बात को लेकर नीरज का परिवार से विवाद हो गया। गुस्से में आकर उसने पहले अपनी मां चंद्रकला (55), फिर सात वर्षीय बेटी शुभी और चार वर्षीय बेटे संघर्ष को गोली मार दी। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। फायरिंग की आवाज सुनकर गांव में अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसी मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को एंबुलेंस से जहानगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने नीरज और उसकी मां को मृत घोषित कर दिया। बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां बेटे संघर्ष को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि बेटी शुभी का इलाज जारी है। शुभी को पेट में गोली लगी है, लेकिन उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि घटना का कारण पारिवारिक कलह और शराब का नशा माना जा रहा है। मौके से पिस्टल बरामद कर ली गई है और घटना की गहन जांच की जा रही है।

**मोहर्रम** — चौथी मोहर्रम के अवसर पर आयोजित हुई परंपरागत मजलिस

# नमाज अल्लाह का शुक्र अदा करने का उपाय : औन मोहम्मद

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



इमामबाड़ा कोठी राजा साहब में लोगों को संबोधित करते मौलाना औन मोहम्मद रिजवी।

**अमृत विचार :** परवर दिगारे आलम का वादा है अगर तुम हमारी दी हुई नेअमतों का शुक्रिया अदा करोगे तो हम तुम्हारी बरकतों में इजाफा करते रहेंगे। यह बात लोरपुर ताजन स्थित इमामबाड़ा कोठी राजा साहब में मौलाना औन मोहम्मद रिजवी ने कही।

वह जुहैर हसन, सैयद शुबैर हसन व सैयद उजैर हसन की ओर से चौथी मोहर्रम के अवसर पर आयोजित परंपरागत मजलिस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पवित्र कुरान में ही इर्शाद-ए-इलाही है अगर तुमने हमारी नेअमतों का शुक्रिया अदा नहीं किया तो कयामत के दिन तुम्हारे लिए सख्त तरीन अजाब तय है। मौलाना औन मोहम्मद ने बल देकर कहा कि अल्लाह का शुक्र अदा करने का बेहतरीन उपाय नमाज है। उससे पहले हसन अब्बास, अहमद, शीबू, बेलाल, दाऊद ने सोजखानी किया। युवा शायर इर्फान लोरपुरी ने हमनवा जलाल, हमजा, डॉ. घनश्याम, मुन्ने हसन व अहमद के संग अपने लिखे आधा दर्जन नौहे पेश कर मजमें को प्रभावित किया। जिसमें एक नौहे था फातिमा जहरा के दिलबर ने बैय्यत से इंकार किया, दुश्मने दीं के मंसूबों को पलभर में बेकार किया। इस मौके पर सैयद अम्बर हसन, सज्जाद अस्करी जमन, साहब, राजा, हाशिम, जफर, अच्छू समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### ताजपुर मरुई में जुलूसे अजा आज

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अकबरपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम ताजपुर मरुई में हजरत अली अकबर की याद में जुलूसे अजा का वार्षिक मातमी जुलूस कार्यक्रम बुधवार को दिन में डेढ़ बजे से शुरू होगा। सैयद नजर अब्बास काजमी के मुताबिक मौलाना सैयद मोहम्मद आमिर मजमें को संबोधित करेंगे। वहीं इल्तिफातगंज, फिरोजाबाद कौड़ाही, नई बाजार जलालपुर तथा ताजपुर की अंजुमन नौहाखानी-सीनाजनी करेगी।

# लाइनों पर कार्य करते समय सुरक्षा का रखें ध्यान : एके यादव

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** विद्युत वितरण खंड आलापुर के अधिशाषी अभियंता इंजीनियर एके यादव ने सभी संविदा कर्मचारियों और विद्युत लाइनों पर कार्य करने वालों को सुरक्षा उपकरण वितरित किया।

बता दें कि विद्युत वितरण खंड आलापुर से संबंधित सभी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण मुहैया कराते हुए अधिशासी अभियंता ने निर्देशित किया कि लाइनों का कार्य करते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाए और सुरक्षा उपकरण का प्रयोग आवश्य किया जाए। अधिशासी अभियन्ता ने कहा कि विद्युत का काम बहुत जोखिम भरा काम है इसलिए सुरक्षा उपकरण का प्रयोग करें और अपनी जिन्दगी सुरक्षित रखें। विद्युत कर्मी अपने परिवार के साथ समाज की सेवा में समर्पित है और हर एक कर्मचारी का जीवन बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता ने सभी विद्युत कार्य करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण वितरित किया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी कुमार अनिकेत, राधा सिंह, अवर अभियंता रमेश यादव के साथ समस्त अवर अभियंता और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### जलालपुर नपा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान टला

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** एसडीएम जलालपुर का स्थानान्तरण होने के कारण जलालपुर तहसील प्रशासन व नगर पालिका द्वारा सडक के किनारे बनी नालियों तक किए गए अतिक्रमण को हटाने का कार्य ठंडे बस्ते में पड़ गया है। तीन दिन पूर्व से ही अतिक्रमण कर्ताओं को सचेत करने समेत पालिका की तरफ से प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। नगर वासियों की निगाह मंगलवार को पालिका और तहसील प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रही थी। लेकिन जिम्मेदारों ने बताया कि एसडीएम का स्थानान्तरण हो जाने के कारण फिलहाल अभियान को स्थगित कर दिया। बता दें कि जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों द्वारा सड़क की पटरियों तक अतिक्रमण कर लिए जाने के चलते रोड सकरी हो गई है, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है साथ ही प्रतिदिन जाम की व्यवस्था उत्पन्न हो जाती है, जिसके चलते घंटे-घंटे तक जाम लगा रहता है। लेकिन अब इससे निजात दिलाने के लिए तहसील प्रशासन और नगर पालिका ने कमर कस लिया है और ऐसे अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए बताया कि जो लोग मालीपुर रोड से रामगढ़ रोड, सुरहुरपुर रोड, यादव चौराहा से मित्तूपुर रोड, अकबरपुर रोड, यादव चौराहा से उर्दू बाजार में पीडब्ल्यूडी व नगर पालिका द्वारा निर्माण कराए गए नाले तक अतिक्रमण कर लिए हैं वह लोग 30 जून तक स्वयं हटा ले, अन्यथा 1 जुलाई को तहसील प्रशासन और नगर पालिका संयुक्त कार्रवाई करते हुए बलपूर्वक हटाया जाएगा। अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि यह अभियान 1 जुलाई से शुरू होना था। लेकिन उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण के चलते अभियान स्थगित कर दिया गया है।

**एसडीएम के तबादले के बाद कार्रवाई रुकी, अतिक्रमणकारियों को जारी की गई नोटिस**

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर गर्भवतियों से दुर्व्यवहार का आरोप

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर,अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मनमानी से विकास खण्ड जहांगीरगंज में कई गांवो की गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। जिससे उन्हें शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा रहा है। बता दें कि विकास खंड जहांगीरगंज के इटौरी बुजुर्ग निवासी मान सिंह ने गांव की आंगनबाड़ी प्रभारी सुनीता त्रिपाठी पर तहसील दिवस में शिकायत करते हुए कहा है कि उनके दो पुत्र बधुओ से आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने दुर्व्यवहार किया। मान सिंह ने तहसील दिवस में की गई शिकायत में आरोप लगाया है कि उनकी पुत्र बहुएं गर्भवती हैं। जिनको आने-जाने में परेशानी होती है। सुनीता त्रिपाठी द्वारा गर्भवती महिलाओं बार बार अपने घर बुलाकर परेशान किया जा रहा है। गर्भवती महिलाएं आने जाने में सक्षम नहीं हैं लेकिन बावजूद इसके सुनीता त्रिपाठी द्वारा धमकी दी जाती है कि अगर मेरे घर नहीं आओगी तो सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से वंचित कर दिया जाएगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है जिसकी जांच की जा रही है। शिकायत सही मिलने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### 70 साल के बुजुर्गों को मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार :** जनपद में 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को अब इलाज की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। केंद्र सरकार की ओर से विशेष पहल के तहत ऐसे बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जा रहा है, जिससे उन्हें सालाना पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। अब तक जनपद में 17 हजार 10 बुजुर्गों ने आयुष्मान कार्ड बनवा लिया है। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. मुकुल त्रिपाठी ने बताया कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिक योजना के पात्र हैं, चाहे उनका नाम किसी अन्य योजना में हो या नहीं। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए केवल आधार कार्ड की जरूरत होगी, जिसे लेकर जनसुविधा केंद्र या पंजीकृत अस्पताल में जाना होगा। आधार से मोबाइल नंबर लिंक और केवाईसी होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि कार्ड बनवाने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह सुविधा जनपद के जिला अस्पताल, सीएचसी और अधिकृत निजी अस्पतालों में उपलब्ध है। इसके अलावा आयुष्मान भारत ऐप के माध्यम से भी लोग स्वयं कार्ड बनवा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग लोगों को जागरूक कर रहा है, ताकि कोई भी बुजुर्ग इस लाभ से वंचित न रह जाए।

### जनपद के 1591 स्कूलों में शुरू हुआ नया सत्र



विद्यालय में छात्रों का तिलक और पुष्प से स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जनपद के 1 हजार 591 परिषदीय स्कूलों में पठन-पाठन शुरू हो गया है। पहले दिन मंगलवार को विद्यालयों में पहुंचे बच्चों का पारंपरिक तरीके से रोली और चंदन से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों को स्वादिष्ट मिड-डे मील भी परोसा गया ।शिक्षक बच्चों के मन में पढ़ाई के प्रति उत्साह और जुड़ाव पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। नए नामांकन के लिए 15 दिनों का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान शिक्षक मोहल्लों में जाकर अभिभावकों से संवाद करेंगे। वह अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल से जोडने का प्रयास करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाचार्यों को अभियान की सफलता के लिए विशेष जिम्मेदारियां दी गई हैं। स्कूलों को पहले ही बच्चों के स्वागत को प्रेरणादायक और आत्मीय बनाने के निर्देश दिए गए थे। मध्याह्न भोजन में खीर, हलवा और अन्य व्यंजन शामिल किए जाएंगे। विद्यालयों में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### सपा कार्यकर्ताओं ने मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

**आजमगढ़,अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव का 52 वें जन्मदिन पर 52 किलोग्राम का केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सांसद धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, जिलाध्यक्ष हवलदार यादव और विजय यादव ने सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया तथा सपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम में चंद्रदेव राम यादव करैली पूर्व मंत्री, विधायक नफीस अहमद, पूजा सरोज, विधायक अखिलेश यादव, रामदुलारे राजभर, अब्दुल्लाह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### चोरी की 10 बाइक के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार :** कटका पुलिस, स्वाट और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने बाइक चोरों के अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने चार शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई 10 बाइक बरामद की। एएसपी पश्चिमी हरेंद्र कुमार ने मंगलवार को घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बाइक चोरी के दर्ज मुकदमें से सम्बंधित अभियुक्तों की तलाश के क्रम में कटका थाने पर ओमप्रकाश त्रिपाठी के तहरीर पर बाइक चोरी के दर्ज मुकदमे में प्रकाश में आये अभियुक्त इरफान, अफरोज उर्फ फुरकान, सूरज , राजा राम को मंगलवार सुबह खानपुर हुसैनाबाद के निकट गोरखपुर लिंक एक्प्रेसवे से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से दस चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। बरामद मोटरसाइकिलों में चार मोटरसाइकिल थाना कटका, जलालपुर, थाना कप्तानगंज आजमगढ़ तथा गोसाईगंज जनपद अयोध्या से साम्बन्धित है। शेष 6 मोटसाइकिलों के विषय में जानकारी की जा रही है।

### शिविर में 500 से अधिक मरीजों को हुआ इलाज

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** प्रत्येक वर्ष के भांति इस साल भी 1 जुलाई डॉक्टर्स डे के शुभ अवसर पर एक बार फिर नि :शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शिवबाबा धाम में लगाया गया। जिसमे 500 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि :शुल्क परामर्श और साथ ही दवाईयों का वितरण किया गया। यह आयोजन जनपद के डॉ. सोनी होम्योपैथी के संचालक डॉ. देवेंद्र सोनी, डॉ. नरेंद्र सोनी द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ. रजनीश तिवारी, डॉ. डोना इंद्राणी, डॉ. देवेंद्र सोनी, डॉ. नरेंद्र सोनी, प्रवीण दूबे शिव बाबा धाम के गुरु ओम प्रकाश गोस्वामी आदि उपस्थित रहे। डॉ. सोनी ने बताया कि समय-समय पर होम्योपैथिक चिकित्सा का शिविर लगता रहेगा।

### डीएम ने जिला महिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

**आजमगढ़,अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने मंगलवार को जिला महिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्ची काउण्टर, नवजात शिशु कक्ष, जनरल वार्ड, दवा स्टोर रूम, रसोई घर, अस्पताल परिसर आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मरीजों से अस्पताल में दवा मिलता है की नहीं, ईलाज एवं जांच के लिए कोई पैसा तो नही लिया गया, खाना एवं फल मिलता है या नहीं, आदि के बारे में जानकारी लिया। दवा स्टोर रूम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दवाओं के एक्सपायरी को चेक किया। इसके साथ ही उन्होने अस्पताल मे लगे फायर एक्सटींग्यूसर की एक्सपायरी की भी जांच किया। जिलाधिकारी ने सीएमएस को मरीजों को अस्पताल से ही दवाएं दिए जाने एवं अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया ।इस मौके पर सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, डीएफओ जीडी मिश्र, एसीएमओ, सीएमएस जिला महिला अस्पताल डॉ. विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बकुई खुर्द गांव की बिजली 9 दिन से बाधित

**गौरा चौरी, गोंडा :** बभनजोत ब्लाक के बकुई खुर्द गांव में बीते नौ दिनों से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जला हुआ है, लेकिन ग्रामीणों के शिकायत के बाद भी अभी तक उसे बदला नहीं गया है। गांव के अशोक कुमार, राजेंद्र वर्मा, जगदीश वर्मा, कृष्णा चौधरी, विजय नाथ, रामविलास, सूरज वर्मा समेत कई ग्रामीणों का कहना है कि उमस भरी गर्मी से हम लोग परेशान है ग्रामीणों का कहना है की बरसात का मौसम है ऐसे में जहरीले जीव जंतु का भी खतरा बना रहता है। शिकायत के बाद भी खराब पड़ा ट्रांसफार्मर अभी तक नहीं बदला गया। जिस कारण गांव के 500 परिवार अंधेरे में जीने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि 25 केवी का ट्रांसफार्मर है करीब 70 कनेक्शन है जिस कारण बार-बार ट्रांसफार्मर जल जाता है कई बार 63 केवी ट्रांसफार्मर की मांग की गई लेकिन बदला नहीं गया। अगर जल्द ही ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो विद्युत पावर हाउस घारीघाट पर धरने पर बैठने के लिए बाध्य होंगे।

### ट्रक की चपेट में आकर शिक्षक घायल

**करनैलगंज, गोंडा :** कोचिंग पढ़ाने जा रहा एक शिक्षक अज्ञात ट्रक के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन उसे करनैलगंज सीएचसी पहुंचाया गया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम शीशामऊ निवासी सत्य प्रकाश तिवारी करनैलगंज नगर में चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। इसी के साथ वे निजी कोचिंग भी पढ़ाते थे। मंगलवार की सुबह वे मौर्य नगर चौराहे के पास सड़क पार कर रहे थे। उसी बीच एक अज्ञात ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# खुले स्कूल तो चहके नौनिहाल, रोली चंदन से हुआ स्वागत

## पहले दिन स्कूलों में रहा उत्सव का माहौल, शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी और नियमित रूप से स्कूल आने के लिए किया प्रेरित

संवाददाता, गोंडा



उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत करती छात्रा।



प्राथमिक विद्यालय भीखम पुरवा में केक काटते बच्चे। अमृत विचार



प्राथमिक विद्यालय पेरी पोखर में बच्चों को टीका लगाकर स्वागत करतीं शिक्षिका।

**अमृत विचारः** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार से परिषदीय विद्यालय खुल गए। पहले दिन स्कूलों में उत्सव का माहौल रहा। कहीं रोली चंदन के टीके से बच्चों का स्वागत हुआ तो कहीं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। प्राथमिक विद्यालय भीखम पुरवा में पहले दिन केक काटकर बच्चों का स्वागत किया गया।

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद परिषदीय स्कूल 25 जून को ही खुल गए थे लेकिन गर्मी के चलते बच्चों को नहीं बुलाया गया था। बच्चों को एक जुलाई से विद्यालय आने के लिए कहा गया था। मंगलवार को पहले दिन बच्चे स्कूल में पहुंचे तो वह उत्साह से लबरेज थे। शिक्षकों ने भी बच्चों के स्वागत के लिए तरह तरह का इंतजाम कर रखा था। परसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में नव प्रवेशी बच्चों का रोली चंदन का टीका लगाकर और माला पहनकर स्वागत किया गया। पहले दिन विद्यालय में 6 बच्चों का नामांकन किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि बच्चों को नवीन सत्र की पुस्तक उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक विमला, उर्मिला, दीनदयाल, सुमन आदि उपस्थित रहे।

इटियाथोक के प्राथमिक विद्यालय भीखम पुरवा में पहले दिन केक काटकर बच्चों का स्वागत हुआ। प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा ने बच्चों को बधाई दी और उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के विभिन्न विद्यालयों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। प्राथमिक विद्यालय पेरीपोखर में प्रधानाध्यापक अभय गिरि बाबा एवं समस्त स्टाफ ने बच्चों को फूल-माला पहनाकर, रोली-चंदन लगाकर तथा मिष्ठान्न खिलाकर स्वागत किया। कंपोजिट विद्यालय बंजरिया में भी विद्यालय पहुंचने वाले सभी छात्रों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पारसनाथ जायसवाल ने कहा कि,विद्यालय में पढ़ने आने वाले सभी बच्चे हमारे पुत्र-पुत्रियों के समान हैं, इनका सम्मान करना हमारा धर्म है। इस अवसर पर वीरेंद्र तिवारी, अखिलेश चौबे, रतेंद्र शुक्ला, रविंद्र कुमार यादव, पुनीत कुमार, सतीश चौधरी, सूर्यभान, राम, लालता प्रसाद, पूजा मनमोहिनी, ममता उपाध्याय, मीनाक्षी सिंह, सावित्री आदि शिक्षकों ने बच्चों पर पुष्प वर्षा करते हुए तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। बेलसर के कंपोजिट विद्यालय पूरे मोहन में विद्यालय के शिक्षक एवं मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ बेलसर विजय कुमार चौहान के नेतृत्व में विद्यालय खुलने पर बच्चों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। विद्यालय को झालर और गुब्बारों से सजाया गया। विद्यालय में आए हुए बच्चों पर पुष्प वर्षा की गई। रोली चंदन लगाकर बच्चों का अभिनंदन किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने गांव में जाकर अभिभावक से संपर्क किया और बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार सिंह, रंजना द्विवेदी, पुष्पा चौहान, राम करन उपाध्याय, पंकज तिवारी ,ममता श्रीवास्तव, राजकुमारी, शिवकली समेत अन्य मौजूद रहे।

# डॉक्टर्स डे पर सीएचसी पहुंचे बच्चे, चिकित्सकों को कहा थैंक्यू



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया में डॉक्टरों से बात करते लिटिल वांडर्स स्कूल के बच्चे।

**बभनान, गोंडा, अमृत विचारः** मंगलवार को डॉक्टर्स डे के मौके पर बभनान के हरैया स्थित लिटिल वांडर्स स्कूल के बच्चे सीएचसी हरैया पहुंचे। स्कूल की डायरेक्टर शालिनी सिंह ने कहा कि डॉक्टर को धरती का भगवान कहा जाता है। सीएचसी के डॉक्टर विपिन आर्या ने बच्चों से बात कर उन्हे अपने कार्य से अवगत कराया। इस मौके पर स्कूल के प्रिसिंपल दुर्गेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### लायंस क्लब सदस्यों ने किया रक्तदान

डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा एससीपीएम हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें छात्र शौर्य सोमानी, रिशिता अग्रवाल, लायन अजय मित्तल, लायन शिव अग्रवाल सहित 11 लोगों ने रक्तदान किया। क्लब के अध्यक्ष लायन बसंत नेवतिया आदि उपस्थित रहे।

# हिन्दी पाठ्यक्रम में शामिल होंगे संत बनादास



प्रोफेसर शैलेंद्र मिश्र को सम्मानित करते कुलपति प्रो . रविशंकर सिंह।

**गोंडा, अमृत विचारः** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में विचार संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। कुलपति के मुख्य आतिथ्य में आयोजित संगोष्ठी में संत बना दास के साहित्यिक अवदान को स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा की गई। संयोजक डा. शैलेन्द्र नाथ मिश्र का कार्यक्रम में सेवानिवृत्त के उपलक्ष्य में स्वागत किया गया। सेवानिवृत होने वाले आचार्यो में प्रो. शैलेन्द्र नाथ मिश्र (हिंदी), प्रो. आर बी सिंह बघेल( रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन), प्रो. शिव शरण शुक्ल(शिक्षा), प्रो. श्रवण कुमार श्रीवास्तव (प्राणि विज्ञान), प्रो. श्याम बहादुर सिंह (शिक्षक शिक्षा), प्रो राम समुझ सिंह (समाजशास्त्र) का सम्मान महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया गया।

# मनरेगा में भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन

- ज्ञापन सौंप कर अफसरों पर कार्रवाई की मांग
- अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी



सदर व तुलसीपुर विधायक को ज्ञापन सौंपते ग्राम प्रधान। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले में मनरेगा समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार, शोषण और अफसरशाही से नाराज़ ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। सदर ब्लॉक से बड़ी संख्या में प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े लेकिन बुद्धा पार्क के पास पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

मौके पर पहुंचे सदर विधायक पल्टूराम व तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल को प्रतिनिधिमंडल ने अपनी शिकायतें सौंपीं। बाद में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी पवन अग्रवाल को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रधान संघ के उपाध्यक्ष अनूप पांडे ने बताया कि पचपेड़वा ब्लॉक की ग्राम पंचायत विशुनपुर नंदनगर में मनरेगा के तहत बने तीन तालाबों में अनियमितता की जांच रिपोर्ट के बावजूद जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई बल्कि भुगतान कर दिया गया। वहीं बेलभरिया गांव में एक महिला मेट को झूठे मुकदमे में जेल भेज दिया गया जबकि जांच में वह दोषमुक्त पाई गई। प्रदर्शनकारियों ने एफआईआर वापसी और पीड़ित की रिहाई की मांग की।

प्रदर्शन में जल जीवन मिशन योजना में पाइपलाइन के बाद सड़कों की मरम्मत न कराने, पानी की टंकियों के फटने, मनरेगा की मजदूरी 252रुपये तय होने के बावजूद समय पर भुगतान न होने जैसे कई मुद्दे उठाए गए। प्रतिनिधियों का कहना था कि पौधरोपण योजनाओं में कागजों पर ही पौधे दिखाकर घोटाले किए जा रहे हैं और पंचायत समिति की स्वीकृति के बिना जबरन कार्य कराए जा रहे हैं।

प्रदेश सचिव विजय त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती और योजनाओं में पारदर्शिता नहीं आती। पंचायत प्रतिनिधि अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर रहेंगे। प्रदर्शन में प्रधान संघ महामंत्री शशिकांत त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह, जगदबा प्रसाद, जितेंद्र सिंह, शिवा सिंह, राहुल तिवारी, ग्राम विकास अधिकारी संघ से संजय मिश्रा, संतोष मिश्रा, अमरनाथ राय, मनोज वर्मा, अभय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और पंचायतकर्मी मौजूद रहे।

# वृहद रक्तदान शिविर में 55 लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** लायंस क्लब बलरामपुर द्वारा एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन बलरामपुर चीनी मिल के सहयोग से चीनी मिल परिसर में स्थित ऑफिसर्स क्लब में किया गया। इस शिविर में कुल 81 लोगों ने रक्तदान करने के लिए अपना नाम लिखवाया था, जिसमें से 72 लोग उपस्थित हुए और 55 लोगों ने रक्तदान करने का सौभाग्य प्राप्त किया।

शिविर की मुख्य विशेषता रही कि देवीपाटन मंडल में पहली बार एक सम्पूर्ण परिवार ने एक साथ रक्तदान किया। हिमांशु मणि दीक्षित ने अपना 55वां रक्तदान किया, उनकी पत्नी सीता दीक्षित ने अपना पहला, छोटे पुत्र यशवर्धन ने अपना दूसरा और बड़े पुत्र दिव्यांग अंतर्राष्ट्रीय पैराएथलीट हर्षवर्धन ने अपना पहला रक्तदान किया।

इसके अलावा, तीन पति-पत्नी की जोड़ियों ने भी एक साथ रक्तदान किया, जिनमें मनीष सिंह और सुनीति सिंह, बी. एन. ठाकुर और दीपिका ठाकुर, और डी. के. सिंह और पूनम सिंह शामिल थे। शिविर में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ आकांक्षा शुक्ला ने भी रक्तदान किया।

शिविर के आयोजन में लायंस क्लब बलरामपुर के सचिव लायन प्रद्युम्न सिंह और क्लब के एकमात्र चार्टर सदस्य लायन अशोक गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। स्थानीय संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर के ब्लड बैंक की टीम ने भी शिविर में अपना सहयोग दिया। सभी रक्तदाताओं को विशेष प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सार-संक्षेप

### सपा प्रमुख के जन्मदिन पर किया रक्तदान

**बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिन पर बलरामपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष डॉ माणिक लाल कश्यप की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष की तस्वीर को फूलों से सजाकर टीका लगाया गया और केक काटा गया। जन्मदिन पर विशाल श्रीवास्तव सहित कुछ कार्यकर्ताओं ने रक्तदान भी किया। सदर विधानसभा बलरामपुर के गौरा परसा में पूर्व विधायक राम सागर अकेला के नेतृत्व में सामूहिक भोजन और मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधानसभा तुलसीपुर के महाराजगंज तराई पूर्व विधान परिषद प्रत्याशी डॉ भानु त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं संग केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर विधायक गैंसडी राकेश यादव, विशाल श्रीवास्तव सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



रक्तदान करते विशाल श्रीवास्तव।

### 5 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**पचपेड़वा, बलरामपुर।** स्थानीय थाना अंतर्गत एक गांव में 5 वर्षीय बच्ची के साथ दुराचार का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। बच्ची की मां ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार की दोपहर उनकी बच्ची बगल में ही गांव के निवासी अकरम उम्र 50 वर्ष के यहां आंगन में लगे जामुन के पेड़ से गिरे जामुन को लेने गई थी कि आरोपी ने बच्ची को अपने कमरे में ले जाकर छेड़खानी करते हुए दुराचार करने का प्रयास किया। लड़की रोते हुए अपने घर पहुंच कर अपने माता से घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मजगवा चौकी की पुलिस ने गांव पहुंचकर अभियुक्त को हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है लड़की का मेडिकल कराया जा रहा है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' की पहल के साथ अभियान शुरू

**जरवा, बलरामपुर।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत 1 जुलाई से 7 जुलाई तक सुहेलवा वन्य जीव प्रभाग में वन सप्ताह महोत्सव मनाया जाना तय किया गया है। इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों के जरिए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत तुलसीपुर रेंज द्वारा ग्राम गिरधरडीह में पौधरोपण कर भावनात्मक पहल "एक पेड़ मां के नाम" के साथ की गई। इस पहल ने लोगों को न केवल प्रकृति से जोड़ा, बल्कि मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक नया माध्यम भी प्रस्तुत किया। इस आयोजन में वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक ए .के . सिन्हा, प्रभागीय वन अधिकारी गौरव गर्ग, एसडीओ मनोज कुमार तुलसीपुर रेंज, वन क्षेत्राधिकारी अमरजीत प्रसाद जनकपुर, वनरक्षक वागीश नंदन एवं चंद्रभान के साथ-साथ तुलसीपुर शुगर कंपनी से आशीष सिंह तथा बसंत लाल स्मारक अकादमी एंड इंटर कॉलेज, बालापुर जरवा के छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी विद्यार्थियों को अपने घर अथवा गांव के समीप एक वृक्ष लगाने और उसके परिपक्व होने तक उसकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया। वन अधिकारियों ने उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया और बताया कि एक पेड़ न केवल जीवन देता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर है। छात्रों ने भी इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में भाग लेकर उत्साहपूर्वक वृक्ष लगाए और पर्यावरण के प्रति अपने दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव का अनुभव किया। इसके माध्यम से सुहेलवा वन प्रभाग ने जन-सहभागिता को बढ़ावा देकर एक सशक्त संदेश दिया है कि "प्रकृति की रक्षा, हम सबकी सहभागिता" से ही संभव है।



एक पेड़ मां के नाम की पहल के साथ पौधरोपण करते वन विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

### धर्म ध्वजाधारी परिषद के नए पदाधिकारी का हुआ चयन

**उतरौला, बलरामपुर।** धर्म ध्वजाधारी परिषद की बैठक बाबा फक्कड़ दास महाराज के मंदिर में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष विशाल गुप्ता और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संयोजक गुलशन गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रूपेश कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर नए पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिनमें उतरौला नगर के नगर प्रभारी अशोक चौरसिया, तहसील मीडिया प्रभारी हरीश गुप्ता, नगर मीडिया प्रभारी राम सेन और नगर उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता शामिल हैं। जिलाध्यक्ष विशाल गुप्ता ने कहा कि धर्म ध्वजा धारी परिषद एक ऐसा संगठन है जो पूज्य महाराज बृजमोहन दास से जुड़ा हुआ है । नगर अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि महाराज के निर्देशानुसार संगठन के पदाधिकारी उतरौला नगर और आसपास के गांवों में जाकर धर्म का प्रचार करेंगे और लोगों की मदद करेंगे। इस अवसर पर सैकड़ों पदाधिकारी गण उपस्थित रहे, जिनमें महंत वरुण दास महाराज, संजय गुप्ता, महेश गुप्ता, विशाल सोनी शामिल थे।

# 20 गांवों में चलाया गया वृहद स्वच्छता अभियान

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार।** विकास खंड के ग्राम पंचायत मझगवाँ त्रिलोक पुर में एसबीआई फाउंडेशन और पंख संस्था के द्वारा एक वृहद स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 20 गांव के लगभग 200 लोगों ने भाग लिया और स्वच्छता के महत्व को समझा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता का प्रतीक डस्टबिन दिया गया और संभ्रांत लोगों को साल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, कार्यक्रम में आए सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता का प्रतीक एक झोला और एक टोपी दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई और लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मुंह मीठा कर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर पंख संस्था की टीम के डॉक्टर अभय पांडे, स्टाफ नर्स ज्ञानप्रकाश, फार्मासिस्ट राजन कुशवाहा, लैब टेक्नीशियन सुनील कुमार जायसवाल मौजूद रहे।

# कटे बांध की मरम्मत को लेकर ग्रामीणों ने मांगी अनुमति

संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर



क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत नहीं होने पर आक्रोश जताते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राप्ती नदी के किनारे स्थित रुस्तम नगर गांव के ग्रामीणों ने बाढ़ से बचाव के लिए कटे हुए बांध की मरम्मत की मांग को लेकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन से मरम्मत की अनुमति मांगी।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2010 में राप्ती नदी की बाढ़ से बचाव के लिए बांध का निर्माण कराया गया था। लेकिन पिछले वर्ष आई भीषण बाढ़ में बांध का एक हिस्सा कट गया। यदि समय रहते बांध की मरम्मत नहीं हुई तो आगामी बरसात में सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि डूब जाएगी और गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगेगा।

गांववासियों ने प्रशासन से आग्रह किया कि उन्हें मरम्मत कार्य की अनुमति दी जाए ताकि वे स्वयं चंदा एकत्र कर बरसात से पहले कटे हिस्से की मरम्मत कर सकें। ग्रामीणों बोले कि बांध की मरम्मत हर हाल में जरूरी है वरना जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। ग्राम प्रधान गुलाब चंद के अलावा अंबिका प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, अनवारुल हसन, राजेंद्र प्रसाद, अशरफीलाल, गंगाराम, राम सजन, लालमन, साधू सरन, गोकुल प्रसाद, अब्दुल वहाब, अब्दुल्ला, प्रमोद यादव, सुनील यादव, जाकिर अली, राज कुमार, धर्मराज, मजहर अली, राम सागर, राम भवन, ओम प्रकाश मौर्य, सतराम, असगर अली, मोहम्मद मारूफ और मोहम्मद मुश्ताक सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

**संकल्प** विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम एवं डीएम पवन अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किया

# संचारी रोग नियंत्रण और स्कूल चलो अभियान का विधायक ने किया उद्घाटन

संवाददाता, बलरामपुर



स्कूल चलो अभियान रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक व डीएम।

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं स्कूल चलो अभियान द्वितीय फेज का शुभारंभ कंपोजिट विद्यालय रामनगर ग्राम जोरावरपुरा विकासखंड बलरामपुर से हुआ। इस अवसर पर विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम एवं डीएम पवन अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसका विधायक सदर और डीएम ने सराहना एवं उत्साहवर्धन किया। विधायक सदर एवं डीएम ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और विद्यालय के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण किया।

इसके बाद स्वच्छता रैली एवं स्कूल चलो अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षा सत्र के पहले दिन टीका लगाकर किया गया बच्चों का स्वागत



पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों का टीका लगाकर स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

**बलरामपुर/पचपेड़वा।** नई शिक्षा सत्र के पहले दिन जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में खुशी का माहौल दिखा शिक्षकों ने स्कूल आए बच्चों का रोली चंदन लगाकर स्वागत किया।पचपेड़वा शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत 232 विद्यालयों में पठन-पाठन कर शुरू कर दिया गया है। शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं का रोली टीका लगाकर स्वागत किया गया तथा स्कूलों में स्कूल चलो रैली अभियान संचारी रोग के तहत रैली निकाली गई। एक से कक्षा तीन तक की पुस्तक विद्यालयों में वितरण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा ने बताया कि नई शिक्षा सत्र के आरंभ में मध्यान्ह भोजन शुरू कर दिया गया है तथा शिक्षकों से समय के अनुरूप विद्यालय खोलने में बंद करने का निर्देश दिया गया है। विद्यालय निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित अध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक विद्यालय विशुनपुर डीह कंपोजिट विद्यालय नारायनपुर थमुवा, बिशनपुर टनटनवा रमवापुर, शंकरपुर कला समेत सभी विद्यालयों में प्रथम दिन लगभग 80% छात्राओं की उपस्थिति रही।

# खतरे के निशान के करीब पहुंची सरयू, ग्रामीणों में दहशत

## अलग-अलग बैराजों से छोड़ा गया 2.58 लाख क्यूसेक पानी, बुधवार तक घाघरा का जलस्तर खतरे का निशान पार करने की आशंका

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** घाघरा (सरयू) का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार शाम चार बजे सरयू का जलस्तर खतरे के निशान से मात्र 74 सेंटीमीटर नीचे रह गया है। जलस्तर बढ़ रहा है। विभिन्न बैराजों से दो लाख 58 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। माना जा रहा है कि बुधवार की सुबह तक नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर जाएगा। इससे कछार पर बसे ग्रामीणों में एक बार फिर बाढ़ का दहशत दिखने लगा है।

शारदा, गिरजा और सरयू बैराजों से छोड़े गए दो लाख क्यूसेक पानी के चलते नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार को नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। नदी मात्र 74 सेंटीमीटर नीचे रह गई। मंगलवार को भी करीब 2.58 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यह पानी पहुंचते ही नदी खतरे के निशान को पार कर जाएगी। तटवर्ती गांवों में दहशत का माहौल है। हर साल की तरह इस बार भी कटान और पानी के बढ़ते दबाव के चलते कई ग्रामीण पलायन के लिए मजबूर हो सकते हैं। प्रशासन ने संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी जरूरी इंतजाम पूरे कर लिए हैं।



घाघरा का दृश्य। अमृत विचार

करनैलगंज तहसील क्षेत्र में कुल 11 बाढ़ चौकियां और 9 बाढ़ शरणालय को एक्टिव कर दिया गया है। ग्रामीणों के आवागमन के लिए 26 नावें लगाई गई हैं। उधर तरबगंज तहसील में भी बाढ़ से बचाव के लिए कसरत तेज कर दी गई है। सिंचाई विभाग के अधिकारी बांधों की देखरेख में लगे हैं। प्रशासनिक अधिकारी लगातार गांव वासियों को आश्वस्त कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें पूरी तरह से अलर्ट पर हैं। जल पुलिस और एसडीआरएफ को भी तैयार रहने को कहा गया है। बाढ़ शरणालयों में बाढ़ पीड़ितों के ठहरने, खाने-पीने और स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

शरणालय स्थलों में जूनियर हाई स्कूल पसका, पंचायत भवन पसका, प्राथमिक विद्यालय पसका, सकरौर भिखारीपुर बांध, जूनियर हाई स्कूल बहुवन मदार माझा, प्राथमिक विद्यालय चरसड़ी, जूनियर हाईस्कूल नारायणपुर जयसिंह, प्राथमिक विद्यालय पाल्हापुर और प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर शामिल हैं। सभी शरणालयों में प्रभारी अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। इसके साथ ही बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है और बरसात से पहले ही तटबंधों की मरम्मत व मजबूती का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। जिला प्रशासन और तहसील प्रशासन लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी कर रहा है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने को पूरी तरह तैयार है।

**105.330**
मीटर - एल्गिन चरसड़ी ब्रिज

**106.070**
मीटर - खतरे का निशान

**0.74**
सेंटीमीटर खतरे के निशान से नीचे

### लगातार जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी

| | |
|---|---|
| कुल डिस्चार्ज | 258162 क्यूसेक |
| गिरजा बैराज | 125721 क्यूसेक |
| शारदा बैराज | 131337 क्यूसेक |
| सरयू बैराज | 1104 क्यूसेक |

### घाघरा उफनाई, कटान शुरू



तरबगंज इलाके में कटान करती सरयू। अमृत विचार

**उमरी बेगमगंज।** तेजी से बढ़ रहे जलस्तर के बीच कटान शुरू हो जाने से ग्रामीण दहशत में है। दूसरी तरफ माझा इलाके में बाढ़ के संकेत दिखाई पड़ने लगे हैं। नेपाल द्वारा पानी छोड़े जाने के बाद नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है जिससे माझा वासियों में बाढ़ की विभीषिका को लेकर चिंता सताने लगी है। कटान शुरू हो जाने से नदी किनारे रहने वाले वाशिंदे दहशत के माहौल में रात गुजार रहे हैं। आगामी दिनों में इन्हें सुरक्षित स्थान की तरफ पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। यदि इसी तरह तेजी से जलस्तर बढ़ता रहा तो अगले 24 घंटे में कुछ इलाके बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं।

---

## एक नजर

### घर व खेत से गुजर रही बिजली की लाइन

**तरबगंज, गोंडा।** धौरहरा घाट गांव के मजरा झाम पुरवा निवासी युवक ने लाइनमैन पर भ्रष्टाचार का गम्भीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की है। युवक देवमणि मिश्रा ने शिकायत में कहा कि उनके खेत व घर के ऊपर से 11000 हजार की बिजली लाइन गई हुई है। जिसका तार बहुत ढीला है और उनकी दीवार से छू रहा है। इससे उनका घर नहीं बन पा रहा है। खेती भी नहीं हो पा रही है। शिकायत कई बार किया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। लाइन मैन बृजनंदन पाण्डेय लाइन कसवाने के लिए 60000 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। एसडीओ एसके वर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। अगर शिकायत मिलेगी तो कार्यवाही की जायेगी।

### बारिश से पेड़ गिरा, भैंस की दबकर मौत

**रुपईडीह, गोंडा।** सोमवार को दोपहर बाद तेज आंधी पानी आने से खरगूपुर के फरेंदा शुक्ल गांव मे पेड़ की नीचे दबकर भैस की मौत हो गई। प्रधान अन्नू देवी शुक्ला ने बताया कि मधई पुरवा में पशुपालक आनंद सोनकर की भैंस पेड़ के नीचे बांधी हुई थी। इसी दौरान तेज आंधी आने से पेड़ भैंस के ऊपर ही गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना लेखपाल को दे दी गई है। हल्का लेखपाल नृपेंद्र तिवारी ने बताया कि क्षति का आकलन कर आख्या तहसील भेजी गई है।

### आम की गुठली फेंकने को लेकर मारपीट

**गोंडा :** वजीरगंज कस्बा के सोनारनटोला में आम की गुठली फेंकने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी ।सोनार टोला निवासी मदन गोपाल ने थाने पर तहरीर दिया है कि रविवार शाम को बंदर के आम की गुठली गिराने को लेकर पड़ोसी अमन व जैद तथा उनकी पत्नी ने घर पर गुठली फेंकने का आरोप लगाते हुए सहन पर जाकर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की तथा ईंट पत्थर फेंक कर मारा तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट मदन गोपाल व पत्नी गीता चोटिल हो गए। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अमन व जैद को हिरासत में लिया गया है।

### 15 वाहनों का हुआ चालान

**रुपईडीह, गोंडा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कौड़िया के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी अवनीश शुक्ल के साथ गोंडा बहराइच मार्ग पर 31 दोपहिया वाहनों की जाँच की। चौकी प्रभारी ने बताया कि इन वाहनों में से हेलमेट न लगाने व दो से अधिक सवारी बैठाने के आरोप में 15 वाहन चालकों का 17500 रुपये का ई चालान किया गया।

### बिजली बिल बकाया होने पर 11 के काटे कनेक्शन

**गोंडा :** वजीरगंज के अंतर्गत विद्युत उपकेन्द्र मोहनपुर के रुद्रापुर फीडर के परसापुर महडौर गांव में बिजली विभाग की टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान 23 लोगों के कनेक्शन चेक किए गए और 12 बकायेदारों से 24,163 रुपये का बिजली बिल जमा कराया गया। 11 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए जिन्होंने अपना बिजली बिल जमा नहीं कराया था ।अवर अभियंता शिवकुमार ने बताया कि बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जांच के दौरान अंकित तिवारी, मोहित यादव, दीपक पासवान और पवन सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अवर अभियंता ने बताया कि उपभोक्ताओं को अपना बकाया बिजली बिल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### विद्यालय को विलय न करने की मांग

**रुपईडीह।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत देवरिया कला के प्राथमिक विद्यालय नाथूडीह का मर्जर प्राथमिक विद्यालय चौरी परिहार में किए जाने पर ग्राम प्रधान निर्मला देवी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हवलदार, प्रेमधर उपाध्याय, मालती, कंचन देवी, अखिलेश, आशा देवी आदि ने बीएसए से विद्यालय का मर्जर निरस्त किए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि उक्त विद्यालय का मर्जर हो जाने से गाँव के अधिकांश बच्चों को प्राथमिक शिक्षा के लिए दिक्कतें उठानी पड़ेगी।

### डिजिटल लाइब्रेरी शुरू

**बेलसर, गोंडा।** बेलसर में स्थित श्रीराम डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ भाजपा विधायक प्रतिनिधि तरबगंज विनोद पाण्डेय ने किया। कहा कि तरबगंज क्षेत्र में शिक्षा के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। उन्होंने श्रीराम लाइब्रेरी के संचालक इंद्र देव उपाध्याय की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं को तैयारी कर रहे युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर रज्जन बाबा, राम प्रसाद, हनुमान सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

---

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**गोंडा :** इमलिया गुरुदयाल गांव के पाठशाला गली में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मनीष शर्मा के रूप में हुई है, जो बीते कुछ समय से गली के एक मकान में किराए पर रह रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार मनीष की पत्नी पवित्र शर्मा चार माह पहले उसे छोड़कर जा चुकी थी, जिसके बाद वह अकेले ही मकान में रह रहा था। मंगलवार को मकान से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने मकान मालिक नान कसौधन को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां मनीष का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## राज्यमंत्री दानिश आजाद के कैमरामैन की सड़क हादसे में मौत, जांच शुरू

**करनैलगंज, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी के कैमरामैन नितेश तिवारी (22) की एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सोमवार देर रात करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के जहांगीरवा रेलवे क्रॉसिंग के पास हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



नितेश तिवारी (फाइल फोटो)।

करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के बांसगांव निवासी नितेश तिवारी राज्यमंत्री दानिश आजाद के निजी कैमरामैन के तौर पर कार्य कर रहे थे। सोमवार की रात वह अपनी वैगन आर कार से अपने गांव लौट रहे थे। जब वह जहांगिरवा रेलवे क्रॉसिंग के समीप पहुंचे तो क्रॉसिंग बंद थी। क्रॉसिंग के समीप पहुंचने पर वह कार से अपना नियंत्रण खो बैठे और उनकी कार खड़े ट्रक में पीछे से जा टकरायी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही नितेश की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**करनैलगंज :** कोतवाली क्षेत्र के भुलियापुर मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय रोहित गोस्वामी पुत्र जानकी गोस्वामी निवासी ग्राम नैनुआ जगन्नाथपुर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, रोहित लखनऊ से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह भुलियापुर के पास पहुंचा, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि वह मरणासन्न हो गया और कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**नवाबगंज :** लौवावीरपुर गांव के डिहवा मजरे का रहने वाला एक किशोर अपने दोस्त के साथ अमृतसर से घर लौट रहा था। लौव्वावीरपुर निवासी सियाराम यादव ने बताया कि उनका छोटा बेटा अजय 16 गांव के पांच अन्य लोगों के साथ कमाने के लिए एक सप्ताह पहले अमृतसर गया था। वहां काम समझ न आने पर वह ट्रेन से वापस आ रहा था। किन्तु रात्रि में रामपुर जिले में वह ट्रेन से गिर गया और मौके पर ही मौत हो गयी। मंगलवार की सुबह जब पिता ने साथ आ रहे दोस्त रवि को फोन कर हाल जानना चाहा तो रवि ने बताया कि ओ कहीं ख़ो गए मिल नहीं रहे ढूंढ रहे हैं। वहीं युवक की जेब से मिले आईडी प्रूफ आदि के माध्यम से जीआरपी मुरादाबाद ने परिजनों को घटना की सूचना दी।

## सार-संक्षेप

### जलस्तर के बढ़ने से ढेमवा मार्ग पर आवागमन हुआ बंद



नवाबगंज ढेमवाघाट मार्ग पर भरा सरयू की बाढ़ का पानी। अमृत विचार

**नवाबगंज :** सरयू के जलस्तर में निरन्तर वृद्धि के चलते ढेमवा रोड के बाईपास पर पानी आ जाने से मंगलवार के सुबह से इस पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से ठप्प हो गया। मांझा क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसान और मवेशी पालक अपनी उपज और दुग्ध उत्पादन को रोजाना ढेमवा पुल के रास्ते अयोध्या और फैजाबाद के मंडी तक जाते थे। इसके अलावा दिहाड़ी मजदूर और नौकरी पेशा लोगों के साथ पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राएं भी आसानी से अयोध्या पहुंच जाते थे। बाईपास पर पानी भर जाने से इनके समक्ष विकराल समस्या ख़डी हो गयी हैं। प्रशासन द्वारा रोड के बंद हो जाने की तात्कालिक सूचना पट नहीं लगाए जाने से सैकड़ों वाहनों को बाईपास तक आकर वापस लौटना पड़ा। पैदल और साइकिल सवार पानी से होकर आते जाते देखे गए। मानसून के शुरू हो जाने से इस साल भी ढेमवा रोड के कटान वाले स्थल के पुनर्निर्माण की उम्मीद सरयू के धारा में विलीन होती दिख रही है।

### सपा मुखिया का मनाया जन्मदिन, काटे केक



बच्चों के साथ केक काट कर अखिलेश का जन्मदिन मनाते सपा नेता हाफिज मलिक।

**गौरा चौकी, गोंडा :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के पर मंगलवार को केक काटकर बच्चों को उपहार दिए गए। गौरा विधानसभा में सपा नेता हाफिज मलिक की अगुवाई में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनजोत, उर्मिला देवी इंटर कॉलेज कूकनगर ग्रांट व मदरसा ऐरा गौरा चौकी में फल वितरण व केक काटकर बढ़े धूमधाम से मनाया गया। सपा नेता हाफिज मलिक ने स्कूल में बच्चों को चॉकलेट भी बांटे। हाफिज मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही कर रही है। जिससे आम आदमी गरीब मजदूर सहित हर तबके के लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि 2027 में पीडीए की सरकार आ रही है। इस मौके अनिल गुप्ता, मोहम्मद, छोटू शर्मा, रवींद्र वर्मा, राजू, इजहार, सुनील शर्मा पुजारी पांडेय और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खाद्य व औषधि में मिलावट के दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई : डीएम

**गोंडा :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में खाद्य एवं औषधि सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य पदार्थों व औषधियों की गुणवत्ता, मिलावट रोकथाम एवं जन-जागरूकता विषयों पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए कि नियमित जांच अभियान चलाएं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। खाद्य सुरक्षा विभाग को होटल, मिठाई, किराना दुकानों आदि से नमूने लेने तथा रिपोर्ट सार्वजनिक सूचना पट पर चस्पा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने दुकानदारों को लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र दुकान में प्रदर्शित करने की अनिवार्यता दोहराई। वहीं, औषधि निरीक्षक को नकली व एक्सपायरी दवाओं पर कड़ी निगरानी रखने और लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर्स की समीक्षा के निर्देश दिए गए।

### तैराकी की स्टेट चैंपियनशिप में अंश ने झटके तीन स्वर्ण

**नवाबगंज :** तुलसीपुर मांझा गांव के एक छोरे अंश ने लखनऊ में आयोजित तैराकी के स्टेट चैंपियनशिप के तीन स्पर्धाओं में प्रतिभाग करते हुए तीनों का गोल्ड मेडल जीत कर कीर्तिमान रच दिया। तुलसीपुर मांझा गांव के अखंड प्रताप सिंह की 14 वर्षीय बेटा अंश प्रताप सिंह की माता शशी सिंह गोण्डा स्टेडियम में महिला कबड्डी की कोच हैं। बीते 28 से 30 जून के मध्य केडी बाबू सिंह स्टेडियम में आयोजित तैराकी के 39वें सब जूनियर स्टेट चैंपियनशिप के 100 मीटर फ्री स्टाइल में एक मिनट नौ सेकेण्ड के रिकॉर्ड समय में लक्ष्य हासिल करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 200 मीटर के स्पर्धा में दो मिनट पचीस सेकेण्ड तैंतीस माइक्रो सेकंड का समय का नया कीर्तिमान रचते हुए दूसरा स्वर्ण पदक अपने झोली में डालने में कामयाब रहा। प्रतियोगिता के 400 मीटर फ्रीस्टाइल का लक्ष्य पांच मिनट सात सेकेंड पच्चीस माइक्रो सेकंड के रिकॉर्ड समय में हासिल करते हुए एक ही प्रतियोगिता में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाने का इतिहास भी कायम कर दिया। स्टेट चैंपियनशिप में चमकदार प्रदर्शन करने के बाद मंगलवार को नेशनल चैंपियनशिप की तैयारी के लिए अंश बेंगलुरु रवाना हो गया है।



स्वर्ण पदक के साथ अंश।

### दूरदर्शी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी योगेन्द्र पंचतत्व में विलीन

**गौरा चौकी।** जय गुरुदेव संस्था के पूर्व तहसील अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार श्रीवास्तव अब नहीं रहे। वे तीन बार बाबा जय गुरुदेव के द्वारा स्थापित की गई दूरदर्शी पार्टी से विधायक के पद के प्रत्याशी भी रहे। उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि वे काफी दिनों से बीमारी की अवस्था में चल रहे थे लेकिन सोमवार को उनका निधन हो गया और मंगलवार को उन्हें उनके पंचतत्व में विलीन किया गया।

---

## खरगूपुर में तेंदुए की दहशत शावक के दिखे पगचिन्ह

**खरगूपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांवों में तेंदुए का शावक देखे जाने का मामला प्रकाश में आया है। चराते समय पांच बकरियां गायब हो गईं।

ग्राम पंचायत हिंदूनगर बांकी के मजरा रामपुर में रविवार एवं सोमवार को ग्रामीणों द्वारा खेत में तेंदुआ का शावक देखा गया है। इसके बाद लोग दहशत में हैं। गांव के शिव पूजन तिवारी, राजकिशोर, संगम लाल, अमीन का कहना है कि धान की रोपाई के लिए खेत की जोताई करते समय दो दिन के भीतर तेंदुआ का शावक दिखाई पड़ा है। वहीं रामपुर के पतिराम, अनंतराम, दद्दन तथा बढ़ई पुरवा के रईश व फुर्ती ने बताया कि गांव के बाहर जंगल के पास बकरी चराते समय पांच बकरियां अचानक गायब हो गईं। इन लोगों ने आशंका व्यक्त करते हुए बताया कि जंगली जानवर तेंदुआ द्वारा बकरियों को जंगल में ले जाकर निवाला बना लिया गया है। जंगली जानवर के देखे जाने के बाद ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। खेतों तथा बाग में कांबिंग भी किया। वन दरोगा सचिन प्रजापति तथा वनरक्षक समीर रंजन चौधरी ने मौके पर पहुंच कर जानवर के पगचिन्ह का फोटो एवं वीडियो कराया है। वन दरोगा सचिन प्रजापति ने गांव में देखे गए जानवर को फिशिंग कैट बता रहे हैं।



पगचिन्ह देखते वनकर्मी। अमृत विचार

डिप्टी रेंजर अभिषेक प्रताप ने बताया कि मौके पर विभागीय अधिकारी के साथ ही विशेषज्ञ को भेजा गया है। जानवर के पैरों के निशान के फोटोग्राफी के उपरांत जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि कौन जानवर है फिलहाल जंगल से सटे हुए गांव में फिशिंग कैट की मौजूदगी अधिक पाई जाती है टीम मौके पर जांच के साथ ही जानवर के खोजबीन में लगाई गई है।

## जेल में निरुद्ध सहायक अध्यापक को बीएसए ने किया निलंबित

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** बाराबंकी जेल में निरुद्ध एक सहायक अध्यापक को बीएसए अतुल तिवारी ने मंगलवार को निलंबित कर दिया। करनैलगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बरतरा द्वितीय में कार्यरत सहायक अध्यापक विनीत कुमार 11 जून से बाराबंकी जिला कारागार में निरुद्ध है।

बीएसए ने बताया कि विनीत के कारागार में बंद होने सी जानकारी उनके अधिवक्ता ने 21 जून को दी थी। इस पर उन्होने ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी से रिपोर्ट मांगी थी। बीईओ ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि विनीत कुमार ग्रीष्मावकाश के पश्चात विद्यालय में लगातार अनुपस्थित है। उन्होंने विनीत के कारागार में निरुद्ध होने की भी पुष्टि की। बीईओ की रिपोर्ट पर बरतरा द्वितीय के सहायक अध्यापक विनीत कुमार को जेल में निरुद्ध होने की तिथि से निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी राम खेलावन सिंह को सौंपी गयी है।

## 58 लाख स्टांप चोरी कर बेच दिया मां बाराही विद्यालय

▸▸ वसूली के लिए रजिस्ट्रार ने सहायक महानिदेशक निबंधन को भेजी रिपोर्ट

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार:** स्थानीय ग्राम पंचायत में संचालित मां बाराही ज्ञानस्थली विद्यालय बिकने के बाद विवादों के घेरे में है। विद्यालय प्रबंधक द्वारा स्कूल सहित जमीन बेचे जाने के बाद मामले में तरबगंज रजिस्ट्रार ने एक शिकायती पत्र को संज्ञान में लेते हुए जांच की तो हकीकत सामने आई। करीब 58 लाख रुपये की कोर्ट फीस सहित स्टांप की चोरी का मामला सामने आया है।

रजिस्ट्रार ने बताया कि स्कूल की जमीन व भवन का बैनामा गत 20 दिसंबर को बिलेख संख्या 13477 को उमरी निवासी सत्यदेव सिंह ने तेलहा निवासी रामबहाल सिंह पुत्र सुघर बहादुर सिंह के पक्ष में किया गया था। इस बैनामे में तथ्यों को छुपा कर स्टांप की चोरी की गई है। उमरी के ही एक व्यक्ति की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने प्रकरण का भौतिक सत्यापन किया तो लाखों रुपये की स्टांप की चोरी का मामला सामने आया। इसकी पूरी रिपोर्ट सहायक महानिदेशक निबंधन गोंडा को प्रेषित कर दी गई है। शीघ्र ही जुर्माना सहित रकम क्रेता से वसूल की जाएगी। पिछले लगभग 12 सालों से इस विद्यालय का संचालन हो रहा था। परंतु विद्यालय सुचारु रूप से चल नहीं पा रहा था।

> संस्था का हस्तांतरण नहीं किया जा सकता और बिना अनुमति के नये विद्यालय का संचालन करना वर्तमान में एक अपराध की श्रेणी में आता है। प्रकरण संज्ञान में है इसकी जांच की जाएगी।
>
> -आरके सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी, बेलसर

इसलिए प्रबंधक ने तेलहा निवासी रामबहाल सिंह और उनके पुत्र कमल को पूरे विद्यालय का भवन सहित पूरी जमीन बेच दी। क्रेता ने भी आनन-फानन बिना आधिकारिक रूप से मान्यता लिए ही इंटरमीडिएट तक कक्षाएं चलाने के लिए विद्यालय का प्रचार व एडमिशन करना भी शुरू कर दिया।

---

**मुहिम** | संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें : जिलाधिकारी

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ गांधी पार्क से जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, बाल विकास समेत अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीएम ने लोगों से अपील की कि वे साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, जलजमाव न होने दें और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं। उन्होंने कहा कि जुलाई माह में वर्षा के चलते डेंगू, मलेरिया, कालाजार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जनसहभागिता के बिना संचारी रोगों पर नियंत्रण संभव नहीं है। उन्होंने रैली के दौरान मौजूद लोगों को संचारी रोग को लेकर शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर आयोजित रैली में स्वास्थ्य व आशा कार्यकर्ताओं ने स्लोगन और पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लोगों को स्वच्छता, टीकाकरण और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि अभियान 31 जुलाई तक चलेगा, जिसमें घर-घर दस्तक देकर बीमार व्यक्तियों की पहचान, लक्षण वाले मरीजों का रैपिड टेस्ट और इलाज सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सी के वर्मा, डॉक्टर जय गोविंद समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी व अधिकारी मौजूद रहे।




दस्तक अभियान में संकल्प लेते लोग। अमृत विचार

## मोहर्रम जुलूस की तैयारी अधूरी, डीएम को दिया शिकायती पत्र

**गोंडा :** मोहर्रम का पवित्र महीना 27 जून से आरंभ हो चुका है, लेकिन जुलूस मार्ग की सफाई व रोशनी की व्यवस्था अब तक अधूरी पड़ी हैं। इसको लेकर कर्बला, मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मेहंदी रजा खान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में यह स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि नगर पालिका द्वारा जुलूस मार्ग की साफ-सफाई, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था एवं पेड़-पौधों की कटाई का कार्य समय से कराया जाए। लेकिन 5वें मोहर्रम तक भी नगर पालिका ने सिर्फ खानापूर्ति की है। कमेटी ने जिलाधिकारी से मांग की है कि 7वें, 8वें, 9वें व 10वें मोहर्रम को सकुशल जुलूस निकाले जाने के लिए सभी आवश्यक कार्य तत्काल पूर्ण कराए जाएं ताकि किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनादरो विलम्बश्च वै मुख्यम निष्ठुर वचनम।
पश्चतपश्च पश्चापि दानस्य दूषणानि च।।

अपमान करके देना, मुंह फेर कर देना, देरी से देना, कठोर वचन बोलकर देना और देने के बाद पछ्चाताप होना। ये सभी 5 क्रियाएं दान को दूषित कर देती है।

## संपादकीय

# वित्तीय साक्षरता जरूरी

बैंकिंग और वित्तीय नियमों में बदलाव डिजिटल भारत की ओर एक बड़ा कदम हैं। महत्वपूर्ण वित्तीय बदलावों का सीधा असर करदाताओं और बैंक ग्राहकों पर पड़ेगा। इनमें पैन आवेदनों के लिए नया आधार सत्यापन नियम, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा और प्रमुख बैंकों द्वारा क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर संशोधित शुल्क ट्रेन/हवाई जहाज की बुकिंग में आधार ओटीपी की अनिवार्यता जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल हैं। सवाल है कि ये नियम व्यक्तियों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सुविधा कैसे बढ़ाएंगे। साथ ही वित्तीय अपराधों पर नियंत्रण में कैसे मदद करेंगे। नए नियमों से भुगतान प्रणाली में सुधार होगा, जिससे ऑनलाइन लेनदेन और भी सुरक्षित और तेज़ होंगे। यानी ये नियम ग्राहकों को अधिक सुरक्षा प्रदान करेंगे, धोखाधड़ी को कम करेंगे और बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करना आसान बनाएंगे। नए नियमों से ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग लेनदेन अधिक सुरक्षित होंगे। जिससे धोखाधड़ी और हैकिंग का खतरा कम होगा। बैंकों को अपने ग्राहकों को लेनदेन और खातों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होगी, जिससे ग्राहकों को अपने वित्त पर बेहतर नियंत्रण होगा। नए नियमों से बैंकिंग क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्राहकों को बेहतर और अधिक नवीन बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच मिलेगी।

बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में हाल के बदलावों और भविष्य की दिशा पर बात की जाए तो कहा जा सकता है कि बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र, एक गतिशील और तेजी से बदलता हुआ क्षेत्र है, जो लगातार नवाचार और सुधारों का सामना कर रहा है। हाल के वर्षों में, इस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। परिवर्तनों का प्रभाव बैंकों, वित्तीय संस्थानों और ग्राहकों पर समान रूप से पड़ा है। वित्तीय स्थिरता को भी बनाए रखने की आवश्यकता है ताकि बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली आर्थिक विकास और विकास का समर्थन कर सकें। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में बदलावों के साथ, बैंकों और वित्तीय संस्थानों को अनुकूलन करने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। वास्तव में हम एक ऐसे वित्तीय भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोपरि होगी। देश में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना जरूरी है ताकि लोग अपने वित्तीय अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझ सकें।

# ईरान-इजराइल युद्ध का वैश्विक राजनीति पर प्रभाव



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है।

आखिरकार ईरान-इजइयल युद्ध में अमेरिका को खुलकर सामने आना पड़ा, लेकिन उसके द्वारा प्रयुक्त अमेरिकी बंकर बस्टर बमों ने इरानी परमाणु ठिकानों को कितना नुक्सान पहुंचाया, यह तो भविष्य ही बताएगा। इजराइल ने युद्ध शुरू होने से पहले ही कहा था कि उसका उद्देश्य ईरानी परमाणु कार्यक्रम को नेस्तनाबूद करना तथा वहां सत्ता परिवर्तन कराना है। सत्ता परिवर्तन या प्रमुख धार्मिक नेता के बारे में तो इजराइल सफल नहीं हो पाया, उल्टे जिस तरह ईरान ने प्रतिक्रिया स्वरूप इजराइल के शहरों पर बमबारी की और मिसाइल दागे, इससे स्पष्ट हो गया कि ईरान अब पहले जैसा देश नहीं रह गया है और दूसरे कि इजराइल का एयर डिफेंस डोम अब सुरक्षित नहीं है। इस युद्ध का वैश्विक असर अमेरिका, इजराइल, पश्चिम एशिया, रुस, चीन, पाकिस्तान सहित भारत पर भी पड़ा है।

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है। इरान युद्ध के समय अमेरिका, यूरोप और इजराइल के समर्थकों पर खाड़ी देशों से सामूहिक तेल प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर सकता है जैसा कि 1973 के योम किप्पुर युद्ध के समय लगाया गया था। इतना ही उसके प्राक्सी मिलीशिया मसलन हमास और हिजबुल्ला आदि खाड़ी देशों में अमेरिकी और इजराइली सैन्य अड्डे पर हमला कर सकते हैं। इराक जो विश्व को प्रतिदिन 4 मिलियन बैरल से अधिक तेल की आपूर्ति करता है, इन हमलों का निशाना आसानी से बन सकता है। ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रमों पर रोक लगाने की जिद का असर कम से कम सऊदी अरब और यूएई की महत्वाकांक्षाओं पर भी पड़ेगा क्योंकि इस तरह से यह क्षेत्र पूरी तरह से इजराइल के रहमो-करम पर रह जाएगा, क्योंकि यह एकमात्र परमाणु-सक्षम देश है, जो अमेरिका की इजराइली सैन्य श्रेष्ठता को बनाए रखने की नीति के अनुकूल है। अमेरिका द्वारा खाड़ी देशों में रूसी संपत्तियों को जब्त करने,



टैरिफ और आर्थिक नीतियों ने मध्य पूर्व में पश्चिमी निवेशों को लेकर एक अशांति उत्पन्न कर दी है। भले ही उपरी तौर पर यहां लोग व्यापारिक हित में अमेरिका और पश्चिमी देशों का सहयोग कर रहे हो, खाड़ी के अधिकांश देश फिलिस्तीनी समर्थक और अमेरिका विरोधी है।

इस युद्ध में इजराइल का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना था या उस पर निर्णायक चोट करनी थी जिसमें वो सफल भी हुए हैं लेकिन इसने सिर्फ आधारिक संरचना नष्ट कर दिया है, वैज्ञानिकों को मार दिया है लेकिन उनका परमाणु ज्ञान तो नहीं मिटा सके हैं जो ईरानी शासन ने कई वर्षों में जमा किया है। इतना ही नहीं अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या हवाई हमलों ने उस नौ सौ पाउंड यूरेनियम को नष्ट कर दिया है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, ईरान ने पहले ही हथियार-ग्रेड की गुणवत्ता के करीब समृद्ध कर लिया था। इसके अतिरिक्त इस युद्ध में ईरान पर अमेरिका इतना निर्णायक दबाव नहीं बना पाया है कि उसे बिना शर्त वार्ता के टेबल पर आने के लिए मजबूर कर दे। यहां तक कि परमाणु ठिकानों पर हमले के जबाव में उसने अमेरिकी अड्डों पर भी बमबारी की ही साथ में युद्धविराम की घोषणा के बाद भी इजराइल पर मिसाइल दागे।

यह सच है कि इजराइल ने अपने से पचहत्तर गुना बड़े देश ईरान जिसकी जनसंख्या उससे नौ गुना अधिक है, पर मिसाइल, ड्रोन से बमबारी कर उसके परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल कर एवं अमेरिका को सीधे लड़ाई में लाकर उसने दशकों पुराना लक्ष्य हासिल कर लिया है। राजनीतिक रूप से देखें तो भारत इजराइल और ईरान के बीच टकराव में कहीं फंस गया है क्योंकि दोनों के साथ उसके महत्वपूर्ण रणनीतिक हित हैं। भारत के लिए इजराइल महत्वपूर्ण रक्षा आपूर्तिकर्ता है, जबकि ईरान अपने बंदर अब्बास बंदरगाह के माध्यम से भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान में रणनीतिक प्रवेश द्वार प्रदान करता है। हाल के भारत पाकिस्तान युद्ध में इजराइल ने भारत का खुलकर समर्थन किया था परंतु भारत ऐसा नहीं कर सका क्योंकि दूसरा पक्ष भी उसका मित्र देश था। इतना ही नहीं रूस और अमेरिका के साथ भी उसके प्रतिस्पर्धी हित हैं, जो इस संघर्ष में विपरीत पक्षों पर खड़े थे। आर्थिक रूप से, भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग अस्सी प्रतिशत आयात करता है, जो खाड़ी देशों से प्रभावित हैं। भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता में अटूट विश्वास है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मौजूदा व्यवहार को देखते हुए लगता है कि अमेरिका के साथ भारत के रणनीतिक संबंध लगभग खोखले हो चुके हैं। चीन के साथ भारत के रिश्ते वैसे ही ठंडे पड़े हुए हैं क्योंकि वह चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ खड़ा है। परंपरागत मित्र रूस इस समय खुद को अलग-थलग महसूस कर रहा है, क्योंकि भारत स्कैंडिनेविया से लेकर भूमध्य सागर तक यूरोप के रूसोफोबिक देशों के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि अमेरिका का मुख्य रोष यही है कि भारत रुस से तेल और रक्षा सामग्री आयात कर रहा है जबकि अमेरिका स्वयं भारत को रक्षा हथियार बेचना चाहता है।

इसके साथ ही ईरान भी हाल के युद्ध में भारत का समर्थन न पाने और भारतीय पश्चिम एशियाई रणनीति में इजराइल को दिए गए महत्व से खुश नहीं हो सकता है। हालांकि ईरान पहले विश्व राजनीति में भारत का काफी महत्वपूर्ण समर्थन किया था। तीस साल पहले जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पाकिस्तान और ईरान के बीच एक कूटनीतिक युद्ध हुआ था, जब ईरान ने यूएनएचआरसी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस्लामिक सहयोग संगठन के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था, जिसमें कश्मीर में भारत के कथित मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा की गई थी। इसलिए मध्य पूर्व के संबंध में भारत को एक ठोस, संतुलित और चतुर रणनीति बनाने की आवश्यकता है। जहां तक पाकिस्तान का प्रश्न है तो इस युद्ध में उसने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर लिया है। इरान इजराइल युद्ध में अमेरिकी हमले के बाद पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस और चीन के साथ मिलकर तत्काल और बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। यद्यपि इस मसौदा प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से अमेरिका या इजरायल का नाम नहीं लिया गया, लेकिन इसमें ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमलों की निंदा की गई। जबकि ईरान के साथ उसके संबंध और परमाणु शक्ति संपन्न देश होने को ध्यान में रखकर ही डोनाल्ड ट्रम्प ने उसका समर्थन प्राप्त करने के लिए सैन्य प्रमुख मुनीर को लंच पर बुलाया था। इसके बावजूद ईरान के समर्थन में यह पाकिस्तान द्वारा रणनीतिक स्वायत्तता का एक आश्चर्यजनक रूप से मुखर प्रदर्शन है। ईरान के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस और चीन के साथ मिलकर काम करना न केवल एक साहसिक सोच का प्रदर्शन है, बल्कि उभरते बहु-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने की दिशा में पाकिस्तान की परिपक्वता का संकेत भी है। जाहिर है कि यह भारतीय हित में नहीं है। इस प्रकार स्पष्ट है ईरान -ईजराइल युद्ध भले ही युद्धविराम की स्थिति में है लेकिन यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। ना तो ईरान अपनी सुरक्षा के लिए अपनु परमाणु कार्यक्रमों को इतनी आसानी से रोक देगा और ना ही इजराइल फिलिस्तीन सहित ईरान या अन्य किसी मध्य पूर्व के देशों को इतना शक्तिशाली बनने का अवसर देना चाहेगा जो उसके अस्तित्व के लिए ख़तरा हो। लेकिन यह भी सच है कि जब तक इज़राइल और अमेरिका मध्य पूर्व में एक स्वतंत्र फ़िलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए सहमत नहीं हो जाते हैं, तब तक मध्य पूर्व में अस्थिरता और अशांति जारी रहने की संभावना बरकरार है।

## प्रसंगवश

# नदियों में बढ़ता प्रदूषण और धार्मिक संस्कार





कुछ दिन पहले एक वीडियो देख मैं अभिभूत हो गया। इसमें लोग बरसात में कावेरी नदी के जल के आगमन पर फूलों से उसका स्वागत कर उसे प्रणाम कर रहे थे। अपनी नदियों के प्रति ऐसी श्रद्धा देख कोई भी व्यक्ति भावुक हो सकता है। मनोज कुमार की फ़िल्म का एक गीत भी है। "इतनी ममता नदियों को यहां माता कह के बुलाते हैं" लेकिन एक दूसरी तस्वीर भी है। तमिलनाडु की एक नदी तामिरबरणी को भयंकर प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रदूषण की वजह है कि लोग इसमे अपने मृतकों के कपड़े, गद्दे, तकिए, फोटो फ्रेम, मिट्टी के बर्तन आदि फेंकते हैं। ऐसा वो भविष्य वक्ताओं के कहने पर धार्मिक संस्कारों के तहत करते हैं। ये सब इतनी अधिक संख्या में होने लगा कि नदी की धारा ही चोक हो गई और इसमें रहने वाली मछलियों और कछुओं के जीवन को खतरा हो गया।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

इस नदी से चार जिलों को पीने का पानी भी सप्लाई होता है। इसलिए पर्यावरण वादियों ने इस धार्मिक संस्कार के विरुद्ध आवाज उठाई। और नदी को गंदा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की मांग की। इस धार्मिक संस्कार के लिए सरकार ने जगह-जगह डस्ट बीन रखे हैं लेकिन लोगों के कहने पर लोग नदी में ही कपड़े डालते हैं।

आखिर एक पर्यावरण प्रेमी बी मूर्ति, रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर के नेतृत्व में लोग सामने आए और उन्होंने इसे साफ करने का बीड़ा उठाया। आप विश्वास नहीं करेंगे कि उन्होंने नदी से 94 टन मृतकों के कपड़े, 975 किलो गिलास फोटो फ्रेम, 275 किलो नैपकिन, डायपर और 4 टन प्लास्टिक वेस्ट 21 दिन की अथक मेहनत के बाद निकाले। अब अपनी नदियों को लेकर ये दो भाव हमारे सामने हैं। दोनों ही भावों में नदी को आदर दिया गया है। लेकिन क्या नदी को हमारे आदर की जरूरत भी है। हमें सोचना होगा कि क्या हमारा ये मान सत्कार नदी के अस्तित्व पर संकट तो नहीं ला रहा।

मेरा पहला सवाल है कि आखिर नदी को नदी क्यों नहीं रहने देते। जब हमने उसका यही हश्र करना है तो उसे माता मानने की जरूरत ही क्या है। दूसरा सवाल है कि हमारे सारे धार्मिक संस्कार जो नदियों को प्रदूषित करते हैं। उसके लिए एक बड़े अभियान द्वारा लोगों को समझाया क्यों नहीं जा सकता जिससे हमारे धार्मिक संस्कारों का स्वरूप थोड़ा बदला जाए ताकि हमारी नदियां, जलीय जीव जंतु सही से सांस ले सकें। जैसा कि कुछ जगह जागरूकता आने के कारण अब देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन बहते पानी की जगह कृत्रिम जलाशयों में किया जाता है।

इस संबंध में कोर्ट ने रोजी-रोटी के संकट को देखते हुए मूर्तिकारों के पक्ष में एक फैसला भी दिया और उन्हें केवल प्राकृतिक रंग और मिट्टी की जगह प्लास्टर ऑफ पेरिस और कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल से प्रतिमाएं बनाने की इजाजत दी। लेकिन साथ ही एक आदेश भी दिया कि ऐसी प्रतिमाओं का विसर्जन बहते हुए पानी मे नहीं किया जा सकता। समय अनुसार अगर हम और हमारे धार्मिक संस्कार नहीं बदले तो मनुष्य के अस्तित्व पर ही संकट आ सकता है।

उत्तराखंड हाई कोर्ट के एक निर्णय अनुसार नदियों को जीवित इकाई माना गया और नदियों को भी मनुष्यों समान कानूनी अधिकार दिए गए। लेकिन 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया और नदियों को जीवित इकाई मानने से इनकार कर दिया। क्या ही बेहतर होता अगर उत्तराखंड कोर्ट का फैसला बरकरार रहता। और हम कम से कम नदियों के अधिकार के लिए लड़ तो सकते थे।

# बाल स्वास्थ्य की दिशा में अनूठा कदम

हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के द्वारा बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं हितों को ध्यान में रखते हुए एक अभूतपूर्व कदम उठाया गया है। सीबीएसई के द्वारा सम्बद्ध विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने परिसर में 'शुगर बोर्ड' की स्थापना करें। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बच्चों के द्वारा शर्करा के सेवन पर निगरानी रखना एवं यदि वह आवश्यकता से कहीं अधिक हो रहा है तो उस पर नियंत्रण करना है। निस्संदेह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा की गई यह पहल नितांत सराहनीय एवं दूरदर्शितापूर्ण है क्योंकि उच्च शर्करा स्तर की समस्या आज वयस्कों से लेकर बच्चों तक को अपना शिकार बनाती जा रही है। सीबीएसई के अनुसार विगत दशक में बच्चों में टाइप-2 मधुमेह के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एक समय था जब इस बीमारी का बच्चों के साथ दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था एवं इसके मामले केवल वयस्कों अथवा वृद्धों में ही देखे जाते थे।

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं। अगर हम विगत कुछ दशकों के दौरान बच्चों की जीवनशैली, खानपान, रहन-सहन तथा शैक्षणिक एवं शारीरिक गतिविधियों में होने वाले परिवर्तनों पर सम्यक दृष्टिपात करें तो निश्चित रूप से हम उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर खोजने में भी सफल हो जाएंगे। दरअसल कुछ दशकों पूर्व के बच्चों एवं आज की नई पीढ़ी में जमीन आसमान का अंतर है। यदि हम खानपान की बात करें तो जहां पहले की पीढ़ी स्वस्थ, संतुलित एवं पोषणयुक्त खान-पान से जुड़ी थी, वहीं आज की पीढ़ी फास्ट फूड,



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं।

जंक फूड एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अंदर ही पोषण, भूख एवं स्वाद को ढूंढ रही है। अब वह ऐसा अपनी इच्छा से कर रही है अथवा करने पर विवश है, यह तो स्पष्टतः नहीं बताया जा सकता। वहीं अगर हम व्यायाम अथवा शारीरिक गतिविधियों की बात करें तो जहां पुराने जमाने के बच्चे खेलकूद, योगासन एवं अन्य स्वास्थ्यप्रद गतिविधियों से जुड़े थे, तो आज की आधुनिक पीढ़ी मोबाइल गेमिंग एवं सोशल मीडिया जैसी झूठी दुनिया में ही खेलकूद का आनंद तलाश रही है। खास बात तो यह है कि आज के बच्चे जंक फूड एवं मोबाइल गेमिंग जैसे छदम परिदृश्य में ही अति प्रसन्न हैं, लिहाजा अगर उनको स्वस्थ जीवन शैली एवं खान-पान से परिचित कराने का प्रयास भी किया जाए तो वह उनको कतई रास नहीं आता।

सीबीएसई के द्वारा स्कूलों के प्रधानाचार्यों को इस योजना के संबंध में पत्र लिखा गया है एवं कहा गया है कि बच्चों में बढ़ते शुगर लेवल का प्रमुख कारण है- शर्करा का अति सेवन। प्रायः ऐसा देखा जाता है कि स्कूलों के आसपास स्नेक्स, कोल्ड ड्रिंक एवं अन्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। मध्यावकाश अथवा स्कूल से छुट्टी के समय में विद्यार्थी इन पर ऐसे टूटते हैं जैसे कि मानो उन्हें कोई बड़ा खजाना बड़ी लंबी प्रतीक्षा के बाद प्राप्त हो गया हो। जाने अनजाने में वे उन पदार्थों का सेवन अपनी क्षुधा को शांत करने के लिए करते हैं जो उनके लिए नितांत हानिकारक होते हैं। जाहिर सी बात है कि जब पेट जंक फूड से ही ठसाठस भर जाएगा तो फिर स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन के पेट में जाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। खास बात तो यह है कि जंक फूड एवं प्रसंस्कृत पदार्थों से दोस्ती बच्चों की दिनचर्या का अंग बन चुकी है। बदल बदल कर जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक इत्यादि का सेवन करना बच्चों की आदत में आ चुका है।

अध्ययन बताते हैं कि चार से दस वर्ष की आयु के बच्चों के दैनिक कैलोरी सेवन में चीनी का अंश 13 फ़ीसदी है तथा 11 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 15 फीसदी है, जबकि बच्चों के लिए चीनी सेवन की अनुशंसित सीमा 5 प्रतिशत ही है। स्पष्ट है कि बच्चों के द्वारा आवश्यकता से कहीं ज्यादा चीनी का सेवन किया जा रहा है। इस संबंध में भारत में हुए अध्ययन की रिपोर्ट बेहद चिंताजनक है। भारत में 88.6 फ़ीसदी विज्ञापन उच्च फैट, नमक एवं चीनी युक्त उत्पादों के हैं। इस मामले में हम सभी को ब्रिटेन से प्रेरणा लेनी चाहिए। ब्रिटेन में अक्टूबर 2025 से टीवी एवं सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर जंक फूड विज्ञापनों पर आंशिक रोक लागू करने की योजना बनाई जा रही है। निश्चित है कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से बच्चों में जंक फूड के प्रति आकर्षित होने एवं ललचाने की प्रवृत्ति में ह्रास होने की पूर्ण संभावना होगी। इन सभी पहलुओं को देखकर एवं विचार करने के उपरांत यह कहा जा सकता है कि सीबीएसई के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर उठाया गया कदम नितांत विवेकपूर्ण एवं प्रशंसनीय है।

## सोशल फोरम

# धरोहरों का हो संरक्षण

वृंदावन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित श्रीबांकेविहारी मंदिर कॉरिडोर के भूमि की नाप-जोख और सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। बताया जा रहा कि यह गलियारा लगभग पांच एकड़ भूमि पर निर्मित होगा।

दो दिन पूर्व ब्रज संस्कृति शोध संस्थान के प्रकाशन अधिकारी गोपालशरण शर्मा ने इस पूरे क्षेत्र में आ रहे प्राचीन धरोहर स्थल एवं मंदिरों का अवलोकन कराया जिसके बाद इस क्षेत्र की धरोहरों के प्रति हमारी चिंताएं गंभीर हो गई हैं। उदाहरण के लिए हमने ठा.श्रीराधामोहन के सुंदर दर्शन किए। यह पूरा परिसर राधामोहन का घेरा कहलाता है। यह 16वीं सदी में आबाद हुआ एक प्राचीन परिसर है, जहां श्रीराधावल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक महान रसिकाचार्य श्रीहित हरिवंश गोस्वामी के दूसरे सुपुत्र गोस्वामी श्रीकृष्णचन्द्र महाराज के सेव्य विग्रह ठा.श्रीराधामोहन का मंदिर स्थापित है, जो वृन्दावन में शाही लाल पत्थर से निर्मित 16 वीं सदी के मंदिरों में से एक है। यह मंदिर श्रीराधावल्लभ के पुराने मंदिर के साथ का ही बना था। हम जानते ही हैं कि आज श्रीराधावल्लभ का पुराना मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित एक स्मारक है। इन दोनों मंदिरों में प्रयुक्त हुए पत्थर, तोरण, द्वार, वास्तुशिल्प आदि की समानता को देख कर भी यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि ये दोनों मुग़लकालीन संरचनाएं एक ही युग की देन हैं। राधावल्लभ संप्रदाय के वाणी साहित्य से ज्ञात होता है कि 18 वीं सदी में राधामोहन घेरे का परिसर अत्यन्त रमणीय और हितकुल का प्रमुख स्थान था।



लक्ष्मीनारायण तिवारी
सचिव, ब्रज संस्कृति शोध संस्थान, वृन्दावन

यहां मंदिर में हमारी भेंट सेवायत गोस्वामी श्रीमृदुल वल्लभ से हुई जिन्होंने हमें बड़े दुखित मन से बतलाया कि कॉरिडोर निर्माण हेतु ठा. श्रीराधामोहन के प्राचीन मंदिर सहित पूरे परिसर को नाप लिया गया, प्रस्तावित कॉरिडोर के नक्शे के अनुसार ठा.श्रीराधामोहन मंदिर को तोड़ा जाना है जिसके लिए नाप कर नंबर डाल दिए गए हैं। धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक वृंदावनी धरोहरों के संरक्षण का एक बड़ा प्रश्न हमारे सामने खड़ा है। आज जिस प्रकार के हालात है वह हम सब के लिए विचारणीय है।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्रैश जहाज से जिंदा बचे शख्स जैसे अखिलेश यादव

संघर्षों से लड़ने और बढ़ने की विरासत लिए अखिलेश यादव राजनीतिक कुशलता में अपने पिता मुलायम सिंह यादव से कम नहीं हैं। भाजपा की धुरी यूपी में मोदी-योगी की लोकप्रियता की सुनामी में सबसे बड़े विपक्षी दल के तौर पर सपा की शक्ति को बचा पाना अखिलेश यादव की बड़ी उपलब्धि है। तब जब भाजपा के फैलाव में पिछले एक दशक में देश के शक्तिशाली दल टूट गए, बिखर गई, बौने हो गए। पार्टी को बचा पाना, संभाल पाना और ऐसे दौर में सपा के इतिहास में पहली बार 2024 में लोकसभा चुनाव में 37 सीटें जीतना अखिलेश की राजनीतिक दक्षता का चमत्कार है। इतनी सीटें तो मुलायम सिंह अपने स्वर्णकाल में भी नहीं जीत सके थे। अभिनेत्रा राजकपूर के गीत के निर्देशन में राजनीतिक गाड़ी चलानी पड़ती है-ऐ भाई जरा देख के चलो, आगे ही नहीं पीछे भी, दाएं ही नहीं बाएं भी...कहते हैं कि सियासत में युद्ध कौशल का प्रदर्शन हर जगह होता है। घर के बाहर विरोधी से ही नहीं घर के अंदर के प्रतिद्वंद्वीयो से भी लड़ना होता है। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहते अपने चाचा और उनके गुट से अखिलेश नहीं लड़ते तो शायद आज पिता मुलायम सिंह की कुर्सी का सौ फीसद हिस्सेदारी का हक नहीं मिल पाता। चाचा शिवपाल यादव उनकी समानांतर ताकत में होते। नेता जी के बाद पार्टी में एकक्षत्र ताकत का संकट तो गहराता ही।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत– अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने हर मोर्चे पर युद्ध लड़ा। अपनों से भी लड़ाई जीती और भाजपा के तीव्र तूफान में भी पार्टी की नैय्या बचा ली।'

बसपा सुप्रीमों मायावती यूपी की शीर्ष नेताओं में शुमार हैं, भाजपा के स्वर्णकाल में बसपा विपक्ष के लायक भी नहीं रही। लगभग डेढ़ दशक तक ये कहा जाता रहा कि प्रियंका गांधी राजनीति में आ जाएं तो यूपी में कांग्रेस के पुराने दिन वापस आ जाएंगे। वो भी आईं कुछ ना कर पाईं। भाजपा व उसकी सरकार और योगी आदित्यनाथ के हिन्दुत्व के चेहरे की ताकत के आगे सब धराशाई हो गए। मजबूत विपक्ष के तौर पर कोई बचा तो वो थी समाजवादी पार्टी। अखिलेश यादव ने सपा की नैय्या को कई तूफानों से बचाया, कमजोर नेतृत्व होता तो ताज्जुब नहीं कि बसपा और कांग्रेस की तरह सपा भी हाशिए पर पड़ी होती और सदन में भाजपा का एकक्षत्र राज रहता। ये सच है कि यूपी का मुख्यमंत्री बनने में अखिलेश यादव की योग्यता आधी थी और आधा पिता प्रेम था, पिता का श्रेय था।

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया। उस चुनाव में मुलायम चुनावी कम्पेन से गायब थे उन्होंने ने अखिलेश पर ऐसे जिम्मेदारी दी थी जैसे चील अपने बच्चे को आकाश की ऊंचाइयों पर ले जाकर फेंक देती है। जान बचानी है तो बाजुओं में ताकत पैदा करो, उड़ना सीखो और उड़ो। फिर सारा आकाश तुम्हारा होगा! पिता की कोशिश और मार्गदर्शन पर पुत्र पूरी फरमाबरदारी से चलता भी रहा। उन्होंने रथयात्रा निकालकर पूरे प्रदेश के गांव-गांव जनता से मिले, जमीनी संघर्ष किया। सपा को गुंडे-माफियाओं की पार्टी कहने के आरोपों को ग़लत साबित करते हुए दागियों को पार्टी से दूर करने की साहसी और सराहनीय पहल की। डीपी यादव जैसे कई नेताओं को टिकट ना देने पर अड़े तो जनता में अखिलेश में आशा की एक नई किरण दिखने लगी। "अखिलेश यादव को सत्ता मिली तो भी संकट थे और सत्ता के बाहर दमदार विपक्ष बने रहना भी बहुत मुश्किल था"

2012 में सपा सरकार ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अखिलेश यादव बेहद लोकप्रिय नेता बन कर उभरे। किंतु पार्टी में इतनी कलह थी उसे सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव जी भी नहीं संभाल सके। दूसरी तरफ तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट करने पर नई भाजपा का समुद्र देश में उफान ले रहा था। बावजूद इसके हो सकता था कि अखिलेश यादव के विकास कार्यों और लोकप्रियता के आगे भाजपा की सुनामी उत्तर प्रदेश में कोई खास असर नहीं दिखा पाती। लेकिन उन दिनों सत्तारूढ़ सपा में आपसी कलह सड़क पर उतर चुकी थी, जिसके कारण यूपी में अखिलेश के विकास कार्य और लोकप्रियता भाजपा को रोक नहीं सकी। संघर्ष जारी है। 2027 के चुनाव में लगभग डेढ़ वर्ष शेष है।

अखिलेश के सामने योगी आदित्यनाथ का हिन्दुत्व का लोकप्रिय चेहरा है। इस जटिल लड़ाई में कांग्रेस का साथ लेना ही पड़ेगा। योगी तीसरी बार जीत गए तो सपा को टूट-फूट से बचाना बेहद मुश्किल होगा। अखिलेश जीत गए तो यूपी में कांग्रेस के फैलाव को रोकना भी काफी जटिल होगा। सियासत के हर रास्ते में कांटे होते हैं। सफलता में भी असफलता में भी। कभी फूलों में कांटे छिप जाते हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

बहराइच। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) ने नाबालिग से दुष्कर्म की एक मामले में आरोपी कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपए का अर्थ दंड ही लगाया है। अर्थ दंड आधा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### स्कूल चलो अभियान, निकाली गई जागरूकता रैली

रूपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में"हर बच्चा स्कूल जाए, पढ़ा-लिखा समाज बनाए। इसी संकल्प के साथ प्राथमिक विद्यालय रूपईडीहा में मंगलवार को 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस विशाल रैली में विद्यालय के सभी शिक्षक आलिया खातून, नीरज कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, राहुल सोनी, श्वेता और फरीद अहमद ने सक्रिय सहभागिता निभाई। छात्र-छात्राओं ने हाथों में शिक्षाप्रद स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर गाँव की गलियों और मुख्य सड़कों पर मार्च किया। इस अभियान का उद्देश्य समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन बच्चों को विद्यालय से जोड़ना है जो अभी भी स्कूल से वंचित हैं। शिक्षकों ने ग्रामीणों से संवाद कर अभिभावकों को जागरूक किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और शिक्षा को प्राथमिकता दें।

### पेड़ काटने को लेकर 2 पक्षों में हुई जमकर मारपीट

खैरीघाट,,(बहराइच) खैरीघाट थाना अंतर्गत ग्राम दलजीतपुरवा में खेत में लगे 1 सेमर के पेड़ को काटने के लिए 2 भाइयों में जमकर मारपीट हुई जिसमें 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। मंगलवार की सुबह 2 भाइयों शौकत अली और लड्डन अली के बीच खेत में लगे पेड़ को पंचायत द्वारा लड्डन के हिस्से में दे दिया गया था परंतु पेड़ शौकत अली के खेत में लगा हुआ था। शौकत अली पंचायत के इस फैसले पर राजी नहीं हुए और जब आज सुबह लड्डन पेड़ काटने जा रहे थे तभी दोनों पक्षों में जमकर मार पीट हुई जिसमें शौकत अली तथा विपक्षी के बेटे मुमताज को गंभीर चोटें आई है तथा दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सूरज कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से मुकद्दमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

### प्रभारी निरीक्षक ने सीमावर्ती पत्रकारों से मांगा सहयोग

रूपईडीहा, बहराइच। नवागंतुक थाना प्रभारी ने सीमा क्षेत्र के पत्रकारों के साथ बैठक कर सीमा क्षेत्र में अपराध की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सहयोग मांगते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी मिले तो उसे साझा जरूर करें। जिससे उस पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। आदर्श थाना रुपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत रमेश सिंह रावत सोमवार को मीडिया से रूबरू हुए। क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए पत्रकारों से सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ हैं और उनकी भूमिका कानून व्यवस्था को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था बनाए रखना एवं आम जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा घटना या समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, जिससे त्वरित कार्रवाई की जा सके। थाना प्रभारी ने यह भी आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करेगा और किसी भी शिकायत की अनदेखी नहीं की जाएगी।

# पानी भरे गड्ढे में डूबने से सगे भाइयों समेत 3 बच्चों की मौत

## परिवारवालों के साथ धान की रोपाई में सहयोग के लिए गए थे खेत

विशेश्वरगंज, बहराइच



बच्चों के डूबने की खबर पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़ानिजाम के मजरा सुजानडीह में मंगलवार को पानी भरे गड्ढे में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इनमें से दो सगे भाई थे। ये तीनों परिवार के साथ खेत में धान की रोपाई के कार्य में सहयोग करने गए थे।

जिले के कुछ इलाकों में सोमवार को भारी बारिश हुई थी। जिससे किसान खेत में धान की नर्सरी लगाने के कार्य में जुट गए हैं। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के बडानिजाम के मजरा सुजानडीह गांव निवासी किसान सलमान अली व दर्जी अपने-अपने खेत में धान की नर्सरी लगा रहे थे। सहयोग के लिए दोनों अपने बच्चों को भी ले गए थे। कुछ समय तक बच्चों ने धान की नर्सरी के पौधे अपने परिजनों को दूसरे खेत से लाकर दिये। खेत के पास में ही सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। सड़क पर मिट्टी पटाई के लिए जेसीबी से सड़क के उत्तरी छोर पर स्थित खेत से मिट्टी खोदकर निकाली गई थी। उसी

**▶▶ नहाने के दौरान हुई घटना, सड़क को ऊंचा करने के लिए खोदा गया था गड्ढा**

मिट्टी से सड़क को ऊंचा किया जा रहा था। मिट्टी की खोदाई से वहां बड़ा गड्ढा बन गया है। इस गड्ढे में सोमवार को दिन और रात में हुई बारिश की वजह से लबालब पानी भर गया था। खेत में मौजूद परिवार के साथ तीनों बच्चे सहयोग करने के दौरान अचानक गड्ढे में भरे पानी में नहाने चले गए। इस बात की परिवारवालों को भनक तक नहीं लग सकी। थोड़ी देर बाद जब बच्चों की तलाश शुरू हुई तो पता चला कि तीनों बच्चे मकसूद आलम (7) व दस्तगीर (11) पुत्रगण सलमान अली तथा जैनल आबदीन (8) पुत्र मंगरे पानी भरे गड्ढे में डूब गए हैं। परिवार के लोगों ने तीनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर गए। सीएचसी अधीक्षक प्रवीण कुमार पांडे ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक विशेश्वरगंज ज्ञान सिंह भी पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंच गए। उन्होंने बताया कि बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने भी घटना की पुष्टि की है और कहा कि सभी बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक



विकास भवन सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी।

बहराइच, अमृत विचार। उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सोमवार को देर शाम विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एम.ओ.यू.. क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 से अब तक जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 172 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिनका निवेश मूल्य रू. 2637.23 करोड़ है। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर रू. 2194.33 करोड़ लागत के 138 एम.ओ.यू. अपलोड किये गये थे, जिसका सत्यापन उद्यमी मित्र तथा जिलाधिकारी के स्तर से पूर्ण हो गया है अब तक 79 इकाईयां क्रियाशील हो गयी है।

निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों के बारे में बताया गया कि 01 अप्रैल से 30 जून 2025 तक 821 आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 732 आवेदन स्वीकृत, 22 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 38 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत लम्बित हैं। सीडीओ श्री चन्द्र ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनके जल्द निस्तारण करें।उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एम.ओ.यू. के माध्यम से निवेश को बढ़ायें तथा सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय। सीडीओ श्री चन्द्र ने समिति के सदस्यों, अधिकारियों, व्यापारियों एवं उद्यमियों से अपील की कि पीएम सूर्य घर योजना अन्तर्गत सोलर पैनल अवश्य लगवाये इसमें सब्सिडी का भी प्रावधान है। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में धारा 80 से सम्बन्धित प्रकरण में कैसरगंज 01, महसी 01 तथा बहराइच 08 आवेदन समयान्तर्गत लम्बित है।

## सार-संक्षेप

### डीसीएम की टक्कर में 4 घायल, एक जिला अस्पताल रेफर

विशेश्वरगंज (बहराइच),अमृत विचार। थाना क्षेत्र के पुरैना इकौना रोड स्थित लकी मेडिकल स्टोर के पास मंगलवार को दर्दनाक हादसे में अस्थि कलश लेकर जा रहे एक ही परिवार के चार लोग डीसीएम की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, गया लाला पुरवा निवासी सुग्घर अपने पिता गजराज का अस्थि कलश लेकर इलाहाबाद जा रहे थे। उनके साथ परिजन राजेश गोस्वामी (40), अजय गोस्वामी (27) और प्रदीप गोस्वामी (17) भी थे। सभी लोग पैदल बस स्टॉप की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पुरैना मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चारों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद राजेश कुमार गोस्वामी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ज्ञान सिंह ने बताया कि डीसीएम वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### स्कूलों के विलय आदेश पर आरएसएम लामबंद

बाबागंज, अमृत विचार। 50 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को नजदीकी स्कूलों में विलय करने के आदेश पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज के पदाधिकारियों ने मंगलवार ब्लॉक संसाधन केंद्र बाबागंज (नवाबगंज) कार्यालय परिसर में विरोध कर शिक्षा क्षेत्र के शिक्षकों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा कों ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द वर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि परिषदीय विद्यालयों का मर्जर करने का निर्णय सरकार वापस ले। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक नवाबगंज अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा ने कहा है कि युग्मन करने से विद्यालय बंद हो जाएंगे और सबको शिक्षित करने का लक्ष्य अधूरा रह जाएगा। वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष निगार सुल्ताना बताया कि विद्यालय बंद होने से प्रभावित छात्रों के अभिभावक व ग्राम प्रधानों में असंतोष की स्थिति बनी है।

### पौधरोपण कर वन महोत्सव का किया आगाज



पौधरोपण करते नगर पंचायत अध्यक्ष डाक्टर उमाशंकर वैश्य व अन्य।

रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार। रुपईडीहा वन रेंज के अंतर्गत 5 हैक्टेयर जमीन में पौधरोपण कर वन महोत्सव का आगाज किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रुपईडीहा डॉक्टर उमाशंकर वैश्य रहे। वन महोत्सव के अवसर पर रूपईडीहा रेंज के अंतर्गत रूपईडीहा बाईपास से आईसीपी की बायीं पटरी पर 5 हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण कर जन अभियान चलाया गया। एक पेड़ माँ के नाम 2.0 का शुभारंभ किया गया। जिसमें डॉ उमाशंकर वैश्य, रूपईडीहा नगर पंचायत अध्यक्ष एवं संजय वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम से लगा कर वन महोत्सव की शुरुआत की गई। इस मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी अतुल श्रीवास्तव, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी विनय कुमार, वन दरोगा मो. अरशद, वन दरोगा, अनंत राम जी, वन दरोगा हरिओम गौतम, वन दरोगा विमल कुमार, वन रक्षक, ब्रह्मदेव जी एवं वन कर्मी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### केक काटकर मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिवस



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव।

पयागपुर बहराइच, अमृत विचार। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 52वे जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के कैंप कार्यालय पर केक काटकर जन्म दिवस मनाया गया गरीबों गरीबों को अंग वस्त्र व फल वितरण किया गया इस अवसर पर पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि अखिलेश यादव गरीबों किसानों नौजवानों दलित अल्पसंख्यक समाज के नेता हैं इस ऑफर पर समाजवादी कार्यकर्ताओं ने उनके लंबी आयु होने की कामना की वह एक दूसरे को केक खिला करके जन्मदिवस मनाया इस अवसर पर राम सुरेश यादव प्रवेश मिश्रा मालिक राम शर्मा संस्कृत पासवान विवेक यादव विजय गौतम रणजीत चौहान अनुपम विवेक रावत सहित सैकड़ोकार्यकर्ता उपस्थित थे।

### इमाम हुसैन की याद में मजलिसे आयोजित

नवाबगंज ,बहराइच, अमृत विचार। सोमवार शाम 5 बजे चौथी मुहर्रम का जुलूस शिया समुदाय के अकीदत मंदों ने मातम करते हुए निकाला ,कर्बला के मैदान में 72 शहीदों की याद में शिया समुदाय द्वारा मजलिसे आयोजित की जा रही है। चौथी मुहर्रम पर खतीब हाफिज सजर अब्बास हुसैन ने मजलिस को खिताब किया उन्होंने अपने बयान में कुरान के ऊपर रोशनी डाली और मकसद इमाम ए हुसैन के ऊपर रोशनी डाली आखिर में हाफिज सजर अब्बास हुसैन ने इमाम हुसैन के बचपन के दोस्त हबीब इब्ने मजाहिर के मसायब बयान किये वहीं चौथी मुहर्रम का जुलूस ए अज़ादार मरहूम मुसर्रफ हुसैन के इमाम बाड़ा मुसर्रफ हुसैन से निकल कर सीना जनी मातम करता हुआ कब्रिस्तान रोड निम्निहारा आदि स्थानो से होते हुए मुनव्वर हुसैन के इमामबाड़े पर समाप्त हुआ।

# जानकीनगर का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



कटान प्रभावित गांव का निरीक्षण करतीं डीएम व साथ में एसपी।

बहराइच

अमृत विचार। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ तहसील महसी अन्तर्गत कटान प्रभावित ग्राम जानकीनगर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता सरयू ड्रेनेज खण्ड-प्रथम ने बताया कि ग्राम जानकीनगर में घाघरा नदी द्वारा लगभग 1.000 कि.मी. लम्बाई में तीव्र कटान हो रही है। श्री वर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा कटान रोकने का कार्य प्रगति पर है। डीएम ने निर्देश दिया कि टीमें बढ़ाकर युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए कटान को नियंत्रित किया जाय। मौके पर मौजूद तहसीलदार विकास कुमार व खण्ड विकास अधिकारी हेमन्त यादव को निर्देश दिया कि कटान प्रभावित विस्थापित परिवारों के रहने व भोजन इत्यादि का उचित प्रबन्ध किया जाय। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने कटान प्रभावित परिवारों से भी भेंट कर उनका कुशल क्षेम पूछा तथा बच्चों को फल का वितरण किया।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को दिया पत्र

संवाददाता, मटेरा, बहराइच



खंड शिक्षाधिकारी को मांगपत्र सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार। विकास खण्ड बलहा के परिषदीय विद्यालयों के मर्जर किये जाने एवं प्रधानाध्यापक से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराए जाने के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ-ब्लाक इकाई बलहा ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को पत्र देकर विद्यालय मर्जर आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश के कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों का युग्मन (मर्जर) आदेश दिनाँक 16/06/2025 को वापस लिए जाने के सम्बंध में जनपद के विद्यालयों के मर्जर युग्मन की प्रक्रिया के क्रम आरटीई एक्ट के विरुद्ध कम नामांकन वाले विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से विद्यालय मर्जर (युग्मन) के सहमति पत्र पर खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा जबरन/दबाव बनाकर हस्ताक्षर न कराए जाने हेतु मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी बलहा को पत्र देकर मर्जर (युग्मन) के आदेश पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है। साथ ही चयन वेतनमान सम्बन्धी समस्या सहित अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में वार्ता कर त्वरित समाधान हेतु आग्रह किया गया। इस दौरान डीडी पटेल, जितेन्द्र पाठक,अमित पांडेय, कुलदीप वर्मा,प्रदीप वर्मा,बेबी मालिक,स्वेता सिंह,अर्चना सिंह,इसरार,शादाब अहमद,रुचि,गणेश प्रसाद,अफाक अहमद,अभिषेक गुप्ता,केहरी सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

### बच्चों का रोली टीका लगाकर विद्यालय में किया गया स्वागत

पयागपुर बहराइच, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा के आदेशापालन के क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा व प्राथमिक विद्यालय पयागपुर द्वितीय मे बच्चों के लिए प्रथम दिवस स्कूल खुलने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय व राजेश कुमार मिश्र, सहायक शिक्षक दिनेश कुमार महिमा दुबे, रतना सिंह,विजय लक्ष्मी सिंह उषा पाठक आदि शिक्षकों द्वारा रोली, हल्दी, अच्छत,चंदन लगाकर विद्यालय में कक्षा शिक्षण हेतु स्वागत किया गया और बच्चों से कहा गया सभी बच्चों को साथ में विद्यालय लाएं तथा मन लगाकर नियमित पढ़ाई करें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र ने कहा कि आगामी 15 जुलाई तक स्कूल चलो रैली तथा संचारी रोग निवारण अभियान कार्यक्रम भी होना है इसके पूर्व तैयारी कर ली गई है, नामांकन प्रक्रिया जारी है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से नई पहल



पौधरोपण करते नानपारा विधायक व डीएफओ। अमृत विचार

नानपारा, बहराइच। जनपद के नानपारा रेंज अंतर्गत मेहरबान नगर नर्सरी परिसर में "वन महोत्सव" का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से आयोजित "एक पेड़ मां के नाम" अभियान ने कार्यक्रम को भावनात्मक और सामाजिक रूप से मजबूत संदेश प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, डीएफओ अजीत प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी लालधर यादव और पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह द्वारा पीपल व आम के पौधों का रोपण कर किया गया।इस अवसर पर नानपारा रेंज के रेंजर पीयूष गुप्ता, डिप्टी रेंजर अमित वर्मा , ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर यज्ञसैनी समेत वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों को पर्यावरण संरक्षण, वनों की महत्ता और वृक्षारोपण के महत्व पर जागरूक किया गया। "एक पेड़ मां के नाम" पहल के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। सम्मानित पत्रकारों ने भी वृक्षारोपण किया।कार्यक्रम में, स्थानीय नागरिकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी से वातावरण हरियाली और समर्पण से भर गया। इस आयोजन ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया।

### पौधों की भी देखभाल शिशु की तरह करें: धीरेन्द्र तिवारी

खुटेहना (बहराइच)। स्वास्थ्य विभाग ने एक अभिनव प्रयोग करते हुए एक जुलाई से संस्थागत प्रसूताओं एक-एक फलदार पौध भेंट कर पौधारोपण के दिन से ही उनकी देखभाल भी शिशुओं की तरह करने की अपील की है। पर्यावरणीय शुद्धता के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा जुलाई माह में35 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस संबंध में सी एचसी अधीक्षक धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी पौधारोपण के लिए जनजागरुकता हेतु 01 से 07 जुलाई बीच सभी संस्थागत प्रसव उपरांत लाभार्थियों को एक एक पौधा देने की योजना बनाई है। इस दौरान बीपीएम अनुपम शुक्ल, अजय वर्मा, अनिरुद्ध पाण्डेय, अजय सिंह आशीष कश्यप, रोहित मिश्रा, सूरजभान गिरी सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।


## वर्ग पहेली-19

**बाएं से दाएं**

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आँख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।




### वर्ग पहेली -18 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अ | नि | य | मि | 2 त |
| 3 आ | जा | नु | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | बो | ■ | 4 ता | ■ | फ़ |
| 5 सं | बं | ध | यो | ज | क | ■ |
| व | ■ | क | ■ | दा | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | 6 र | 7 का | बी |
| न | ■ | 8 छाँ | द | ■ | ठा | ■ |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी-11.58 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ अनबन हो सकती है। लोग आपकी बातों को काफी गंभीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात हो सकती है। शाम को मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

**मिथुन** – आज नई योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभचिन्तकों पर संदेह न करें। अधिक भागदौड़ से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर समस्यायें उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय व्यर्थ न करें।

**कर्क** – आज कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय व्यर्थ न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** – आज नए व्यावसायिक संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र व्यवहार से विपरीत लिंगी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को नई जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं।

**कन्या** – आज आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र को लेकर मन में उत्साह की कमी देखने को मिलेगी। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर अधिक ध्यान न दें।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति प्राप्त हो सकती है। संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग प्रभावित रहेंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है।


**धनु** – आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। कच्चे माल के आयात-निर्यात में उत्तम धन लाभ हो सकता है।

**मकर** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी।

**कुंभ** – आज पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा। ऑफिस में अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराज हो सकते हैं।

**मीन** – आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने वाली हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 11.07 तक तत्पश्चात हस्त।

## सुडोकू-26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | | | 7 | | 1 |
| | 3 | | | 1 | | | | 8 |
| | | 5 | | 9 | | 6 | 3 | |
| 3 | | | 8 | | | | 7 | |
| 5 | 2 | | | | | | 6 | 9 |
| | 4 | | | | 1 | | | 3 |
| | 1 | 2 | | 4 | | 3 | | |
| 4 | | | | 6 | | | 2 | |
| 7 | | 9 | | | | 5 | | 4 |

### सुडोकू - 25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 9 |

# बहुचर्चित सराफा डकैती कांड में वादी की गवाही दर्ज

## आरोपी अरबाज, फुरकान और विपिन सिंह की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फास्ट ट्रैक कोर्ट में दर्ज

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



वकील दीपांशु निगम के साथ गवाही दर्ज कराने के बाद कोर्ट से निकलते भरतजी सोनी।

**अमृत विचार:** बहुचर्चित सराफा डकैती कांड की सुनवाई में मंगलवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान वादी भरतजी सोनी कड़ी सुरक्षा के बीच अपने वकील दीपांशु निगम के साथ कोर्ट के समक्ष गवाही देने के लिए हाजिर हुए जिनकी गवाही दर्ज की गई। आरोपी विवेक सिंह व त्रिभुवन कोरी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया वादी की गवाही दर्ज की गई है । गवाही पूरी न होने के कारण शेष गवाही के लिए 10 जुलाई की तारीख नियत की गई है। सुनवाई के दौरान आरोपी अरबाज, फुरकान और विपिन सिंह की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई, जबकि अन्य आरोपी सचिन, दुर्गेश, अरविंद, अजय आदि कोर्ट में जेल से पेशी पर उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त 2024 को कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक ठठेरी बाजार स्थित सर्राफा व्यापारी भरतजी सोनी की दुकान में डकैतों ने दिनदहाड़े धावा बोलकर लाखों की ज्वेलरी लूट ली थी। इस सनसनीखेज वारदात में कुल 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है और मामला विचाराधीन है।

### केस डायरी के साथ विवेचक तलब

बाजार शुकुल थाने में दर्ज दुष्कर्म मामले में आरोपी की ओर से दी गई अग्रिम जमानत अर्जी पर कई पेशी से केस डायरी नहीं भेजने पर जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने सख्त रूख अपनाते हुए नाराजगी जताई है। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र ने बताया विवेचक को जिला जज ने बुधवार को केस डायरी के साथ कोर्ट में तलब कर जवाब भी मांगा है।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में जिरह जारी

चाचा-भतीजा हत्याकांड में शुक्रवार को अभियोजन गवाह से जिरह जारी रही । बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने मंगलवार को अभियोजन साक्षी दुर्गेश यादव से जिरह पूर्ण की । कोर्ट ने शेष आरोपियों की तरफ से जिरह के लिए दो जुलाई की तारीख नियत की है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में जलालुद्दीन समेत 13 आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है।

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज होगी एफआईआर

▸▸ **ज़मीन बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी और मारपीट का मामला**

रिश्तेदार द्वारा ज़मीन बिक्री के नाम पर एक लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी करने और विरोध करने पर गाली-गलौज व मारपीट करने के मामले में सीजेएम नवनीत की कोर्ट ने कोतवाल को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। कोतवाली नगर के दरियापुर डड़वा खैराबाद निवासी राकेश कुमार ने अधिवक्ता जितेन्द्र श्रीवास्तव के जरिए दाखिल अर्जी में आरोप लगाया है कि शिवगढ़ थाने के लाखीपुर निवासी रामप्रसाद उर्फ कलहू ने जमींन का बैनामा तीन लाख रुपये में बेचने का वादा किया। पीड़ित ने बतौर अग्रिम भुगतान एक लाख रुपये का चेक 19 जनवरी 2023 को सौंपा। इसके बावजूद न तो ज़मीन का बैनामा किया गया और न ही पैसे लौटाए गए। 28 जनवरी 2024 को जब पीड़ित ने अपने भाई और साले के साथ आरोपी से पैसे मांगे, तो राम प्रसाद व उसके बेटों सुनील व अखिलेश ने गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।थाना स्तर पर कोई एफआईआर दर्ज न होने के कारण पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली।

### लापरवाही से बेटी की मौत के मामले में जमानत खारिज

अपनी ही लाइसेंसी रायफल की लापरवाही से चली गोली से बेटी की मौत के मामले में आरोपी पिता अनीस अहमद को सत्र न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल की अदालत से कोई राहत नहीं मिली। अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक मामला कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के छतौना गांव का है, जहां 14 जून को अनीस अहमद की रायफल से चली गोली उसकी 14 वर्षीय पुत्री तुबा खानम को लग गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण आग्नेयास्त्र से लगी चोटें पाई गई हैं। अभियोजन के अनुसार, आरोपी ने शस्त्र को सुरक्षित रखने के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया था। याचिका में कहा गया कि घटना दुर्घटनावश हुई और आरोपी मौके पर मौजूद नहीं था, जबकि अभियोजन ने इसे लापरवाही जन्य कृत्य बताते हुए जमानत का विरोध किया। अदालत ने समस्त तथ्यों का संज्ञान लेते हुए जमानत अर्जी को नामंजूर कर दिया।

### विजय नारायण सिंह हत्याकांड में सुनवाई 8 को

शहर के चर्चित विजय नारायण सिंह हत्याकांड में मंगलवार को गवाही अभियोजन पक्ष द्वारा मौका लिए जाने के कारण सुनवाई टल गई। अभियोजन पक्ष से वादी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए आठ जुलाई की तारीख नियत की है। सात अप्रैल 2024 को दरियापुर तिराहे पर कोतवाली नगर के नारायनपुर निवासी विजय नारायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि उनके साथी अनूप शर्मा घायल हो गए थे। इस मामले में अम्बेडकरनगर के महरुआ थाने के लोधवा हरिनाथपर गांव निवासी अजय सिंह सिलावट समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

### गर्दन पर वार, दो आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

रास्ते के विवाद में धारदार हथियार से हमला कर तीन लोगों को घायल करने के आरोपित कमरौली थाने के पूरे महंगू निवासी आरोपी अमर बक्श उर्फ कल्लू व विन्धा प्रसाद की जमानत अर्जी सत्र न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल ने खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष के डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र ने बताया कोर्ट ने माना कि गर्दन पर धारदार हथियार से प्रहार जानलेवा हमला है, जो धारा 307 के अंतर्गत आता है। साथ ही पुलिस द्वारा हल्की धाराएं लगाने पर नाराजगी जताते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजने का निर्देश भी दिया।

## राहुल गांधी के मानहानि केस में सुनवाई 24 जुलाई तक टली

▸▸ **गवाह की अनुपस्थिति पर कोर्ट ने दी अगली तारीख**

**संवाददाता, सुलतानपुर :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मुकदमे की सुनवाई मंगलवार को नहीं हो सकी। मामले के परिवादी भाजपा नेता व कोआपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि अब अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी। मंगलवार को गवाह की अनुपस्थिति के चलते परिवादी पक्ष की ओर से कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया गया, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने अगली तारीख नियत की। पिछली सुनवाई में कोतवाली देहात क्षेत्र के पीताम्बरपुर निवासी गवाह अनिल मिश्र का बयान दर्ज हुआ था, जिनसे बचाव पक्ष की ओर से जिरह किया जाना बाकी है। गौरतलब है कि चार अगस्त 2018 को विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ यह मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि राहुल गांधी ने बेंगलुरु की एक जनसभा में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष व वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे आहत होकर उन्होंने यह वाद दाखिल किया। मामले में राहुल गांधी की जमानत हो चुकी है और उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। अपने बयान में राहुल गांधी ने आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया है। अब 24 जुलाई को न्यायालय में गवाह से बचाव पक्ष की शेष जिरह की जाएगी।

## लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा के केस में दरोगा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

▸▸ **आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने से जुड़ा मामला**

**संवाददाता, सुलतानपुर :** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जन सभा कर प्रचार आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोपों में आरोपी लम्भुआ विधायक सीताराम वर्मा समेत छह के केस में एमपी- एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में मंगलवार को अभियोजन गवाह दरोगा शैलेंद्र मणि द्विवेदी के न आने से सुनवाई 14 जुलाई तक टल गई। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने गवाही देने हाजिर अदालत न आने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। 23 फरवरी 2022 को विधानसभा चुनाव प्रचारके दौरान सीताराम वर्मा ने लंभुआ क्षेत्र केशवपुर महात्मा गांधी मनरेगा खेलकूद मैदान ग्राम खड्डुआन में बिना प्रशासन की अनुमति के चुनावी सभा की थी। जिस पर उड़न दस्ता प्रभारी विपुल कुमार उपाध्याय ने केस दर्ज कराया था।

## यूपी एटीएस के निरीक्षक की गवाही दर्ज, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पहचान छिपाने से जुड़ा मामला

▸▸ **महाकुंभ और गणतंत्र दिवस से पहले सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी से कादीपुर से गिरफ्तार हुआ था युवक, कोर्ट में दर्ज हुई गवाही**

**संवाददाता, सुलतानपुर :** सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी के चलते महाकुंभ 2025 और गणतंत्र दिवस से पहले यूपी एटीएस ने सुलतानपुर में फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर पहचान छिपाकर रह रहे गिरफ्तार युवक के मामले में यूपी एटीएस के निरीक्षक की गवाही दर्ज की गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत में यूपी एटीएस के निरीक्षक दिनेश कुमार पाण्डेय की अहम गवाही दर्ज हुई। कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए अगली तारीख नियत कर दी है। मामला पंजाब के फजिलका जिले के निवासी मान पुत्र गुरबक्स सिंह से जुड़ा है, जिस पर आरोप है कि उसने फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र और निर्वाचन पत्र बनवाकर न सिर्फ खुद को सुलतानपुर का निवासी दर्शाया, बल्कि इसी पहचान के आधार पर बैंकों में खाता खोलकर पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। वह कादीपुर कोतवाली के सुरापुर के तव्वकलपुर नगरा में किराये का कमरा लेकर रह रहा था। यूपी एटीएस को उसकी गतिविधियां महाकुंभ और गणतंत्र दिवस के मद्देनजर संदिग्ध लगीं, जिसके बाद जांच कर उसे गिरफ्तार किया गया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से गवाही दी गई, जिसमें बचाव पक्ष की ओर से लीगल एड डिफेंस काउंसिल अंजली ने जिरह की। कोर्ट में आरोप तय किए जा चुके हैं और विचारण सीजेएम कोर्ट में जारी है। शेष गवाहों को भी समन जारी कर अदालत ने तलब किया है। मामले को लेकर सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क बनी हुई हैं।

## फर्जी निकाह, दुष्कर्म व गर्भपात के आरोपित को अग्रिम जमानत

**संवाददाता, सुलतानपुर :** तलाकशुदा महिला से फर्जी निकाह कर दुष्कर्म व जबरन गर्भपात कराने के मामले में नामजद आरोपित व्यवसायी दिनेश चंद्र महेश्वरी को अदालत से अग्रिम जमानत मिल गई है। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने कहा कि पीड़िता ने आरोपी से रुपया उधार लिया था वापस मांगने पर फर्जी केस दर्ज करा दिया । मामले में पीड़िता एक सहमत पक्षकार है। जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष की बहस सुनने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। पीड़िता ने कोतवाली नगर निवासी व्यवसायी पर 2018 से शोषण, धमकी व 2024 में सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया था।

## एक नजर

### आरोपी की गिरफ्तारी पर सेशन कोर्ट ने लगाई रोक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की एक युवती को बहला-फुसलाकर फर्जी निकाह करने और भगाने के आरोपी मो यासीर को जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने अग्रिम जमानत दी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने दलील दी कि पीड़िता वयस्क है, दोनों के बीच प्रेम संबंध था व आपसी सहमति से निकाह हुआ था। कोर्ट ने दोनो पक्ष को सुनने के बाद आरोपी की अग्रिम जमानत आरोप पत्र दाखिल होने तक मंजूर कर गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

### रंजिश में महिला को घर में घुसकर पीटा, चार नामजद

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के आलापुर गांव में रंजिश को लेकर रविवार रात एक महिला के साथ मारपीट की गई। पीड़िता पूजा देवी पत्नी राकेश यादव का आरोप है कि गांव के ही केसरी, रंजीत, मनीष व गोलू ने गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर लात-घूंसे और मुक्कों से हमला किया। हमले में महिला को गंभीर चोटें आई हैं और घर में तोड़फोड़ भी की गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### द्वारिकागंज में चला सघन वाहन चेकिंग अभियान

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** द्वारिकागंज चौकी पुलिस ने मंगलवार को बाबूगंज बाजार रोड पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चौकी इंचार्ज दिवेश त्रिवेदी के नेतृत्व में ट्रिपल सवारी, बिना हेलमेट और अधूरे कागजात वालों के चालान किए गए। अचानक हुई कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। त्रिवेदी ने बताया कि अभियान सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र जारी रहेगा।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार से की गई। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रैली को रवाना किया। यह अभियान डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे संक्रामक रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

रैली में स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, पंचायती राज विभाग के प्रतिनिधियों के साथ स्कूली बच्चे और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रतिभागियों ने स्लोगन और पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता और सतर्कता का संदेश दिया। सीडीओ अंकुर कौशिक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताएंगी। लोगों को साफ-सफाई, मच्छर जनित स्थलों की रोकथाम, हाथों की स्वच्छता और शुरुआती लक्षणों पर चिकित्सकीय परामर्श की जानकारी दी जाएगी।



अभियान के दौरान नालों में छिड़काव करते कर्मी।

▸▸ **जिले में एक महीने तक चलाया जाएगा जन जागरूकता कार्यक्रम**

उन्होंने कहा कि जनसहयोग से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें और मच्छरों के पनपने से रोकें।

# पहलगाम हमले के नाम पर ठगी का प्रयास, सतर्कता से बचा युवक

▸▸ **फोन कर बनाया जा रहा था दबाव, व्हाट्सएप पर मांगा आधार कार्ड, साथी की सूझबूझ से टला धोखा**

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पहलगाम आतंकी हमले के नाम पर लोगों को फंसाने और ठगी का नया तरीका सामने आया है। हलियापुर थाना क्षेत्र के फत्तेपुर निवासी उदयभान सिंह सोमवार को एक ऐसे ही डिजिटल ठगी प्रयास का शिकार होते-होते बच गए। उदयभान सिंह बैटरी रिक्शा की बिक्री की दुकान चलाते हैं। सोमवार शाम करीब चार बजे उनके मोबाइल नंबर पर 91-2143315289 से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को "रंजीत कुमार, पहलगाम पुलिस स्टेशन" से बताते हुए कहा कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले में उनके नंबर से आतंकियों से बात हुई है। जब उदयभान ने विरोध किया और अपनी स्थिति स्पष्ट की, तो कॉल करने वाले ने कॉल "लखनऊ अधिकारी" को ट्रांसफर करने की बात कही। इसके बाद एक अन्य नंबर 91-9465805094 से कॉल आया और कॉलर ने खुद को प्रेम कुमार गौतम बताया। उसने उदयभान पर दबाव बनाना शुरू किया कि वह किसी बंद कमरे में जाए और जो कहा जाए, वह करे, वरना गंभीर कार्रवाई होगी। उदयभान पड़ोसी आशीष सिंह के पास गए, जिन्होंने उन्हें कमरा तो दिया लेकिन सतर्कता बरती और दूसरों को जानकारी दी। कॉल करने वाले ने व्हाट्सएप पर आधार कार्ड मांगा और वीडियो कॉल कर डराने का प्रयास किया। तभी आशीष और अन्य लोगों ने मिलकर फोन पर ठग को फटकारा और पुलिस में शिकायत की बात कही, जिस पर उसने तुरंत कॉल काट दिया और अपनी डीपी एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड महाराष्ट्र भी हटा दी। हलियापुर पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है। लोगों से अपील है कि इस प्रकार की कॉल या डिजिटल धमकियों से सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की जानकारी साझा न करें।

## सार-संक्षेप



गोआश्रय स्थल का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

### नवागत एसडीएम ने किया गो आश्रय स्थल का निरीक्षण

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को नवागत उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर प्रभात कुमार सिंह ने मलिकपुर बखरा स्थित गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां कुल 193 गोवंश मिले, जिनमें 79 नर व 114 मादा शामिल थीं। एसडीएम ने चारे की व्यवस्था का जायजा लेते हुए बताया कि स्थल पर हरा चारा और लगभग 100 क्विंटल भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने पशुओं की देखरेख और स्वच्छता की सराहना की। निरीक्षण के दौरान रजिस्टर की जांच भी की गई। उपजिलाधिकारी ने कहा कि गोवंशों की देखरेख में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए निरीक्षण किया गया।

### विधायक ने की वन महोत्सव सप्ताह की शुरुआत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पौधारोपण महा अभियान-2025 के अंतर्गत वन महोत्सव सप्ताह की शुरुआत मंगलवार को जनपद सुलतानपुर में की गई। विधायक सुलतानपुर विनोद सिंह ने प्रयागराज-अयोध्या मार्ग स्थित ग्राम बसौढ़ी के निकट मौलश्री का पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय बसौढ़ी के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, ग्रामीणजन तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वन क्षेत्राधिकारी आर .के . मौर्य, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी बृजेश कुमार यादव, वन दरोगा दिवाकर पांडेय सहित अधीनस्थ वन कर्मियों ने भी पौधरोपण में सहभागिता की। इस अवसर पर मौलश्री, आम, कटहल, सागौन, शीशम, अकेशिया सहित विभिन्न प्रजातियों के कुल 57 पौधे रोपे गए। विधायक ने कहा कि जनसहयोग से ही इसे जन आंदोलन का रूप दिया जा सकता है।

### बार एसोसिएशन सुलतानपुर की सदस्यता सूची जारी

▸▸ **2193 अधिवक्ताओं के नाम शामिल, अंतिम सूची के बाद ही मिलेगा मतदान का अधिकार**

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन सुलतानपुर द्वारा मंगलवार को अधिवक्ताओं की सदस्यता सूची चस्पा कर दी गई है। बार अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिशुंडी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सूची में कुल 2193 अधिवक्ताओं के नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रारंभिक सूची है, इसके बाद एक अनंतिम सूची जारी की जाएगी। तत्पश्चात अंतिम सूची प्रकाशित होगी। अध्यक्ष श्री रणजीत सिंह त्रिशुंडी के अनुसार, अंतिम सूची में जिन अधिवक्ताओं के नाम सम्मिलित होंगे, वही इस बार एसोसिएशन के चुनाव में मतदान करने के पात्र होंगे।

### बल्दीराय सीएचसी पर 55 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मंगलवार को बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी) सहित क्षेत्र की दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान में कुल 63 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। बल्दीराय सीएचसी पर 55 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें 11 महिलाएं हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की श्रेणी में पाई गईं। सभी को चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त 50 महिलाओं को नि :शुल्क अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा दी गई। शिविर का संचालन अधीक्षक डॉ . अजय प्रताप सिंह की देखरेख में हुआ। सहयोग में डॉ . सरिता रानी, लैब टेक्नीशियन विजय बाजपेई, स्टाफ नर्स दीपमाला व सरिता सहित सभी आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय रही। इसी क्रम में पीएचसी विंदेश्वरीगंज और पीएचसी देहली बाजार में भी मातृ स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुए। दोनों केंद्रों पर 4-4 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। विंदेश्वरीगंज में डॉ . आकांक्षा के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जबकि देहली बाजार में सीएचओ हिमांशी ओझा व उनकी टीम ने सेवाएं दीं।

### पेयरिंग नीति के खिलाफ प्राशिसं 3 चरणों में करेगा आंदोलन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की प्रस्तावित पेयरिंग नीति को लेकर शिक्षकों में जबरदस्त आक्रोश है। इस नीति के तहत कम नामांकन वाले लगभग 20,000 प्राथमिक विद्यालयों को समीपवर्ती स्कूलों में मर्ज करने और 150 से अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों से प्रधानाध्यापक का पद समाप्त करने का प्रस्ताव है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस नीति के विरोध में तीन चरणों के आंदोलन की घोषणा की है। संघ के जिला प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष डॉ . दिनेश चंद्र शर्मा के निर्देश पर सभी जिलों में प्रस्ताव पारित किए गए हैं। आंदोलन की रूपरेखा के तहत 3-4 जुलाई को शिक्षक क्षेत्रीय विधायक और सांसदों को ज्ञापन सौंपेंगे, 6 जुलाई को ट्विटर अभियान चलाया जाएगा और 8 जुलाई को सभी जिलों के बीएसए कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय ने इसे ऐतिहासिक संघर्ष बताते हुए कहा कि यह नीति ग्रामीण शिक्षा को कमजोर करने वाली है, जिसे शिक्षक समाज स्वीकार नहीं करेगा।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने दी जान

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के रामपुर विरतिहा गांव में सोमवार-मंगलवार रात 42 वर्षीय संजय प्रजापति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी से विवाद के बाद वह बच्चों सहित मायके चली गई थी। रात में संजय ने शराब पीकर पत्नी को कई बार आत्महत्या की धमकी दी। जब वह घर लौटी तो उसका शव बरामदे में लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष विजय सिंह के अनुसार मृतक शराब का आदी था और घटना के समय घर में अकेला था।

## कार की टक्कर से घायल महिला की मौत, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** तेज रफ्तार कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। सातनपुर गांव निवासी श्याम बहादुर की तहरीर के अनुसार, उनकी चाची संगीता पत्नी मिश्रीलाल शनिवार शाम सूरापुर से ससुराल लौट रही थीं। मुजाहन गांव में बस से उतरते ही सुलतानपुर की ओर से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल संगीता को सीएचसी कादीपुर व बाद में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां रात में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# श्रद्धापूर्वक मनी बाबू केएन सिंह की पुण्यतिथि

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** कमला नेहरू शैक्षिक संस्थान के संस्थापक बाबू के.एन. सिंह की 26वीं पुण्यतिथि मंगलवार को संस्थान के मुख्य परिसर स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सुलतानपुर विधायक एवं संस्थान के प्रबंधक विनोद सिंह ने परिवार सहित पुष्पांजलि अर्पित कर की। इस दौरान उनके साथ बड़े भाई अरविंद सिंह, छोटे भाई अशोक सिंह, पुत्री पलक सिंह व पुत्र पुलकित सिंह सहित परिजन उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि पर संस्थान प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह, सभी प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं और कर्मचारीगणों ने भी बाबू के.एन. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रबंधक विनोद सिंह ने उन्हें युग दृष्टा और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत के रूप में स्मरण किया। कार्यक्रम के पश्चात एक आवश्यक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें संस्थान के शैक्षिक वातावरण को सर्वोत्तम बनाए रखने और छात्रों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा हुई। इस दौरान नए सत्र के लिए जिम्मेदारियों का पुनर्वितरण किया गया। प्रो. प्रवीण कुमार सिंह को परीक्षा नियंत्रक, डॉ. शक्ति सिंह को उप प्राचार्य, डॉ. आलोक कुमार वर्मा को आईक्यूएसी निदेशक, अतुल कुमार सिंह को उप परीक्षा नियंत्रक और प्रो. ललित कुमार द्विवेदी को विज्ञान संकायाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।



पुण्यतिथि पर हवन-पूजन करते विधायक व अन्य परिवारीजन।

▸▸ **संस्थान प्रबंधक विनोद सिंह की अध्यक्षता में शैक्षिक विकास पर केंद्रित बैठक भी सम्पन्न**

## स्कूल चलो अभियान — रोली-चंदन से किया अभिनंदन, एमडीएम में बच्चों को खाने को मिला हलवा-खीर

# पारंपरिक स्वागत से नन्हें चेहरों पर लौट आई मुस्कान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मंगलवार को जनपद के प्राथमिक, कंपोजिट, पीएम श्री एवं केजीबीवी विद्यालयों में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत छोटे-छोटे छात्रों का पारंपरिक स्वागत किया गया।

विद्यालय प्रांगण में बच्चों को रोली-चंदन का तिलक, पुष्पहार और माला पहनाकर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सादर अभिनंदन किया। स्वागत समारोह में विशेष रूप से तैयार हलवा-खीर जैसे मिठास भरे व्यंजन परोसे गए, जिससे पूरे परिसर में त्योहार जैसा माहौल बन गया।इस अभिनव पहल ने बच्चों के मन में स्कूल के प्रति उत्साह और अपनत्व की भावना जगाई। अभिभावकों ने भी इस स्वागत समारोह की सराहना करते हुए कहा कि सकारात्मक शुरुआत से नियमित उपस्थिति और पढ़ाई में रुचि दोनों बढ़ेंगे।



रोली चंदन लगाकर बच्चों का किया गया स्वागत। अमृत विचार

विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की है कि आने वाले सप्ताह भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि छात्रों में स्कूली शिक्षा को लेकर स्थायी उत्साह बना रहे और उनका शैक्षणिक विकास सामूहिक रूप से सशक्त हो सके। बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि अब स्कूल चलो अभियान शुरू हो गया है। ज्यादा से ज्यादा नामांकन पर जोर दिया जाएगा।

### गर्मी की छुट्टियों के बाद खुले स्कूल , चहके बच्चे

**भदैंया, सुलतानपुर :** विकासखंड क्षेत्र में गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद मंगलवार से स्कूलों में फिर से पढ़ाई शुरू हो गई है। परिषदीय और गैर परिषदीय स्कूल खुल गए हैं। सुबह से ही स्कूली यूनिफॉर्म में बच्चे कंधों पर बस्ते टांगे मुस्कुराते हुए स्कूल पहुंचे। माता-पिता भी बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए उत्साहित नजर आए।विद्यालयो में प्रार्थना सभा और मनोरंजक गतिविधियों से स्कूल का माहौल जीवंत हो उठा। छात्र छात्राओं ने बताया कि छुट्टियों में मजे तो किए, लेकिन दोस्तों और शिक्षकों की याद आती रही। खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने बताया कि सभी शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह का मंगलवार को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे स्थित हलियापुर टोल प्लाजा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ से सपरिवार अयोध्या जा रहे थे, इसी दौरान भाजपा नेता हिन्देश सिंह ने अपने साथियों के साथ उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अयोध्या संजीव सिंह, ब्लॉक प्रमुख अमानीगंज पवन सिंह, राजेश सिंह, शम्भू सिंह, देवेंद्र सिंह, सर्वेश सिंह, गुड्डु सिंह और जैकी सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर जिले में 100 बेड के आयुष वेलनेस सेंटर बनाएंगे : मुख्यमंत्री

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को गोरखपुर में उत्तर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण किया, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहीं

जिला संवाददाता,गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश को पहले आयुष विश्वविद्यालय का उपहार देने के बाद सरकार जन आरोग्यता के लिए हर जिले में कम से कम 100 बेडेड का आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाएगी। यहां पंचकर्म, क्षारसूत्र जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने प्रदेश के उन छह मंडलों में मंडल मुख्यालय स्तर पर एक-एक आयुष महाविद्यालय बनाने का निर्णय लिया है जो अब तक ऐसे महाविद्यालय की सुविधा से वंचित थे।

उत्तर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय (महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय) का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया। यह आयुष विश्वविद्यालय भटहट क्षेत्र के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस विश्वविद्यालय के निर्माण में 267.50 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। वहीं, इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और अति विशिष्ट अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार सम्पूर्ण आरोग्यता की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं। 2014 के पूर्व भारत की आरोग्यता की प्राचीन पद्धतियों, सुविधाओं को वैश्विक मान्यता नहीं मिल पाई थी। 2014 में प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी ने आयुर्वेद, योग, यूनानी, होम्योपैथ, नेचुरोपैथी, सिद्धा को मिलाकर आयुष मंत्रालय बनाया और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को नया मंच दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय पीएम मोदी की प्रेरणा से सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए बनाया गया उत्तर प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय है। लोकार्पण के साथ अब इस विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी। लोगों को आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी, योग, नेचुरोपैथी, सिद्धा आदि विधाओं की चिकित्सा सेवा का लाभ मिलेगा। यह विश्वविद्यालय आयुष के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के बड़े केंद्र के रूप में भी आगे बढ़ेगा।

सीएम योगी ने कहा कि किसानों और नौजवानों को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराने में भी आयुष विश्वविद्यालय की बड़ी भूमिका होगी। इस विश्वविद्यालय के जरिये औषधीय पौधों की खेती रोजगार बढ़ाने में मददगार होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को हेल्थ टूरिज्म के नए रूप में आकर्षित करने में भी आयुष विश्वविद्यालय निर्णायक साबित होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आयुष विश्वविद्यालय हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन बनेगा। आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुर्वेद और नाथपंथ के आपसी जुड़ाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में रस शास्त्र, धातु विज्ञान का आविष्कार नवनाथ तथा चौरासी सिद्धों की परंपरा से जुड़ता है और, इसे व्यवस्थित करने का श्रेय महायोगी गुरु गोरखनाथ को दिया जाता है।



उत्तर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय (महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय) का लोकार्पण करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु। अमृत विचार

## एक नजर

### डॉ संतराज सिंह बने उपजिलाधिकारी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** शासन ने सोमवार को तहसील सदर में तैनात तहसीलदार डासंतराज सिंह को प्रोन्नति देकर उपजिलाधिकारी बनाया है। डा संतराज सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर जिलाधिकारी डाराजा गणपति आर को योगदान आख्या प्रस्तुत की है। इनके प्रोन्नति पाने पर नायब तहसीलदार सदर विजय श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार उसका अमित सिंह, राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, गयादीन मौर्य, अब्दुल गफ्फार, रामकरन गुप्ता, लल्लू प्रसाद, सुधीर श्रीवास्तव, यशोदा नन्द मिश्र आदि ने बधाई दी है।

### डीएम ने तिलक लगाकर किया बच्चों का स्वागत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** ग्रीष्मावकाश के बाद परिषदीय विद्यालय के बच्चों के लिए विद्यालय खुलने पर जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर द्वारा विकास खंड उसका बाज़ार के प्राथमिक विद्यालय नंदाडीह में बच्चों का स्वागत किया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्प डालकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बच्चों में पुस्तक व अन्य सामग्री एवं चाकलेट का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने अध्यापक को निर्देश दिया बच्चों का नामांकन बढ़ाये। नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति होना चाहिए। इसके साथ ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना शिक्षक का दायित्व है। इसके साथ ही मिड-डे मील मानक सूची के अनुसार गुणवत्तापूर्ण बनवाये। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी उसका बाजार व अन्य सम्बन्धित अध्यापक व बच्चें उपस्थित थे।

### पोते ने पीटकर की बाबा की निर्मम हत्या

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** तीन कलियुगी पौत्रों ने आपसी विवाद को लेकर बीती रात 1 बजे लाठी डंडे से पीटकर की अपने ही बाबा की निर्मम हत्या कर दी। हत्या का कारण आपसी विवाद बताया जाता है। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बनकटा पश्चिम में बीती रात 1 बजे रामकरण यादव (67 वर्ष) का रात में 1 बजे उनके पोते आकाश, दुर्गेश, विकास पुत्र शिवकुमार यादव ने मिलकर शाम को ही आपसी विवाद को लेकर लाठी डंडे से रामकरण को पीटना शुरू कर दिया। जिससे रामकरण की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रामकरण के लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### खेत में पानी भर रहे युवक की ताल में गिरकर मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** पथरा थाना क्षेत्र के भीतरी बघाड़ी गांव के ताल में सोमवार देर शाम को एक युवक की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पथरा पुलिस ने शव का पंचनामा कर अंतिम संस्कार के लिए सुपुर्द कर दिया है। मौत के बाद से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। भीतरी बाघाड़ी गांव निवासी चंद्रभान (30) धान रोपने के लिए खेत में पानी भर रहा था। शाम करीब 6 बजे वह किसी काम से बगल में स्थित बघाड़ी ताल के पास गया, जहां उसका पैर फिसला और वह ताल में गिर कर पड़ा और डूब गया। आसपास खेत में पानी लगा रहे अन्य किसानों ने जब चंद्रभान को खेत में नहीं देखा तो वह ताल के पास गए, जहां उसके डूबने की आशंका में ताल में उतर गए। थोड़ी देर बाद चंद्रभान तलाश कर रहे एक व्यक्ति के पैर में फंसा, लोगों ने उसे बाहर निकाला, तब तक चंद्रभान की मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पथरा पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी व तीन बच्चों को छोड़ गया जिका रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में पथरा थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय ने बताया कि पंचनामा करवा कर लाश को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# संरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह कर्मचारी 'मैन ऑफ द मंथ' सम्मानित

जिला संवाददाता,गोरखपुर

**अमृत विचार:** महाप्रबन्धक सभाकक्ष में 01 जुलाई को महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री माथुर ने संरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 06 कर्मचारियों को 'मैन ऑफ द मंथ' घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

पुरस्कृत लखनऊ मंडल के गोरखपुर स्टेशन पर वरिष्ठ गाड़ी प्रबन्धक/गुड्स के पद पर कार्यरत धर्मेन्द्र यादव ने 07 अप्रैल को कार्य के दौरान अप बी.सी.एन. मालगाड़ी के सहजनवा में रिलीज होने के बाद गाड़ी चेक करते समय देखा कि एक वैगन में कपलिंग टूटी हुई थी, जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल स्टेशन मास्टर सहजनवा, गाड़ी नियंत्रक गुड्स, मुख्य नियंत्रक समाडि तथा गार्ड काउन्सलर को देकर गाड़ी परीक्षक की मांग की, जिससे जिससे एक सम्भावित दुर्घटना को बचाया जा सका। मोतीगंज स्टेशन पर सिगनल अनुरक्षक के पद पर कार्यरत मनोज कुमार मण्डल ने मोतीगंज यार्ड में 19 मार्च,2025 को टैक अनुरक्षण के दौरान अप लाइन के टैक पर रेलवे फ्रैक्चर देखकर तत्काल सिगनल कन्ट्रोल को सूचित करते हुये इंजीनियरिंग विभाग के साथ समन्वय बनाकर रेल का बदलाव कराया। श्री मण्डल के योगदान के कारण एक बड़ी दुर्घटना को रोका गया। वाराणसी मंडल के बनारस स्टेशन पर तकनीशियन समाडि के पद पर कार्यरत अरविन्द कुमार ने 31 मार्च को कार्य के दौरान गाड़ी संख्या-12334 के फ्रंट एस.एल.आर. के ब्रेक गियर पिन मीसिंग देखकर तत्काल सम्बन्धित को सूचित किया, ब्रेक शू तथा ब्रेक शू हैंगर के मध्य ब्रेक गियर पिन लगाया गया, जिससे सम्भावित दुर्घटना बचाई जा सकी। इज्जतनगर मंडल के मथुरा छावनी स्टेशन पर टैक मेंटेनर के पद पर कार्यरत गजेन्द्र सिंह ने 12 अप्रैल,2025 को कार्य के दौरान सोनाई-राया स्टेशन के मध्य रेल वेल्ड फ्रैक्चर देखकर तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को सूचित कर संरक्षा से सम्बन्धित कार्यों का निर्वहन किया, जिससे एक सम्भावित दुर्घटना टाली जा सकी। फर्रूखाबाद स्टेशन पर लोको पायलट/माल के पद पर कार्यरत निर्दोष कुमार ने 16 मार्च को कार्य के दौरान समपार संख्या-205 पर एम्बुलेंस देखते ही इमरजेंसी ब्रेक का प्रयोग कर टेन को गेट से पहले रोक लिया।



मैन आफ द मंथ संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित कर्मचारियों के साथ महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर। अमृत विचार

## दो जोड़ी विशेष ट्रेनों की परिचालन अवधि का हुआ विस्तार

**गोरखपुर, अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की अत्याधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित दो जोड़ी गाड़ियों का अवधि विस्तार किया गया है। विस्तारित अवधि में इन गाड़ियों का मार्ग, ठहराव एवं समय पूर्ववत रहेगा तथा रेक संरचना निम्नवत रहेगा। सहरसा से चलने वाली 05577 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस त्रै-साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 1 से 29 जुलाई, 2025 तक 13 फेरों के लिए बढ़ाया गया है। आनन्द विहार टर्मिनस से चलने वाली 05578 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा त्रै-साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 2 से 31 जुलाई, 2025 तक 13 फेरों के लिए बढ़ाया गया है। इन गाड़ियों की रेक संरचना में जनरेटर सह लगेजयान के 2 तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 16 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। सहरसा से चलने वाली 05579 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 2 से 30 जुलाई, 2025 तक 09 फेरों के लिए बढ़ाया गया है। आनन्द विहार टर्मिनस से चलने वाली 05580 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा द्वि-साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 4 जुलाई से 1 अगस्त, 2025 तक 09 फेरों के लिए बढ़ाया गया है। इन गाड़ियों की रेक संरचना में जनरेटेर सह लगेजयान के 02 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 18 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## एक्सईएन पर अभद्रता का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार:** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव आशायस के ग्रामीण मंगलवार को अधिशाषी अभियंता विद्युत के कार्यालय पहुंचे। जहां सभी ने बार-बार फुंक रहे ट्रांसफार्मर को बदलकर उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की। अधिशाषी अभियंता ने ट्रांसफार्मर रखने का आश्वासन देने के बजाय ग्रामीणों को नशेड़ी बता अपमानित किया। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। आशायस गांव निवासी रामविलास, राधे, गोविंद, प्रियांशु, मनोज मौर्य, हरिनाम, रजनीश, प्रभान शंकर, शशि शेखर, शिवपूजन व अमरनाथ सहित करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने बताया कि आशायस के मोहल्ला कछियाना व अहिराना में करीब एक सैकड़ा मकान हैं। जिसमें 70 प्रतिशत परिवार विद्युत कनेक्शन धारक हैं। कनेक्शन धारकों को विद्युत आपूर्ति हेतु मात्र 25 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा गया है। जो बार-बार फुंक जाता है। इसलिए 65 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए ग्रामीण अधिशाषी अभियंता के कार्यालय पहुंचे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी बात सुनने के बजाय अधिशाषी अभियंता ने उन्हें नशेड़ी बताकर अपमानित किया। अधिशाषी अभियंता की इस कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है।

## डॉक्टर्स डे पर महिला चिकित्सक ने क्षयरोग से ग्रसित बच्चे को लिया गोद, दी पोषण पोटली

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार:** जिले के सीएचसी कसया में तैनात महिला चिकित्साधिकारी डॉ नेहा पाठक ने मंगलवार को चिकित्सक दिवस एवं अपने जन्मदिन को सादगीपूर्वक मनाते हुये ओपीडी में एक क्षयरोग से ग्रसित सात वर्षीय बच्चें को गोद लेकर उसे प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली भेंट की। डॉ नेहा ने कहा कि क्षयरोग से ग्रसित रोगियों की सेवा करना पुनीत कार्य है। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी, डां अनामिका, डां निधिप्रदा मल्ल, निक्षय मित्र नोडल आशुतोष मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## अवैध खनन में लगी जेसीबी व डंपर सीज

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** नौगढ़ तहसील क्षेत्र के पोखरभिटवा गांव में सोमवार की रात हरे पेड़ काटने की सूचना पर तहसील की टीम ने छापा मारा। इस दौरान पेड कटान की घटना तो नहीं मिली, लेकिन अवैध खनन में लगे एक जेसीबी व डंपर सीज कर दिया गया। तहसीलदार डॉ. संतराज सिंह बघेल ने बताया कि शनिवार रात 10 बजे एसडीएम को सूचना मिली कि पोखरभिटवा गांव में कोई व्यक्ति छुपकर पेड़ की कटाई कर रहा है। एडीएम ने तहसीलदार को निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा। मौके पर वन विभाग के ब्रिंजल राजेश कुमार, वन दरोगा निखिल कुमार, शुद्धोधन चौकी पुलिस बल के साथ पोखरभितवा गांव में पहुंचे, जहां कोई पेड़ नहीं काटा जा रहा था। पेड़ काटने की सूचना गलत निकली, लेकिन जेसीबी से खनन किया जा रहा था। वहां मौके पर एक जेसीबी और डंफर मिला, संभवतः गश्ती टीम के आने की आहट पाकर लोग भाग निकले थे।। टीम ने मौके पर मिली जेसीबी और डंपर को सीज करके मोहाने थाने के सुपुर्द कर दिया। जांच में 625 घन मीटर का खनन किया पाया गया। इस संबंध में तहसीलदार डॉ. संतराज सिंह बघेल ने कहा कि ामले की जांच जारी है। आगे भी अवैध खनन करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा।

## अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाकर सपा कार्यकर्ताओं ने लिया सरकार बनाने का संकल्प

जिला संवाददाता,सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार:** सपा पार्टी के जिला कार्यालय पर गरीबों मजलूमो किसानों और नौजवानों की आस पीडीए के महानायक व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्म दिवस समारोह सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण करने के साथ रक्तदान भी किया गया। मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में सपा नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष के जन्मदिन पर केक काटकर एक दूसरे को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की और 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजय पासवान, सपा के प्रदेश सचिव बेचई यादव, विभा शुक्ला राममिलन भारती प्रदीप पथरकट, सहित मोहम्मद जमील सिद्दीकी, मोहम्मद इदरीश पटवारी, डॉ धीरेंद्र यादव, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, पारसनाथ विश्वकर्मा, सोनू यादव, श्रीमती रिंधु पासवान, रामसेवक लोधी, सुनीता गोस्वामी, चंद्रभान पहलवान, धीरू यादव चंद्रजीत यादव, चंद्रहास यादव राकेश यादव, कृष्ण नाथ यादव, राम शंकर मौर्य समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में केक काटकर जन्मदिन मनाते कार्यकर्ता।

## सार-संक्षेप

### चौपाल से बसपा सरकार में किये गये कामों को जनता को बताएं

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के चार बार की सरकार में किये गये जनकल्याणी कामों को गांव-गांव जाकर बसपा कार्यकर्ता जनता तक पहुंचाने का काम करें। उक्त बातें शोहरतगढ विधानसभा के भैयसहवा चौराहा पर चौपाल दौरान बसपा पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने मंगलवार को कहा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के सपनों को साकार करने के लिए समतामूलक समाज की संस्थापना करने वाली सरकार बनाने के लिए में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाना है। बसपा नेता शमीम ने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई चरम सीमा पर है। लूट डकैती आम बात है, कानून नाम की कोई चीज नहीं है। जनता पांचवीं बार बहन को मुख्यमंत्री बनाने का मन बना लिया है कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने में लग जायें। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष मुनीराम राजभर जगनारायन गौतम बसराज गौतम गंगा राम कल्लू प्रसाद मगनू चौहान रमेश कुमार जलनधर अवधराम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोहर्रम को लेकर पुलिस ने क्षेत्रों में किया पैदल गश्त

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम, श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त चेकिंग किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारीप्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पर पैदल गश्त चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।

### फार्मर रजिस्ट्री का रजिस्ट्रेशन अब 25 जुलाई तक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** कृषि विभाग ने उन किसानों को एक और अवसर प्रदान किया है, जो अभी तक फार्मर आईडी से वंचित हैं। विभाग ने 25 जुलाई तक फार्मर रजिस्ट्री के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। इस रजिस्ट्री के बिना किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त का लाभ नहीं मिलेगा। इसके अलावा, फार्मर आईडी के अभाव में सोलर पंप, खाद-बीज और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं प्राप्त हो सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री और फार्मर आईडी किसानों के लिए एक डिजिटल पहचान पत्र की तरह काम करती है। यह न केवल प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है, बल्कि अन्य सरकारी योजनाओं जैसे सोलर पंप, सब्सिडी पर खाद-बीज और कृषि उपकरणों के लिए भी आवश्यक है। बिना रजिस्ट्री के किसान इन योजनाओं से वंचित रह सकते हैं, जिसका सीधा असर उनकी आर्थिक स्थिति और खेती पर पड़ सकता है। जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल ने बताया कि इस अभियान के तहत कृषि, राजस्व, पंचायत और विकास विभाग के कर्मचारी गांव-गांव में शिविर लगाकर किसानों को रजिस्ट्री के लिए प्रेरित कर रहे हैं। किसान अपने नजदीकी कैंप या जनसेवा केंद्र पर जाकर रजिस्ट्री करवा सकते हैं। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि 25 जुलाई के बाद रजिस्ट्री का यह अवसर समाप्त हो सकता है। बिना फार्मर आईडी के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त और अन्य योजनाओं से वंचित होना पड़ सकता है। इसलिए, समय रहते यह प्रक्रिया पूरी कर लें।

### आरपीएफ ने बचाए दो लावारिस बच्चे, यात्री को लौटाया मोबाइल

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 30 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को प्लेटफार्म सं. 2 पर 1 नाबालिग लड़का उम्र लगभग 12 वर्ष लावारिस हालत में मिला, जिसे चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 30 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल व चाइल्ड लाइन। हल्द्वानी को प्लेटफार्म संख्या 01 पर 01 नाबालिग लड़की उम्र लगभग 09 वर्ष लावारिस हालत में मिली, जिसे चाइल्ड लाइन हल्द्वानी को सुपुर्द किया गया। 30 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल सीवान को गाड़ी संख्या 22412 के कोच संख्या बी-6 के बर्थ संख्या-54 पर यात्री का छूटा पर 01 मोबाइल मिला। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन कर मोबाइल सुपुर्द किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### प्रयागराज-लालकुआं स्पेशल ट्रेन में दो एसी कोच जुड़ेंगे

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए 04117/04118 प्रयागराज जं.-लालकुआँ-प्रयागराज जं. विशेष गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 2 अतिरिक्त कोच स्थाई रूप से लगाये जायेंगे। स्थाई कोच लगाये जाने केफलस्वरूप इस गाड़ी की रेक संरचना में परिवर्तन किया जायेगा। फलस्वरूप संशोधित रेक संरचना के अनुसार इस गाड़ी में 3 जुलाई से प्रयागराज जं. से तथा 4 जुलाई से लालकुआँ से जनरेटर सह लगेजयान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 1, साधारण द्वितीय श्रेणी के 4, शयनयान श्रेणी के 5, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 4, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 2 तथा वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी के 1 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### मार्ग दुर्घटना में घायल की अस्पताल ले जाते समय मौत

**संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार :** रामकोला थाना क्षेत्र में रामकोला पडरौना रोड पर मथुरा नगर में एक बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक सुनील यादव उम्र 30 वर्ष पुत्र रामानंद यादव के रूप में हुई जो पडरौना कोतवाली के रतनवा टोला मछरहा का निवासी था और एक फार्मा कंपनी में एमआर का काम करता था पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से स्वास्थ्य केंद्र रामकोला पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया। लेकिन मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में सुनील की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और विधिक कार्रवाई मे लगी रही।

### तीन बच्चियों को हाटा कोतवाली क्षेत्र से किया बरामद

**संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार :** जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के देवकली उर्फ चकिया से अचानक तीन अबोध बच्चियों के गायब होने की सूचना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों के मुताबिक मंगलवार को गांव के पूरब बड़ी नहर के पास धान की रोपाई हो रही थी। सात वर्षीय जागृति पांच वर्षीय जया पुत्री सुदामा चौहान व मुस्कान उम्र सात वर्ष पुत्री पिन्टू गुप्ता तीनों बच्चिया नहर पर जाने वाली सड़क पर खेल रही थी। जागृति के दादा राम औतार चौहान व 70 वर्षीय दादी खेत की रोपाई में लगे थे। खेत के रोपाई के बाद तीनों बच्चियों की परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। काफी देर तक जब पता नही चला तो परिजनों ने डायल 112 नम्बर पर सूचना दी। मौके पर डायल 112 नम्बर मयफोर्स पहुंची, कप्तानगंज पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। राम औतार चौहान व पिन्टू गुप्ता ने कप्तानगंज थाने पर तहरीर दी। घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र के त्वरित एक्शन से पुलिस टीम ने तीनों बच्चियों को हाटा कोतवाली क्षेत्र के रामपुर पौटवा चौराहा से बरामद किया।

समीक्षा

### जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के अध्यक्षता में अर्थव्यवस्था के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक, अलग-अलग योजनाओं पर हुई चर्चा

# 2029 तक 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता,सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** उप्र की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियम डालर बनाये जाने के संबंध में जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2029 तक 01 ट्रिलियम डालर की अर्थव्यवस्था बनाये जाने का लक्ष्य है। कृषि फसलों औद्यानिक फलों के उत्पादन एवं उत्पादकता की समीक्षा की गयी। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकरी ने बताया कि इसे 3 भागो में विभाजित किया गया है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन विभागो का डाटा नही फीड है वे डाटा उपलब्ध करा दे। जो डाटा मुख्यालय को भेजेगे वही डाटा जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को उपलब्ध कराये। सही डाटा की फीडिंग होना चाहिए। जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि डाटा चेक कराकर सही डाटा फीड कराये। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी एवं सचिव मण्डी समिति को निर्देश दिया कि जिला उद्यान पार्क में 2 दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन कराये। लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रथम आम महोत्सव को सकुशल सम्पन्न कराने में बैंको द्वारा सहयोग करेंगे। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि आम महोत्सव में बच्चों को लेकर आये। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि काला नमक चावल की खेती का एरिया बढ़ाये। काला नमक चावल के क्लस्टरवाइज प्रशिक्षण हेतु नोडल अधिकारी नामित करें। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। क्रेता विक्रेता सम्मेलन में उद्योग, पर्यटन एवं कृषि विभाग द्वारा आपस में समन्वय बनाकर सम्पन्न करायेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसानो को प्रोत्साहित करे कि गेहॅ चावल के साथ ही फल एवं सब्जी की खेती करे जिससे किसानो की आय दोगुनी हो। इसके साथ ही सचिव मंडी समिति को निर्देश दिया कि हॉट बाजार हेतु 15 जुलाई तक प्रस्ताव तैयार कराकर शासन में प्रेषित करें। जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिया कि भमि अधिग्रहण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराये। इसके साथ ही कराये जा रहे कार्यो को समयान्तर्गत पूर्ण कराये। इस अवसर पर अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, अधिशासी अभियनता विद्युत अजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मु0 मुजम्मिल, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएस यादव, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी प्रिया सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83697.29 | 25541.80 |
| बढ़त | 90.83 | 24.75 |
| प्रतिशत में | 0.11 | 0.10 |

# जीएसटी का जोर कारोबार सुगमता बढ़ाने पर

## वित्त मंत्रालय ने आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड किया जारी, कहा- व्यापक आर्थिक समावेश पर होगा फोकस

नई दिल्ली, एजेंसी




वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि आठ साल पूरे कर चुके माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का जोर अब कारोबार को सुगम बनाने, मजबूत अनुपालन सुनिश्चित करने और व्यापक आर्थिक समावेश को बढ़ावा देने पर होगा। कुल 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है।

वित्त मंत्रालय ने जीएसटी के आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए कहा, माल एवं सेवा कर अपने नौवें साल में प्रवेश कर रहा है। यह कारोबार को सरल बनाने के साथ मजबूत अनुपालन और व्यापक आर्थिक समावेश को प्राथमिकता देते हुए विकसित हो रहा है। इससे भारत की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने में इसकी भूमिका मजबूत हो रही है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को दर्शाती है। सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है।

यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। लगातार दहाई अंक की वृद्धि न केवल एक मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत देती है, बल्कि बेहतर अनुपालन, कम कर चोरी और कम करदाता बोझ के साथ एक परिपक्व, प्रौद्योगिकी-संचालित कर परिवेश का संकेत भी देती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत का जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मई, 2025 तक 162 करोड़ से अधिक जीएसटी रिटर्न दाखिल किए गए हैं। यह केवल आठ वर्षों में एक सुव्यवस्थित, डिजिटल-प्रथम कर प्रणाली अपनाने और बढ़ते भरोसे को बताता है। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष करों को मानकीकृत स्लैब (0 प्रतिशत, 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत) और निर्बाध पंजीकरण, जीएसटीएन के साथ सरलीकृत व्यवस्था में एकीकृत किया है।

## बिजली की खपत घटकर 150 अरब यूनिट पर

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत जून में सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत घटकर 150.04 अरब यूनिट रही। इसका मुख्य कारण मानसून के जल्दी आने के साथ घरों, दफ्तरों को ठंडा रखने वाले एसी, कूलर जैसे उपकरणों का कम उपयोग है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष जून में बिजली की खपत 152.37 अरब यूनिट रही थी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के जल्दी आने से जून में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग भी प्रभावित हुई है। जून में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए की गयी आपूर्ति) भी पिछले महीने घटकर लगभग 242.49 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रह गई, जो जून, 2024 में लगभग 244.52 गीगावट थी।

## गोल्ड कमोडिटी : सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प

गोल्ड कमोडिटी निवेश का एक सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प माना जाता है। यह न सिर्फ मुद्रास्फीति और बाजार अस्थिरता से सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि का भी माध्यम बनता है। निवेशक इसमें भौतिक सोना, गोल्ड ईटीएफ, सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड या फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स के माध्यम से निवेश कर सकते हैं। कीमतें वैश्विक आर्थिक घटनाओं, डॉलर की मजबूती और मांग-आपूर्ति के आधार पर प्रभावित होती हैं।

बात काम की

### क्या है गोल्ड कमोडिटी

गोल्ड कमोडिटी का अर्थ है सोने को एक व्यापारिक वस्तु के रूप में खरीदना और बेचना। यह अंतर्राष्ट्रीय कमोडिटी बाजार में एक मानक धातु मानी जाती है और इसकी कीमत वैश्विक कारकों से निर्धारित होती है। भारत में गोल्ड ट्रेडिंग एमसीएक्स पर की जाती है।

### गोल्ड में कैसे करें निवेश

**भौतिक सोना :** गहने, सिक्के या बिस्किट के रूप में। **गोल्ड ईटीएफ :** स्टॉक एक्सचेंज में ट्रेड होने वाले डिजिटल गोल्ड। **सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड (एसजीबी) :** सरकार द्वारा जारी, ब्याज सहित सुरक्षित विकल्प। **गोल्ड फ्यूचर्स :** कमोडिटी एक्सचेंज पर अनुबंध आधारित ट्रेडिंग।

### महत्वपूर्ण बिंदु

निवेश के साथ-साथ बीमा की तरह देखा जाता है। एसजीबी और ईटीएफ जैसे विकल्प टैक्स लाभ भी देते हैं। निवेश से पूर्व वित्तीय लक्ष्यों व जोखिम क्षमता का मूल्यांकन करें।

### निवेश के लाभ

**मुद्रास्फीति से सुरक्षा :** महंगाई पर गोल्ड की कीमत बढ़ती है। **सुरक्षा :** संकट के समय में स्थिर निवेश विकल्प। **तरलता :** कभी भी बेचने की सुविधा। **पोर्टफोलियो विविधता :** स्टॉक्स या रियल एस्टेट से संतुलन बनाता है।

### जोखिम और चुनौतियां

**कीमत में उतार-चढ़ाव :** वैश्विक बाजार पर निर्भरता के कारण मूल्य अस्थिरता। भौतिक सोने में चोरी या मिलावट का खतरा। **फ्यूचर्स में जोखिम :** अनुबंध आधारित ट्रेडिंग जटिल हो सकती है। लॉन्ग टर्म पर रिटर्न सीमित होते हैं।

### सोच समझकर उठाया जाने वाला कदम

गोल्ड कमोडिटी में निवेश एक सुरक्षित, लेकिन सोच-समझकर उठाया जाने वाला कदम है। यदि सही माध्यम और रणनीति अपनाई जाए, तो यह दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता का सशक्त उपकरण बन सकता है।

## देश में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 14 महीने के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- जून में बढ़कर उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंचा

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गई। इससे उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी के साथ रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि का संकेत मिलता है। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक मई में 57.6 था। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार का संकेत देता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को बताता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''भारत का विनिर्माण पीएमआई जून में 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गया। मजबूत मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डरों और रोजगार सृजन में विस्तार को बढ़ावा दिया। जून में नए ऑर्डर में भी तेजी देखी गई। विस्तार की दर करीब एक साल में सबसे मजबूत थी। समिति के सदस्यों के अनुसार वृद्धि को विपणन प्रयासों और निर्यात में पर्याप्त वृद्धि से समर्थन मिला।

## बैंकिंग, वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड में निवेश 37 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र आधारित म्यूचुअल फंड में निवेश मई, 2025 में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 48,000 करोड़ रुपये हो गया। निवेश में उछाल का कारण इस क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन है। उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि इन कोषों ने पिछले साल 22 से 30 प्रतिशत तक का 'रिटर्न' दिया है, जो इस क्षेत्र के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों और बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में भारतीय बाजार में 22 बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड हैं।

मई, 2025 में इनकी संयुक्त प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 48,000 करोड़ रुपये की थीं। मई, 2024 में यह आंकड़ा करीब 34,971 करोड़ रुपये था। यह तीव्र वृद्धि बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा) क्षेत्र की दीर्घकालिक क्षमता में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है।

## कमजोर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर मांग घटने से कच्चे तेल की कीमत मंगलवार को दो रुपये घटकर 5,579 रुपये प्रति बैरल रह गई। एमसीएक्स में कच्चे तेल के अगस्त में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव दो रुपये या 0.04 प्रतिशत घटकर 5,579 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 15,230 लॉट का कारोबार हुआ। विप्रतिभागियों के दांव घटाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही। वैश्विक स्तर पर, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.92 डॉलर प्रति बैरल पर जबकि न्यूयॉर्क में ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत घटकर 64.92 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

## वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधार की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



- वित्त मंत्री ने चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव का किया आह्वान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विकास को समावेशी बनाने और समानता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे और क्रेडिट रेटिंग प्रणालियों में सुधार की जरूरत बतायी। उन्होंने स्पेन के सेविले में विकास के लिए वित्तपोषण (एफएफडी) पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव के आह्वान का समर्थन किया और विकसित देशों से जलवायु वित्त को बढ़ाने का आग्रह किया।

सीतारमण ने कहा कि खासकर नाजुक देशों में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए भरोसेमंद, सरल पहुंच और रियायती वित्त की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा, भारत समावेशी विकास और समानता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधारों का समर्थन करता है, जिसमें बहुपक्षीय विकास बैंकों (एकडीबी) में सुधार और निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग प्रणाली शामिल हैं। बहुपक्षीय विकास बैंक से दिये जाने वाले कर्ज को दीर्घकालीन विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए और मजबूत निगरानी ढांचे के जरिये इस पर नजर रखी जानी चाहिए ताकि कर्ज राशि का उपयोग उन्हीं मदों में किया जाए, जिसके लिए वे आये हैं। सीतारमण ने कहा कि कई देशों के लिए समावेशी और सतत विकास के लिए कर्ज एक संरचनात्मक बाधा बन गया है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान शुरू किए गए वैश्विक 'सॉवरेन डेट' गोलमेज सम्मेलन ने कर्ज के मामले में पारदर्शिता और ऋण पुनर्गठन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एहतियाती ऋण प्रबंधन के साथ-साथ जी-20 साझा रूपरेखा का प्रभावी कार्यान्वयन आवश्यक है।



### एक नजर

#### प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक, जादूगर बीवी पट्टाभिराम का निधन

**हैदराबाद।** जानेमाने मनोवैज्ञानिक, व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, जादूगर और लेखक बीवी पट्टाभिराम का दिल का दौरा पड़ने से यहां निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। पट्टाभिराम के मित्रों ने मंगलवार को बताया कि पट्टाभिराम का निधन 30 जून की रात में हुआ। पंद्रह भाई-बहनों वाले परिवार से ताल्लुक रखने वाले पट्टाभिराम ने जादू के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और अन्य दक्षिणी राज्यों में अपने जादू के शो के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। वह एक व्यापक रूप से प्रशंसित व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, परिवार और छात्रों के काउंसलर भी थे।

#### सरकार दवा संयंत्र के मृतकों के परिजनों को देगी मुआवजा

**तेलंगाना।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंधन से बातचीत कर पशम्यलारम में दवा संयंत्र में हुए विस्फोट में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए एक करोड़ रुपये का मुआवजा सुनिश्चित करेगी। साथ ही उन्होंने हादसे के बाद कंपनी प्रबंधन के वहां मौजूद न होने पर उसे कड़ी फटकार भी लगाई। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंत्रियों श्रीधर बाबू, दामोदर राजा नरसिम्हा, जी विवेक और पी ऋषिनिवास रेड्डी के साथ फैक्टरी में उस जगह का दौरा किया जहां विस्फोट हुआ था। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की।

# डिजिटल इंडिया ने अंतराल को पाटा : मोदी

## कहा- एक दशक पहले शुरू की गई पहल अब बन चुका जन आंदोलन, अवसरों को भी लोकतांत्रिक बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि एक दशक पहले शुरू की गई डिजिटल इंडिया' पहल ने संपन्न और वंचितों के बीच डिजिटल विभाजन को पाट दिया है और अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है जिससे यह एक जन आंदोलन बन गया है। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक भारतीयों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर संदेह किया जाता रहा, लेकिन उनकी सरकार ने इस दृष्टिकोण को बदल दिया और नागरिकों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर भरोसा किया।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को खत्म करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया। उन्होंने कहा, जब इरादा सही होता है, तो नवाचार कम सशक्त लोगों को सशक्त बनाता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो प्रौद्योगिकी हाशिये पर रहने वालों के जीवन में बदलाव लाती है। इस विश्वास ने डिजिटल इंडिया की नींव रखी जो पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, समावेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और सभी के लिए अवसर प्रदान करने का मिशन है। मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसमें 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल है जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है। उन्होंने कहा कि यह सबसे दूरदराज के गांवों को भी जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी दुनिया में सबसे तेजी से लागू हो रहा है, जिसमें केवल दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

### डिजिटल इंडिया के बड़े-बड़े वादे अधूरे और दावे फर्जी हैं: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को लेकर किए गए बड़े-बड़े दावों के बावजूद वादे अधूरे और दावे फर्जी हैं तथा इससे निजता को नुकसान पहुंचा है एवं पारदर्शिता भी कमजोर हुई है। इसके 10 साल पूरा होने के मौके पर खरगे ने उन गांवों और स्कूलों का हवाला दिया, जहां अभी तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी नहीं पहुंची है। उन्होंने सरकार के स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनियों- एमटीएनएल और बीएसएनएल पर बढ़ते कर्ज और साइबर अपराधों में वृद्धि का भी उल्लेख किया।

## मौलाना तेजस्वी चुनाव में हार भांपकर कर रहे हैं सांप्रदायिक राजनीतिः भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- विपक्षी गठबंधन एक विशेष समुदाय के सशक्तीकरण के लिए शरिया कानून लाने के लिए चाहता है सत्ता हासिल करना

भाजपा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर टिप्पणी को लेकर राजद के नेता तेजस्वी यादव को मंगलवार को मौलाना करार दिया तथा उनपर इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी महागठबंधन की आसन्न हार को भांपकर सांप्रदायिक आधार पर समाज के ध्रुवीकरण का प्रयास करने का आरोप लगाया।

यादव के इस दावे पर कि बिहार में विपक्षी महागठबंधन सत्ता में आने पर वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में डाल देगा, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन केवल एक विशेष समुदाय के सशक्तीकरण के वास्ते शरिया कानून लाने के लिए सत्ता हासिल करना चाहता है, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समाज के सभी वर्गों की प्रगति के लिए काम करता है। भाटिया ने यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा, ये नमाजवादी बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान नहीं चाहते। वे संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। वे केवल शरिया कानून चाहते हैं... वे केवल एक विशेष धर्म का सशक्तीकरण चाहते हैं। यादव पर मुस्लिम मतों के लिए 'सांप्रदायिक राजनीति' करने का आरोप लगाते हुए भाटिया ने कहा, जो लोग बाबा साहब के संविधान और संसद द्वारा पारित कानून को कूड़ेदान में डालने की बात कर रहे हैं, बिहार की जनता उनकी सांप्रदायिक राजनीति को कूड़ेदान में डाल देगी।

यादव ने रविवार को दावा किया था कि बिहार में सत्तारूढ़ राजग खत्म होने की राह पर है और विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व वाली राज्य की नई सरकार केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए गए वक्फ (संशोधन) अधिनियम को 'कूड़ेदान में डाल देगी।

## कई राज्यों में अगले छह-सात दिन में भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

- उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बरपेगा कहर

आईएमडी ने मंगलवार को कहा कि अगले छह .सात दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बहुत भारी स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। विभाग ने कहा कि इस अवधि के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मानसून सक्रिय रहेगा।

विभाग के अनुसार एमपी, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और झारखंड में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है जबकि झारखंड और ओडिशा में कुछ दिनों में भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने कहा कि कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात में कुछ स्थान पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने कहा कि सौराष्ट्र और कच्छ में भी अगले सात दिन में भारी बारिश हो सकती है जबकि इस अवधि के दौरान पूर्वोत्तर भारत में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। आईएमडी ने कहा कि तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक में सप्ताह के कुछ दिन में भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने सोमवार को, जुलाई में देश में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया था।

### प्रकृति का कहर



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में मंगलवार को बादल फटने के बाद ब्यास और सुकेती नदियों के संगम पर स्थित पंचवक्त्र महादेव मंदिर। एजेंसी

## आर्थिक अन्याय का हथियार बन गया जीएसटी : राहुल

- कहा-अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए किया डिजाइन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लागू होने के आठ साल पूरा होने के मौके पर मंगलवार को आरोप लगाया कि यह आर्थिक अन्याय का एक हथियार बन गया है तथा इसे प्रधानमंत्री मोदी के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मौजूदा जीएसटी प्रणाली में संशोधन की पैरवी की और कहा कि भारत एक ऐसी कर प्रणाली का हकदार है, जो केवल विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम करे। जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, आठ साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है।

## छात्रा से दुष्कर्म के तीनों आरोपी कॉलेज से निष्कासित

कोलकाता, एजेंसी

### साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज' के प्राधिकारियों ने लिया फैसला




कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म के सभी दोषियों को सख्त सजा देने की मांग को लेकर वकीलों ने एक विरोध रैली में हिस्सा लिया।

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के प्राधिकारियों ने कॉलेज की 24 वर्षीय छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के प्रमुख आरोपी की सेवा समाप्त करने के साथ ही मामले में दो अन्य सह आरोपियों को कॉलेज से निष्कासित कर दिया है। प्रमुख आरोपी मनोजित मिश्रा की नियुक्ति अपराध से जुड़ी उसकी गिरफ्तारी के बाद रद्द कर दी गई है। उसकी नियुक्ति कॉलेज के शासी निकाय की एक पूर्व सिफारिश पर एक अस्थायी कर्मचारी के रूप में की गई थी।

मिश्रा को कॉलेज के छात्र एवं सह-आरोपियों जैब अहमद और प्रोमित मुखर्जी के साथ गिरफ्तार किया गया था और उन्हें अब पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। तृणमूल कांग्रेस विधायक अशोक देब की अध्यक्षता में कॉलेज के शासी निकाय की एक बैठक के बाद प्राधिकारियों ने मिश्रा की सेवाएं समाप्त करने और दो छात्रों को निष्कासित करने की घोषणा की। देब ने कहा, मिश्रा की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया गया है जबकि दो अन्य को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाएगा। घटना के विरोध में छात्रों ने प्रदर्शन किया।

## समयपूर्व रिहाई की दोषी की याचिका खारिज करने का फैसला रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कानून की छात्रा प्रियदर्शिनी मट्टू के साथ 1996 में दुष्कर्म और हत्या करने जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे संतोष कुमार सिंह की समयपूर्व रिहाई संबंधी याचिका खारिज करने के सजा समीक्षा बोर्ड के फैसले को मंगलवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव नरुला ने कहा कि सिंह में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने मामला फिर से सजा समीक्षा बोर्ड (एसआरबी) के पास भेजते हुए उसे दोषी की समयपूर्व रिहाई की याचिका पर नए सिरे से विचार करने को कहा।

न्यायमूर्ति नरुला ने फैसला सुनाते हुए कहा, मैंने उसमें सुधार की गुंजाइश देखी है। एसआरबी के फैसले को रद्द किया जाता है और मैंने मामले को नए सिरे से विचार करने के लिए एसआरबी को वापस भेज दिया है। अदालत ने कैदियों की याचिकाओं पर विचार करते समय एसआरबी द्वारा पालन किए जाने वाले कुछ दिशानिर्देश भी दिए हैं।

## ओडिशा में कांग्रेस प्रदर्शनकारियों की टांगें तोड़ने के आईपीएस अधिकारी के निर्देश से उपजा विवाद

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा कैडर के एक आईपीएस अधिकारी ने पुलिसकर्मियों को कथित तौर पर कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की टांगें तोड़ने का निर्देश दिया और उन्हें उनके इस कार्य के लिए इनाम देने का आश्वासन दिया है। राज्य में विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस टिप्पणी की निंदा की है।

यह विवाद उस कथित वीडियो के वायरल होने के बाद शुरू हुआ जिसमें भुवनेश्वर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नरसिंह भोल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों को यह निर्देश देते नजर आ रहे हैं कि उनकी टांगें तोड़ दो और मुझसे इनाम ले लो। पीटीआई-भाषा स्वतंत्र रूप से वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका। पुलिस अधिकारी ने पुरी में भगदड़ को लेकर रविवार रात को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक प्रदर्शन रैली के दौरान यह कथित निर्देश दिया।

### इस कार्य के लिए इनाम देने का आश्वासन दिया

#### पुरी भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर कर रहे थे प्रदर्शन

पुरी में भगदड़ की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी है। इसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास के समक्ष प्रदर्शन कर रहे थे और आरोप लगा रहे थे कि भीड़ प्रबंधन में चूक हुई, जिसके कारण भगदड़ की घटना हुई। वायरल वीडियो में भोल को मुख्यमंत्री आवास के पास तैनात पुलिस कर्मियों को यह निर्देश देते हुए देखा गया कि वे किसी को भी अवरोधक तोड़ने न दें। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा, यह अत्यधिक निंदनीय है।

## एक नजर

### सरे ने डरहम के खिलाफ रिकॉर्ड 820 रन का स्कोर बनाया

**लंदन।** डोम सिबली की 10 घंटे की 305 रन की पारी और डैन लॉरेंस तथा विल जैक्स के तेज शतकों की बदौलत सरे ने किआ ओवल में 820-9 रन पर पारी घोषित की, जो क्लब के लंबे इतिहास में सबसे बड़ा प्रथम श्रेणी स्कोर है। 407-3 से आगे खेलते हुए, उन्होंने दूसरे दिन चाय के बाद तक बल्लेबाजी करते हुए 811 रन का 126 साल पुराना काउंटी रिकॉर्ड तोड़ा और कल 30 डिग्री के तापमान में डरहम की पीड़ा को और बढ़ा दिया। दिन की समाप्ति से पहले 28 ओवर की गेंदबाजी में, सरे ने कुछ चुनौतीपूर्ण गेंदबाजी के साथ जवाब में डरहम को 59-1 पर रोक दिया।

### रियू के शतक से इंग्लैंड अंडर-19 ने की सीरीज में बराबरी

**नॉर्थम्प्टन।** विकेटकीपर बल्लेबाज थॉमस रियू ने 131 रनों की धमाकेदार पारी खेलते हुए इंग्लैंड अंडर-19 टीम के लिए सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया और नॉर्थम्प्टन में इंडिया अंडर-19 के ख़िलाफ दूसरे यूथ वनडे में अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। रियू ने सिर्फ 73 गेंदों में शतक पूरा किया और 2012 में बेन फॉक्स द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाए गए 79 गेंदों के सबसे तेज अंडर-19 शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। रियू ने अपनी 89 गेंदों की पारी में 16 चौके और छह लंबे छक्के जड़े। टीम के कप्तान रियू ने रॉकी फ्लिंटॉफ (39) के साथ चौथे विकेट के लिए 21 ओवरों में 123 रनों की साझेदारी की। आखिरी ओवर में इंग्लैंड को जीत के लिए सात रन चाहिए थे और टीम के नौ विकेट गिर चुके थे। सेब मॉर्गन ने शानदार चौका तीन गेंद बाकी रहते टीम को जीत दिला दी और पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई।

### संन्यास से पहले भारत में टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं लियोन

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं। 37 वर्ष के आफ स्पिनर लियोन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 138 टेस्ट में 556 विकेट लिए हैं। भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाए हैं, लेकिन भारत में कभी भी श्रृंखला नहीं जीत सके। ऑस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मैं भारत में श्रृंखला जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी श्रृंखला जीतना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे पास यह मौका होगा, लेकिन हमें टेस्ट दर टेस्ट रणनीति बनानी होगी। हमें पहले वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन करना है। इसके बाद एशेज खेलनी है।

### अगस्त में भारत का बांग्लादेश दौरा अभी निश्चित नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम ने कहा है कि बीसीसीआई ने अब तक भारत के बांग्लादेश दौरे की पुष्टि नहीं की है, जो अगस्त में होना है। उनके अनुसार बीसीसीआई इस दौरे पर फैसला भारतीय सरकार से चर्चा के बाद लेगा। अमिनुल ने ढाका में बीसीबी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की छह घंटे लंबी बैठक के बाद कहा, मैंने बीसीसीआई से बात की है और चर्चाएं सकारात्मक रही हैं। हम आशावान हैं। यह सीरीज (अगले महीने) निर्धारित है लेकिन वे (भारत) अपने सरकार के कुछ निर्णयों का इंतजार कर रहे हैं। अगर भारत अगस्त में नहीं आ पाता है, तो वे अगली उपलब्ध विंडो में बांग्लादेश का दौरा करेंगे। बीसीसीआई ने बीसीबी को ऐसा वादा किया है। हालांकि इस दौरे को लेकर अनिश्चितता क्यों बनी है, इसका कोई कारण नहीं बताया गया। अमिनुल

### रॉयल्स को 6 खिलाड़ियों के 'ट्रेड-ऑफ' का प्रस्ताव मिला

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स 2026 आईपीएल के लिए अपनी टीम की संरचना पर फिर से विचार कर सकती है, जिसमें 6 खिलाड़ियों के लिए कई फ्रैंचाइजी ने 'ट्रेड-ऑफ' (खिलाड़ियों की अदला बदली) में दिलचस्पी दिखाई है। राजस्थान रॉयल्स ने द्वारा कोई नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन जिनके लिए ट्रेड-ऑफ की मांग होगी, उनमें से संजू सैमसन हो सकते हैं। सैमसन व राजस्थान की टीम फैसला करते हैं या नहीं इसका पता नहीं चल पाया है।

# भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

## दूसरे टेस्ट आज से : बल्लेबाजों की पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो ले सकें 20 विकेट

बर्मिंघम, एजेंसी

भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो पूरे 20 विकेट ले सकें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली।

सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है, जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें। डोइशे ने कहा कि रणनीति की बात करें तो हम हर गेंदबाज को व्यक्तिगत तौर पर देख रहे हैं कि वे विकेट ले सकते हैं या नहीं। हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम को पूरे 20 विकेट की जरूरत है। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। हम इस पर लगातार बात कर रहे हैं और हल निकालने की कोशिश में हैं। बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच के ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है।

**भारत-इंग्लैड पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला**



इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला ड्रॉ कराई थी। पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं।

इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा। पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे, लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले। ठाकुर ने पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन एक टेस्ट के बाद बाहर करना भी ज्यादती होगी। जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर भी संदेह है। अगर वह दूसरा टेस्ट नहीं खेलते हैं तो तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे। बुमराह के नहीं खेलने पर इस तिकड़ी को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी।

हेडिंग्ले में पांचवें दिन टर्निंग पिच पर कोई कमाल नहीं कर सके जडेजा अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे। पहले टेस्ट में भारत की कैचिंग काफी खराब रही और यशस्वी जायसवाल को स्लिप से हटाना पड़ गया। पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने कोई योगदान नहीं दिया जिसमें सुधार करना होगा। पहले मैच में शतक लगाने वाले केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल इस लय को कायम रखना चाहेंगे। साइ सुदर्शन और करूण नायर को खराब शुरुआत के बावजूद फिर मौका मिल सकता है।

दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने परिवार में इमरजेंसी के कारण मैच से नाम वापिस ले लिया है लेकिन क्रिस वोक्स की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण आत्मविश्वास से भरा है ।उन्होंने दो बार भारत के पूरे दस विकेट लिये थे ।

**इंग्लैंड :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**मैच दोपहर 3 :30 बजे**

# एंड्रयू फ्लिंटॉफ इंग्लैंड के अभ्यास सत्र में शामिल

बर्मिंघम, एजेंसी

- **मोईन अली ने की अभ्यास सत्र में शामिल शोएब बशीर की मदद**



भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अपनी पकड़ मजबूत करने के इरादे से इंग्लैंड युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। मोईन अली सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र में शामिल हुए थे और उन्होंने शोएब बशीर की मदद की जिससे यह युवा ऑफ स्पिनर बेहद उत्साहित दिखा।

बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से एक दिन पहले टीम के आखिरी अभ्यास सत्र में पूर्व दिग्गज हरफनमौला एंड्रयू फ्लिंटॉफ खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए दिखे। इंग्लैंड की टीम पिछले काफी समय से टेस्ट मैचों को आक्रामक रवैये के साथ खेल रही है और फ्लिंटॉफ से मुलाकात से टीम का हौसला बढ़ेगा। मैच की पूर्व संध्या पर स्टोक्स से इंग्लैंड के महान खिलाड़ियों को ड्रेसिंग रूम में वापस लाने के चलन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम नियमित तौर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ महान खिलाड़ियों से मदद लेने की कोशिश करते है। अभ्यास सत्र के दौरान इन पूर्व खिलाड़ियों की मौजूदगी से मौजूदा टीम के सदस्यों को काफी मूल्यवान सलाह मिलती है। आप इस तरह के माहौल में बातचीत कर सकते हैं। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि मोईन के साथ बातचीत के बाद बशीर उत्साहित थे। उन्होंने कहा कि हमेशा बोर्डरूम में या टेबल के चारों ओर बैठकर किसी खास चीज के बारे में बात करना जरूरी नहीं होता। मुझे लगता है कि बशीर का मोईन से मिलना अच्छा है। बशीर बिल्कुल उत्साहित हैं। जब हम ऐसे अनुभवी लोगों को ड्रेसिंग रूम में बुलाते है और वे अगर मौजूदा खिलाड़ियों को सलाह देते है तो यह टीम के लिए अच्छा है।

# ज़ाग्रेब में प्रज्ञानानंदा और गुकेश पर रहेगी नजर

ज़ाग्रेब (क्रोएशिया), एजेंसी

**ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट**





भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अपनी शानदार फॉर्म के कारण बुधवार से शुरू हो रहे ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट की तीसरी प्रतियोगिता में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे।

प्रज्ञानानंदा ने हाल में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है और अगर वह अपने इस प्रदर्शन को आगे भी जारी रखने में कामयाब होते हैं तो उन्हें रोकना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान काम नहीं होगा। वहीं, क्रोएशियाई चरण में विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के साथ-साथ मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश भी भाग लेंगे। आर प्रज्ञानानंदा को कार्लसन और गुकेश के अलावा अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव की कड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा।

ग्रैंड शतरंज टूर के पीछे गैरी कास्पारोव का दिमाग था, जो बॉबी फिशर के बाद पेशेवर शतरंज की अवधारणा शुरू करने वाले पहले व्यक्ति थे और आज युवा पीढ़ी इसका लाभ उठा रही है।

# स्टोक्स ने बुमराह फैक्टर को किया खारिज

- **इंग्लैंड के कप्तान ने खुद को पंत का बड़ा प्रशंसक बताया**

बर्मिंघम, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मंगलवार को जसप्रीत बुमराह के 5 में से केवल 3 टेस्ट मैचों में उपलब्ध होने को लेकर चल रही अटकलों को खारिज करते हुए इसे भारत की समस्या करार दिया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय टीम बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में कड़ी चुनौती पेश करेगी।

बुमराह लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे, लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला, जिससे भारतीय टीम मज़बूत स्थिति में होने के बावजूद हार गई। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाज़ इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। भारत ने अभी तक यह तय नहीं किया कि बुमराह इंग्लैंड में किन 3 टेस्ट मैचों का हिस्सा होंगे। उन्होंने एक मैच खेला है और उन्हें अब 4 मैचों में से 2 में खेलना है। इंग्लैंड की टीम हालांकि बुमराह को लेकर चिंतित नहीं है और उसका ध्यान श्रृंखला में अपनी बढ़त पर है। स्टोक्स ने मैच की पूर्व संध्या पर बुमराह से जुड़े सवाल का कहा, यह भारत की समस्या है। वे इससे निपट लेंगे। मैं इंग्लैंड का कप्तान हूं। भारतीय टीम के बारे में उन्होंने कहा, अच्छी टीम है। हमेशा कड़ी टक्कर देते हैं, मेहनत करते हैं। उसके खिलाड़ी जुनूनी हैं। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे खिलाड़ियों पर दबाव होता है लेकिन भारत की तरफ से विशेष कर क्रिकेट में अन्य टीमों की तुलना में अधिक दबाव होता है। पिछले सप्ताह जो कुछ हुआ वह अतीत की बात है। यह नया मैच है और हम इसमें फिर से नए सिरे से शुरुआत कर रहे हैं।

स्टोक्स ने खुद को ऋषभ पंत का बड़ा प्रशंसक बताया जिन्होंने पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाकर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। पंत के आक्रामक अंदाज को देखकर इंग्लैंड का कप्तान भी खुद को मुस्कुराने से नहीं रोक पाया था। स्टोक्स ने कहा, भले ही वह विपक्षी टीम में हो, लेकिन मुझे पंत को क्रिकेट खेलते हुए देखना पसंद है। मुझे वह तरीका पसंद है, जिससे वह खेल के सभी प्रारूपों में खेलता है। पंत एक टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए, जिससे क्रिकेट जगत ने उनकी प्रशंसा की।

# अल्काराज ने फोगनिनी को हराया



लंदन, एजेंसी

दो बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के पहले दौर के मुकाबले में फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और यह मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा। स्पेन के अल्काराज ने साढे चार घंटे चला मुकाबला 7-5, 6-7 (5), 7-5, 2-6, 6-1 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आ रहा कि यह उनका आखिरी विम्बलडन क्यो है। फोगनिनी इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कहने जा रहे हैं।

### पेगुला पहले दौर में कोकियारेटो से हारीं

**लंदन।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला विम्बलडन के पहले दौर में 116वीं रैंकिंग पर काबिज एलिसाबेटा कोकियारेटो से हार गईं। पेगुला इस टूर्नामेंट से पहले बैड होम्बर्ग ओपन का चैंपियन बन कर पहुंची थी। उन्होंने जर्मनी में घसियाले कोर्ट के इस टूर्नामेंट के फाइनल में इगा स्विएतेक को सीधे सेटों में हराया था।

### विंबलडन में भी मशीन ने संभाला लाइन जज का काम

दुनिया के कई प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंटों की तरह अब विंबलडन में भी इलेक्ट्रॉनिक मशीन ने लाइन जज का काम संभाल लिया है। दुनिया का सबसे पुराना ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट सोमवार को जब शुरू हुआ तो सबसे बड़ा बदलाव यही देखने को मिला कि लाइन जज की छुट्टी कर दी गई है और उनकी जगह इलेक्ट्रॉनिक मशीन लाइन से बाहर पड़ने वाली गेंद के लिए पहले से रिकॉर्ड की गई आवाज में आउट कह रही है।

# भारत के सामने इराक की चुनौती

चियांग माइ (थाईलैंड), एजेंसी

**एएफसी महिला क्वालीफायर**



भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सामने बुधवार को 2026 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप बी मैच में अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी इराक की चुनौती होगी। शुरुआती दोनों मैचों को एकतरफा जीतने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी प्रयोग करना जारी रखना चाहेगी।

तिमोर-लेस्ते के खिलाफ मैच के दौरान नाक की हड्डी में फ्रैक्चर से सौम्या गुगुलोथ इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं। भारत मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत के बाद 6 अंकों और +17 के गोल अंतर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। थाईलैंड भी 6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है उनका गोल अंतर +11 है। पहले ही तीन मैच खेल चुका है और उसके 4 अंक हैं। उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत होगी। ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए भारत और थाईलैंड के बीच होड़ रहने की संभावना है और दोनों टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में 5 जुलाई को एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारतीय कोच क्रिस्पिन छेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि टीम का पूरा ध्यान इराक के खिलाफ होने वाले मैच से 3 अंक पाने पर है। छेत्री ने कहा कि थाईलैंड के खिलाफ हमारा आखिरी मैच है, लेकिन अभी हमारा पूरा ध्यान इराक पर है। हमारी प्राथमिकता इराक के मैच में सकारात्मक सोच के साथ उतरने और जीत के लिए खेलने की है। विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज इराक ने तिमोर लेस्ते के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद मंगोलिया को 5-2 से हराकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली जीत दर्ज की थी।

# हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए टीम का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया ने 8 से 20 जुलाई तक 8 मैचों के यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए पुरुष टीम का ऐलान किया। हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिए आयोजित हुआ है। भारत ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलना है। हॉकी इंडिया ने कहा कि इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा। वे सीनियर टीम के लिए भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे। भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे। गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे। भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे जो 8 जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। शिवेंद्र ने कहा कि यह दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिए अहम प्लेटफॉर्म होगा, जिसमें उन्हें यूरोपीय हॉकी के ढांचे, स्वरूप और प्रवाह का पता चलेगा।



**गोलकीपर :** पवन, मोहित एच शशिकुमार, **डिफेंडर :** प्रताप लाकड़ा, वरूण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद, संजय (कप्तान), **मिडफील्डर :** पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, एम रविचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजिंदर सिंह, **फॉरवर्ड :** अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लाठे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह, **स्टैंडबाय :** अंकित मलिक, सुनील जोजो, सुदीप चिरमाको।

# मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

दुबई, एजेंसी

- **आईसीसी ने जारी की रैंकिंग शेफाली वर्मा 13वें और हरलीन देयोल 86वें स्थान पर पहुंची**



भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई । वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी।

मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाये थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की । मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है जो उनके करियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है। भारत की शेफाली वर्मा एक पायदान चढ़कर 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तानी स्पिनर सादियो इकबाल शीर्ष पर है।

### हरमनप्रीत के खेलने पर फैसला मैच से ठीक पहले



**ब्रिस्टल।** भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 से एक दिन पहले ब्रिस्टल में अभ्यास सत्र में वापसी की। उन्हें पिछले हफ्ते ईसीबी डेवलपमेंट इलेवन के खिलाफ टी-20 अभ्यास मैच के दौरान सिर पर गेंद लगी थी, जिसके बाद उन्होंने 5 मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला नहीं खेला था। हरमनप्रीत के खेलने को लेकर फैसला मैच के दिन ही लिया जाएगा। भारत की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा ने सोमवार को बताया, यह सकारात्मक संकेत हैं कि हरमनप्रीत आज अभ्यास सत्र में शामिल हुईं। अभ्यास सत्र के बाद उनका मूल्यांकन और निगरानी होगी। यह स्पष्ट नहीं है कि हरमनप्रीत को सिर में चोट कब और कैसे लगी, लेकिन उस मैच में उन्होंने 16 गेंदों में 28 रन बनाए थे, जिसमें 4 चौके थे। वह लेग स्पिनर सेरा ग्लेन की गेंद पर पगबाधा हुईं और भारत यह मैच 6 रन से हार गया था। उन्होंने प्री-सीरीज प्रेस वार्ता में भी भाग नहीं लिया और नॉटिंघम के पहले टी-20 में स्मृति मंधाना ने कप्तानी की, जो भारत ने 97 रन से जीता। मंधाना ने इस मैच में अपना पहला टी-20 शतक लगाया, जिससे भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वह तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाली पहली भारतीय और दुनिया की पांचवीं महिला क्रिकेटर बनीं।

# कजाकिस्तान: मुस्लिम महिलाओं के नकाब पहनने पर लगा प्रतिबंध

- बना कानून, सार्वजनिक स्थानों पर नहीं छिपा सकेंगी चेहरा

अस्ताना, एजेंसी

कजाकिस्तान ने मुस्लिम महिलाओं के नकाब लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही यह मध्य एशिया का पहला देश बन गया है, जिसने महिलाओं के नकाब लगाने पर पाबंदी लगा दी है।

कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने सोमवार को एक कानून पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कानून द्वारा परिभाषित सीमित मामलों को छोड़कर सार्वजनिक रूप से ऐसे कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जो किसी व्यक्ति के चेहरे को छिपाते हैं। कानून में हालांकि स्पष्ट रूप से धार्मिक पोशाक का नाम नहीं है, लेकिन समझा जाता है कि नकाब और बुर्का जैसे परिधानों को ध्यान में रखकर यह प्रतिबंध लगाया गया है।

नए कानून के तहत चेहरा ढकने वाले कपड़ों को विशिष्ट मामलों में जैसे आधिकारिक कार्यक्रमों, चिकित्सा कारणों, खराब मौसम से सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा उद्देश्यों के लिए या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी के वास्ते ही अनुमति दी गई है। इससे पहले, किर्गिस्तान ने जनवरी 2025 में सार्वजनिक स्थानों पर नकाब पर प्रतिबंध लगाने वाला एक कानून पारित किया था। वहां के सांसदों ने तर्क दिया कि इस तरह के धार्मिक परिधान सरकारी भवनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर व्यक्तियों की पहचान करना मुश्किल बनाते हैं।

# बार्सिलोना में 100 साल में सबसे गर्म रहा जून 2025 का महीना

**पेरिस।** स्पेन की राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि बार्सिलोना में जून का महीने 100 साल में सबसे गर्म दर्ज किया गया है। बार्सिलोना की कैन फैबरा वेधशाला ने औसत तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जोकि 1914 के बाद से सर्वाधिक है।

इससे पहले बार्सिलोना में जून में सबसे अधिक गर्मी 2003 में दर्ज की गई थी जब औसत तापमान 25.6 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम केंद्र ने कहा कि सोमवार 30 जून को इस महीने का एक दिन का सबसे अधिक तापमान 37.9 डिग्री दर्ज किया गया। बार्सिलोना आमतौर पर स्पेन की भीषण गर्मी से बचा रहता है, क्योंकि यह शहर पहाड़ियों और भूमध्यसागर के बीच, स्पेन के उत्तर-पूर्वी छोर पर स्थित है।

# जलवायु परिवर्तन का संकेत भी हैं बादल फटने की घटनाएं

बादल फटने का मतलब होता है, किसी स्थान पर बहुत ही कम समय में अत्यधिक मात्रा में वर्षा होना, जो सामान्य कई गुना तेज और भारी होती है। यह एक अत्यंत विनाशकारी प्राकृतिक घटना होती है, जिसके अचानक बाढ़, भूस्खलन और जानमाल की हानि जैसे परिणाम सामने आते हैं। भारतीय मौसम विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार मानसून के मौसम में ये घटनाएं अधिक होती हैं। पिछले कुछ वर्षों में बादल फटने की घटनाएं बढ़ी हैं। खासकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख और पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार ऐसी घटनाएं हुई हैं और 2010 के बाद से इन घटनाओं में तेजी देखी गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन इसका एक प्रमुख कारण हो सकता है। फिलहाल अधिकांश घटनाएं उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में हो रही हैं। आईएमडी और राज्य सरकारें अब अधिक अलर्ट जारी करने लगी हैं।



### बादल फटने का वैज्ञानिक अर्थ

जब किसी छोटे क्षेत्र में बहुत ही तीव्र गति से 100 मिमी या उससे अधिक वर्षा एक घंटे के भीतर हो जाती है तो उसे बादल फटना कहा जाता है। यह घटना आमतौर पर पहाड़ी क्षेत्रों में होती है। गर्म और नम हवा जब तेजी से ऊपर उठती है और ठंडी हवा से मिलती है, तब भारी मात्रा में जलवाष्प संघनित होकर अचानक भारी वर्षा के रूप में गिरती है। कई बार बादल ऊपरी वायुमंडल में अटक जाते हैं और जब वे एक जगह फटते हैं तो मूसलाधार वर्षा होती है।

### ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ रहीं घटनाएं

वैज्ञानिक धारणा है कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वायुमंडल में अधिक जलवाष्प धारण करने की क्षमता बढ़ जाती है। इससे अत्यधिक वर्षा की घटनाएं बढ़ती हैं। जलवायु परिवर्तन पर कई वैज्ञानिक रिपोर्टें कहती हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण बादल फटने जैसी घटनाएं अधिक तीव्र और बार-बार होने लगी हैं।

### ये होती है बर्बादी

बादल फटना विनाशकारी होता है। जानमाल की हानि तो होती ही है, सड़कें, इमारतें और पुल बहने जैसा ढांचागत नुकसान प्रभावित इलाके को कई साल पीछे धकेल देता है। कृषि भूमि और पशुधन की भारी बर्बादी होती है।

### कहर बरपाया था इन घटनाओं ने

- वर्ष 1970 में उत्तराखंड की अल्कनंदा घाटी में बादल फटने से भयंकर बाढ़ आई जिसमें सैकड़ों मौतें हुईं।
- वर्ष 2005 लद्दाख में बादल फटा, इसके बाद इतनी तेज बाढ़ आई कि कई गांव और तमाम लोग बह गए।
- वर्ष 2010 में जम्मू-कश्मीर के लेह में बादल फटने से दो सौ से ज्यादा मौतें हुईं। सेना को राहत कार्यों में लगाया।
- वर्ष 2013 में केदारनाथ में बादल फटने से बाढ़ और भूस्खलन हुआ, 5,000 से ज्यादा मौतें हुई थीं।
- वर्ष 2021 हिमाचल प्रदेश में बादल फटने के बाद कई मकान बह गए और दर्जनों की मौत हो गई।
- वर्ष 2023 में भी जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में लगातार ये घटनाएं हुईं। बचाव कार्यों में सेना लगाई गई।

### अब सामान्य से ज्यादा घटनाएं

बादल फटना एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसकी घटनाएं अब सामान्य से अधिक हो रही हैं। इसके पीछे स्थानीय भूगोल, मानसून की तीव्रता और मानव जनित जलवायु परिवर्तन जैसी कई वजहें हैं। जलवायु परिवर्तन संकेत दे रहा है कि हमें भविष्य में और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

## एक नजर

### ब्रिटेन में 156 साल पुरानी 'रॉयल ट्रेन' समाप्त होगी

**लंदन।** ब्रिटेन की 'रॉयल ट्रेन' अब जल्द ही अंतिम बार स्टेशन से रवाना होगी। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को कहा कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने स्वीकार किया है कि महारानी विक्टोरिया के समय से चल रही इस ट्रेन को बंद करने का समय आ गया है क्योंकि इसके परिचालन की लागत बहुत अधिक है। यह रॉयल ट्रेन नौ बोगियों का एक सुइट है। 2027 में इसके रखरखाव संबंधी मौजूदा अनुबंध खत्म होने से पहले इसकी सेवा को बंद कर दिया जाएगा। इस ट्रेन को महारानी विक्टोरिया ने 1869 में अपनी यात्राओं के लिए शुरू किया था।

### भारतीय नौसेना ने जहाज पर लगी आग पर काबू पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में पलाऊ के ध्वज वाले एक टैंकर में लगी आग पर काबू पा लिया तथा जहाज में सवार चालक दल के 14 भारतीय सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की। रविवार को जहाज से संकट की सूचना मिलने के बाद नौसेना ने तुरंत कार्रवाई की और अग्निशमन अभियान शुरू किया। संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से लगभग 80 समुद्री मील पूर्व में जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लग गई थी।

### भारत-फ्रांस की सेनाओं ने संयुक्त अभ्यास किया

**नई दिल्ली।** भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त परिचालन तैयारियों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए फ्रांस में दो सप्ताह का युद्धाभ्यास किया। फ्रांस की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 18 जून से एक जुलाई तक आयोजित भारत-फ्रांस सैन्य अभ्यास 'शक्ति' के लिये लगभग 50 बख्तरबंद और सामरिक वाहन और लड़ाकू जेट तैनात किए गए थे। विज्ञप्ति के अनुसार, इस अभ्यास में फ्रांसीसी सेना, विदेशी स्वयंसेवक सैनिक, साथ ही फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना तथा फ्रांसीसी नौसेना की विभिन्न इकाइयों के 500 से अधिक सैनिक और सैन्यकर्मी शामिल हुए। भारतीय दल के 90 कर्मी अभ्यास में शामिल हैं।

### पाकिस्तान में दो पुलिस दो कर्मियों की हत्या

**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में मंगलवार को अज्ञात हथियारबंद व्यक्ति ने कथित तौर पर गोली मारकर दो यातायात पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। बंदूकधारी ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में लोंगखेल रोड पर गुल बाज दखन के पास दोनों पुलिसकर्मियों को निशाना बनाया। पुलिस ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों की तैनाती चौक ताजाजई स्थित यातायात पुलिस चौकी पर थी। घटना के समय दोनों अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे।

# आर्थिक युद्ध का कृत्य था पहलगाम हमला

## न्यूयॉर्क में जयशंकर ने कहा- परमाणु ब्लैकमेल की पाकिस्तान की नीति भारत को रोक नहीं पाएगी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमला आर्थिक युद्ध का नया कृत्य था जिसका मकसद कश्मीर में पर्यटन खत्म करना था। उन्होंने कहा कि भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि परमाणु 'ब्लैकमेल' की पाकिस्तान की नीति भारत को पड़ोसी देश से उत्पन्न आतंकवाद का जवाब देने से नहीं रोक पाएगी।

जयशंकर ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान से प्रेरित कई आतंकवादी हमले हुए हैं और 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश में यही भावना है कि अब बहुत हो गया। समाचार पत्रिका 'न्यूजवीक' के सीईओ देव प्रगाद के साथ मैनहट्टन में 9/11 स्मारक के पास वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर स्थित प्रकाशन के मुख्यालय में आयोजित एक बातचीत के दौरान आई उन्होंने यह टिप्पणी की। जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमला एक आर्थिक युद्ध का कृत्य था। इसका उद्देश्य कश्मीर में पर्यटन को तबाह करना था, जो वहां की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। इसका उद्देश्य धार्मिक हिंसा को भड़काना भी था क्योंकि लोगों को मारने से पहले उनसे उनके धर्म के बारे में पूछा गया था।

उन्होंने कहा, इसलिए हमने तय किया कि हम आतंकवादियों को दंडित किए बिना नहीं छोड़ सकते। वे सीमा के उस तरफ हैं और इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकती, मुझे लगता है कि इस तरह के विचार को चुनौती देने की आवश्यकता है और हमने यही किया। जयशंकर अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं और मंगलवार को चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद 'क्वाड' के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी जाएंगे। 'क्वाड' चार देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका का समूह है। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' (द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म) शीर्षक वाली एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करके की।



न्यूयॉर्क में एक बैठक के दौरान जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया के साथ जयशंकर।

### पाकिस्तान में कॉरपोरेट मुख्यालय जैसे हैं आतंकी ठिकाने

जयशंकर ने कहा कि भारत के खिलाफ हमलों को अंजाम देने वाले पाकिस्तान के आतंकवादी गुप्त रूप से काम नहीं करते हैं और इन आतंकी संगठनों के पाकिस्तान के घनी आबादी वाले शहरों में कॉरपोरेट मुख्यालय सरीखे ठिकाने हैं। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि संगठन 'ए' और संगठन 'बी' का मुख्यालय क्या है और ये वे इमारतें, मुख्यालय हैं जिन्हें भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में नष्ट कर दिया।

# भारत और अमेरिका के बीच मजबूत आर्थिक संबंध, इन्हें चीन के नजरिए से देखना भ्रामक

- कहा- भारतीय समुदाय देता है अमेरिका में बड़ा योगदान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों को केवल चीन के नजरिये से आंकना उनका बहुत अधिक सरलीकरण है और कई बार यह भ्रामक भी हो सकता है।

उनसे पूछा गया था कि भारत-अमेरिका के संबंध किस हद तक चीन के संदर्भ में उसका रुख जाहिर करते है। जयशंकर ने 'वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' में न्यूजवीक के मुख्यालय में उसके सीईओ देव प्रगाद के साथ बातचीत के दौरान कहा, भारत-अमेरिका संबंध कई अन्य पहलुओं से जुड़े हुए हैं, जैसे कि बड़ा भारतीय समुदाय जो अमेरिका में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह 'गेम-चेंजर' साबित होगा। इसका चीन से कोई लेना-देना नहीं है। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वाशिंगटन और दिल्ली के बीच बहुत मजबूत आर्थिक संबंध हैं।

उन्होंने कहा, हमारे व्यापार के आंकड़ों को देखें और उस व्यापार की हमारी संबंधित अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रासंगिकता को देखें। हमारे प्रौद्योगिकी संपर्क को देखें। रक्षा या सुरक्षा सहयोग को भी चीन से जोड़ने की प्रवृत्ति है, लेकिन हम वैश्विक नौवहन के लिए अरब सागर को सुरक्षित रखने के वास्ते काम करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य की कुछ वास्तविकताएं हैं और उनमें से एक यह है कि अमेरिका और चीन के बीच का रिश्ता अब वैसा नहीं रहा जैसा पहले हुआ करता था। इसमें अब काफी अधिक प्रतिस्पर्धात्मकता आ गई है।

जयशंकर ने कहा, साफ तौर पर कहूं तो, जहां तक हमारा सवाल है, हम इन दोनों देशों (अमेरिका और चीन) को इस नजरिए से देखते हैं कि उन्होंने एक-दूसरे को लेकर अपनी-अपनी सोच तय कर ली है। निश्चित रूप से इसमें रणनीति भी शामिल होगी। वे एक-दूसरे के प्रति एक व्यापक रणनीतिक दृष्टिकोण रखते हैं।

# ट्रंप पर फिर भड़के मस्क नई पार्टी बनाने का आह्वान

- कहा- पागलपन भरे बिल से आम अमेरिकियों को होगा बड़ा नुकसान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रमुख कानून वन बिग ब्यूटीफुल बिल पर तीखा हमला करते हुए अरबपति एलन मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का आह्वान किया है। मस्क ने कहा, इस पागलपन भरे विधेयक में रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर की ऋण सीमा वृद्धि से आम अमेरिकियों को बहुत नुकसान होगा।

मस्क ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, इस विधेयक के पागलपन भरे खर्च से यह स्पष्ट है जो ऋण सीमा को रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर तक बढ़ाता है कि हम एक पार्टी वाले देश में रहते हैं - पोर्की पिग पार्टी! एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है जो वास्तव में लोगों की परवाह करती है। ट्रंप के प्रमुख व्यय बिल 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' की आलोचना उन्होंने ऐसे समय में की है जब एक सप्ताहांत की बातचीत और देरी के बाद सीनेट में घरेलू नीति विधेयक का मैराथन मतदान सत्र चल रहा है।

सीएनएन के मुताबिक सीनेट के बहुमत नेता जॉन थून ने सदन में संवाददाताओं को बताया, उम्मीद है कि हम जल्द ही जान जाएंगे कि क्या रिपब्लिकन के पास विधेयक को पारित करने के लिए वोट हैं। उन्होंने कहा, इसमें थोड़ा समय लग सकता है। मस्क ने रिपब्लिकन विरोधी बयानबाजी को बढ़ा दिया है, विधेयक के 'पागलपन खर्च' की आलोचना की और दावा किया कि यह रिपब्लिकन पार्टी को डेमोक्रेट से अलग नहीं दिखाता है।

### समर्थन जुटाने में जुटे रिपब्लिकन सांसद

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में ट्रंप के महत्वाकांक्षी विधेयक पर बहस मंगलवार को भी जारी रही। सोमवार को रात भर हंगामेदार सत्र में रिपब्लिकन सांसद जहां इस विधेयक के लिए समर्थन जुटाने की कवायद में लगे नजर आए। विपक्षी डेमोक्रेट सदस्य इसे गिराने के लिए पेश संशोधनों को पारित कराने की कोशिशों में लगे रहे। सीनेट में बहुमत के नेता और साउथ डकोटा से रिपब्लिकन सीनेटर जॉन थून अपनी पार्टी के उन सदस्यों के बीच समझौता कराने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, जो इस बात से चिंतित हैं कि विधेयक में 'मेडिकेड' में प्रस्तावित कटौती से लाखों लोग स्वास्थ्य देखभाल बीमा से वंचित हो जाएंगे।

# थाईलैंड: अदालत ने प्रधानमंत्री शिनावात्रा को किया निलंबित

- फोन पर सेना विरोधी बातचीत लीक होने के मामले में कार्रवाई

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री पी शिनावात्रा को कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ फोन पर हुई उनकी सेना विरोधी बातचीत के लीक होने के मामले की जांच होने तक निलंबित करने का आदेश दिया है।

अदालत ने संविधान उल्लंघन को लेकर सुश्री शिनावात्रा के खिलाफ दायर याचिका को आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। नेशन थाईलैंड की रिपोर्ट के अनुसार न्यायाधीशों ने मंगलवार को सर्वसम्मति से शिनावात्रा पर नैतिकता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर विचार किया और उन्हें पद से निलंबित करने के लिए सात से दो मतों से मतदान किया।

गौरतलब है कि शिनावात्रा को कंबोडिया के साथ हालिया सीमा विवाद से निपटने के तरीके को लेकर देश में बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 28 मई को हुआ एक सशस्त्र टकराव शामिल है। इसमें एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया था।

### इक्वाडोर: पूर्व उपराष्ट्रपति को 13 साल की कैद

**क्विटो।** इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लास को 2016 में आए विनाशकारी भूकंप के बाद पुनर्निर्माण के लिए रखे गए सार्वजनिक धन के गबन के मामले में 13 साल जेल की सजा सुनाई गयी है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। इक्वाडोर के समाचार पत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधिकरण द्वारा छह दिनों की सुनवाई के बाद सर्वसम्मति से यह सजा सुनाई गई।

# यूक्रेन ने 1300 किमी दूर रूस में औद्योगिक संयत्र को बनाया ड्रोन हमले का निशाना

- दोनों देशों में अपनी ड्रोन तकनीक को बेहतर बनाने और उसके इस्तेमाल की बढ़ी होड़

**कीव।** यूक्रेन ने देश से लगभग 1,300 किमी दूर एक रूसी औद्योगिक संयंत्र पर ड्रोन से हमला किया है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हथियारों के विकास को प्राथमिकता दी है और रूस ने जून में यूक्रेन पर रिकार्ड संख्या में ड्रोन हमले किए हैं।

रूस द्वारा फरवरी 2022 में पड़ोसी देश यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने के बाद तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध में दोनों पक्षों के बीच ड्रोन तकनीक को बेहतर बनाने और युद्ध के मैदान में उनका उपयोग बढ़ाने की होड़ लगी हुई है। दोनों देशों ने परिष्कृत और घातक ड्रोन तैनात किए हैं, जिससे युद्ध नए हथियारों के लिए परीक्षण का मैदान बन गया है। यूक्रेन पर रूस की ओर से लगभग 1,000 किलोमीटर लंबे मोर्चे पर कई जगहों पर भारी दबाव है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि उसकी रक्षा अधिकांश स्थानों पर मजबूत बनी हुई है। हाल ही में सीधे शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई है, इसलिए अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के बावजूद रूस और यूक्रेन हथियार भंडार बढ़ा रहे हैं।

## अनुष्ठान



महाराष्ट्र के सोलापुर के अकलुज में संत तुकाराम महाराज की पालकी यात्रा के दौरान वृत्ताकार रिंगन नामक अनुष्ठान में भाग लेते भक्त। असल में यह एक गोलाकार घेरे में प्रतीकात्मक घोड़ों के पीछे नंगे पैर दौड़ने की एक पुरानी प्रथा है, जो आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता का प्रतीक है। एजेंसी

# एक महीने के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जुलाई 2025 के लिए मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के दो साल के कार्यकाल का हिस्सा है। पाकिस्तान जनवरी 2025 में दो साल के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया था। पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में भारी समर्थन के साथ सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया और उसे 193 में से 182 वोट मिले थे। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता का पद मासिक आधार पर 15 सदस्यों के बीच वर्णानुक्रम में बदलता रहता है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद ने सरकारी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान से कहा, पाकिस्तान की अध्यक्षता पारदर्शी, समावेशी और उत्तरदायी होगी।

# नीट यूजी में बिजली गुल दोबारा परीक्षा का आदेश

इंदौर, एजेंसी

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने चिकित्सा क्षेत्र के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चार मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के दौरान बिजली गुल हो जाने से प्रभावित उम्मीदवारों की दोबारा परीक्षा लिए जाने का आदेश दिया है।

उच्च न्यायालय ने देश के सभी नागरिकों के लिए समानता और न्याय के सिद्धांत को स्थापित करने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का हवाला देते हुए कहा है कि इन उम्मीदवारों की कोई भी गलती न होने के बावजूद उन्हें बिजली कटौती के कारण नुकसानदेह स्थिति में डाल दिया गया था। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने नीट-यूजी के कई उम्मीदवारों की याचिकाओं पर सभी संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला पिछले माह सुरक्षित रख लिया था।



- मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के फैसले का 75 अभ्यर्थियों को मिलेगा लाभ

याचिकाकर्ताओं के वकील मृदुल भटनागर ने बताया कि उन्हें अदालत के 23 जून के आदेश की प्रति मिल गई है। उन्होंने बताया कि इंदौर और उज्जैन में हुई नीट-यूजी परीक्षा में बैठे करीब 75 उम्मीदवारों को इस आदेश का फायदा मिलेगा जिनके परीक्षा केंद्र में बिजली गुल हो गई थी।

# कोर्ट ने रूस के पूर्व उप रक्षामंत्री को 13 साल की सजा सुनाई

**मॉस्को।** रूस के पूर्व उप रक्षा मंत्री को मंगलवार को गबन और धन शोधन के जुर्म में दोषी ठहराया गया और उन्हें 13 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

इस मामले ने बड़े सैन्य भ्रष्टाचार को उजागर किया था, जिसे यूक्रेन में मॉस्को की सैन्य असफलताओं के लिए व्यापक रूप से जिम्मेदार ठहराया गया था। तिमूर इवानोव सैन्य भ्रष्टाचार की व्यापक जांच में सबसे चर्चित व्यक्ति है, जिसमें पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के करीबी कई अन्य शीर्ष अधिकारी भी शामिल थे। शोइगु पूर्व वरिष्ठ अधिकारी थे और उनके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से व्यक्तिगत संबंध हैं। उन्हें रूस की सुरक्षा परिषद के सचिव का नया उच्च-स्तरीय पद दिया गया। इवानोव(49) को 2016 में उप रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था।

## श्रद्धा

मौके पर ही शुरू हुआ पंजीकरण, कल से कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगी यात्रा

# अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जम्मू, एजेंसी

जम्मू में प्रशासन की ओर से अमरनाथ यात्रा के लिए मौके पर ही पंजीकरण शुरू किए जाने के बाद मंगलवार को देशभर से सैकड़ों श्रद्धालु यहां जम्मू पहुंचे। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर की यात्रा औपचारिक तौर पर तीन जुलाई को शुरू होगी।

दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय तीर्थयात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों से शुरू होगी। इसमें अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग है। प्राधिकारियों ने यात्रा के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



यात्रा से पहले जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर में जोश में नजर आए तीर्थयात्री।

तीर्थयात्रियों का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। उप संभागीय मजिस्ट्रेट मनु हंसा ने कहा, अमरनाथ यात्रा के लिए देश के अन्य भागों से जम्मू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए मौके पर पंजीकरण शुरू हो गया है। यहां शालीमार इलाके में अपंजीकृत श्रद्धालुओं के लिए मौके पर ही पंजीकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि पुरानी मंडी स्थित राम मंदिर परिसर में साधुओं के पंजीकरण के लिए विशेष शिविर बनाया गया है।

उन्होंने कहा, पंजीकरण वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा समेत तीन केंद्रों पर किया जा रहा है। सरस्वती धाम एकमात्र केंद्र है, जहां से भक्त टोकन प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण केंद्र सुबह सात बजे खुल गए। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू स्थित राम मंदिर में साधुओं का पंजीकरण शुरू हो गया है और उनके लिए सभी इंतजाम किये गये हैं। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से 300 से अधिक साधु राम मंदिर परिसर में पहुंचे हैं, जो उनके लिए आधार शिविर है। उन्होंने बताया कि यहां उनके लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 1,600 से अधिक तीर्थयात्री कल कश्मीर की अपनी आगे की यात्रा पर जाने के लिए यहां भगवती नगर आधार शिविर पहुंचे हैं।

### ठहराव केंद्रों पर 50 हजार लोगों के खाने की व्यवस्था

संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने बताया, जम्मू क्षेत्र में लखनपुर से बनिहाल तक विभिन्न ठहराव केंद्रों पर 50,000 से अधिक लोगों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। इस उद्देश्य के लिए कुल 106 आवास केंद्र स्थापित किए गए हैं। कुमार ने बताया कि यात्रा दो जुलाई को जम्मू से शुरू होगी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कड़ी सुरक्षा के बीच भगवती नगर आधार शिविर से इसे हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने कहा, यात्रा औपचारिक रूप से तीन जुलाई को कश्मीर से शुरू होगी। अमरनाथ यात्रा के लिए यहां पहुंचे तीर्थयात्रियों में उत्साह साफ देखा जा सकता है। भगवती नगर आधार शिविर में पहुंचे पंजाब के संतोख सिंह ने कहा कि यह नौवीं बार है जब वह अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए आए हैं।